







# जन एक्सप्रेस

लखनऊ

वर्षः 14 | अंकः 274

मूल्यः ₹3.00/-

पेज : 12

@janexpressnews | janexpresslive | janexpresslive | www.janexpresslive.com/epaper

मंगलवार | 18 जुलाई, 2023




## आगरा और मथुरा में 45 साल बाद बाढ़

### मथुरा की 52 कॉलोनियों में भरा पानी, डूबने से 1 की मौत, छतों पर रात गुजार रहे लोग

जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली/मथुरा/आगरा

- मथुरा में 45 साल बाद बाढ़ का दिखाई दिया रौद्ररूप, चहुंओर भयावह मंजर
- यमुना का जलस्तर खतरे के निशान से एक मीटर ऊपर पहुंचा
- एनडीआरएफ ने अब तक 500 लोग पानी से सुरक्षित बाहर निकाले

दिल्ली में यमुना नदी के वाटर लेवल में गिरावट हुई। अब यमुना का पानी यूपी के आगरा-मथुरा में बाढ़ का रूप ले रहा। यमुना का पानी आगरा में ताजमहल तक आ चुका है। मथुरा में यमुना डेंजर लेवल से 1 मीटर ऊपर बह रही हैं। इसके चलते नदी के आस-पास के मंदिरों के कपाट बंद कर दिए गए हैं। वहीं 52 कॉलोनियों में भी पानी भर गया है। एनडीआरएफ ने अब तक 500 लोगों को सुरक्षित राहत शिविर में पहुंचाया। इसके अलावा अभी भी बहुत सारे लोग बाढ़ में फंसे हुए हैं। लोग छतों पर रात काट रहे हैं। वहीं सोमवार सुबह हिमाचल प्रदेश के कुल्लू के कायस गांव में बादल फट गया। इससे एक की मौत हो गई और 3 घायल हैं। 9 गाड़ियां पानी में बह गईं। कुल्लू के ही खराहल में भी आधी रात को बादल फटा, नाले में बाढ़ से नेउली स्कूल और कई घरों में पानी भर गया। एक गाड़ी भी चपेट में आई है।

### आगरा में घाट पर बैरिकेडिंग, नोएडा-सहारनपुर में बारिश

आगरा में यमुना नदी के घाट के रास्तों पर बैरिकेडिंग कर दी गई है। ताकि लोग सेल्फी-तस्वीर लेने के लिए घाट तक न जाए। आगरा में शहर के अंदर पानी पहुंच चुका है। लोगों को एहतियात के साथ घर से निकलने के लिए कहा गया है। वहीं, सोमवार सुबह से मथुरा, नोएडा और सहारनपुर में बारिश हो रही है। एक तरफ, यमुना में आई बाढ़ से हर तरफ हाहाकार मचा हुआ है। दूसरी तरफ, ब्रजवासी यमुना के इस स्वरूप को देखकर श्रद्धा से सराबोर हैं। वृंदावन के ज्ञान गुदड़ी में यमुना का पानी पहुंचने पर पूजा-अर्चना की गई। मान्यता है कि इस स्थान पर यमुना का जल भगवान से मिलने आता है। यह स्थान यमुना की मुख्य धारा से करीब 2 किमी शहर में अंदर है। इससे पहले यहां यमुना का जल 2010 में आया था।

### 45 साल बाद यमुना का जल कालिदह मंदिर पहुंचा

यमुना ने सबसे पहले केशीघाट पर बने प्राचीन यमुना मंदिर में प्रवेश किया। इसके बाद वहां बने हनुमान मंदिर में भी यमुना का पानी पहुंच चुका है। पूजन के बाद यहां कपाट बंद कर दिए गए हैं। इसके बाद यमुना का जल कालिदह मंदिर पर भी पहुंच गया है। इस स्थान पर द्वापर में भगवान श्री कृष्ण ने यमुना में रहकर जल को जहरीला कर रहे कालिया नाग को नाथा था।

### बाकी राज्यों में मौसम का क्या हाल है

- देश के कई राज्यों में बाढ़, जलभराव से लेकर भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। आईएमडी के अनुसार, मॉनसून का एक्टिव फेज शुरू होने वाला है। ओडिशा और उससे सटे गंगीय पश्चिम बंगाल और झारखंड में कम दबाव का क्षेत्र बना है। इसके चलते अगले पांच दिनों में मध्य और पूर्वी भारत में भारी बारिश होने की संभावना है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड जैसे पर्वतीय राज्यों में और तबाही देखने को मिल सकती है।
- आईएमडी के मुताबिक, उत्तरी पंजाब, दक्षिणी हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तर राजस्थान, पूर्वी उत्तर प्रदेश, दक्षिणी मध्य प्रदेश, गुजरात, विदर्भ, तटीय ओडिशा, तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, उत्तरी तमिलनाडु, सिक्किम, असम, मेघालय और नगालैंड में बारिश हो सकती है।
- कर्नाटक के तटीय जिलों दक्षिण कन्नड़, उडुपी और उत्तर कन्नड़ में भारी बारिश की संभावना के चलते 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है। येलो अलर्ट का मतलब है कि छह से 11 सेंटीमीटर (सेमी) तक भारी बारिश हो सकती है।

### 20 महीने बाद दारा सिंह चौहान की घर वापसी: बीजेपी ज्वॉइन करके कहा

## दुनिया की कोई ताकत मोदी को पीएम बनने से नहीं रोक सकती

- भाजपा में वापसी के साथ ही उन्होंने कहा कि आज मैं फिर से परिवार का हिस्सा बन गया
- प्रधानमंत्री का कोई विकल्प नहीं है, देश ही नहीं दुनिया ने उनके नेतृत्व को स्वीकार किया है

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

समाजवादी पार्टी से 18 माह बाद दारा सिंह चौहान ने भारतीय जनता पार्टी में वापसी कर ली। जनवरी 2022 में वे यूपी चुनाव से पहले भाजपा छोड़कर सपा में गए थे। अखिलेश यादव के नेतृत्व को स्वीकार किया था। सराहा था। अब उनका पार्टी से मोहभंग हो चुका है। भाजपा में वापसी के साथ ही उन्होंने कहा कि आज मैं फिर से परिवार का हिस्सा बन गया। इसके लिए मैं पीएम नरेंद्र मोदी, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह, पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा, सीएम योगी आदित्यनाथ, प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य और ब्रजेश पाठक का आभार जताता हूं।



### यूपी की सभी 80 सीटों पर हम जीत दर्ज करेंगे

- भाजपा में वापसी के साथ हुंकार भरते हुए उन्होंने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कोई विकल्प नहीं है। देश ही नहीं दुनिया ने उनके नेतृत्व को स्वीकार किया है। दुनिया के अधिकांश देश उनके नेतृत्व को स्वीकार कर रहे हैं। दारा सिंह चौहान ने कहा कि मैं दावे के साथ कहता हूं कि देश में तीसरी बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा की सरकार बनने जा रही है। दुनिया की कोई ताकत इसे नहीं रोक सकती। दारा सिंह चौहान ने भाजपा कार्यालय में कार्यकर्ताओं और पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा कि अब मैं भाजपा का सदस्य हो गया हूं। अब मैं शांति से बैठने वाला नहीं हूं। अभी से हमारी तैयारी शुरू हो जाएगी। मैं उत्तर प्रदेश के हरेक लोकसभा सीट तक जाउंगा और पार्टी को हर सीट पर जीत दिलाने के लिए अपनी तरफ से प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि पूर्वांचल में पहले से ही पार्टी के पक्ष में लहर चल रही है। कुछ लोग आजमगढ़ में भले ही मुकाबला कड़ा होने की बात कर रहे हैं। मैं दावे के साथ कहता हूं कि उप चुनाव की तरह 2024 चुनाव में भी भाजपा इस सीट पर अपार बहुमत से जीत दर्ज करने वाली है। यूपी की सभी 80 सीटों पर हम जीत दर्ज करेंगे।

### पार्टी को मिलेगी मजबूती

पार्टी की सदस्यता दिलाने के बाद प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी ने कहा कि दारा सिंह चौहान ने भाजपा के प्रति अपनी आस्था जताई है। वे पार्टी के पुराने सदस्य रहे हैं। उनकी वापसी से पार्टी को ताकत मिलेगी। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के वरिष्ठ नेता, गरीबों-पिछड़ों की आवाज उठाने वाले पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान ने पीएम मोदी के नेतृत्व में निकली विकास यात्रा को अपना समर्थन दिया है। भाजपा की सदस्यता ग्रहण की है। मैं उनका पार्टी परिवार में स्वागत करता हूं। साथ ही, उनके साथ पार्टी में वापसी करने वाले समर्थकों का भी स्वागत करता हूं।

### 2024 में यूपी में एकतरफा कमल खिलेगा

उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि पूर्व मंत्री दारा सिंह चौहान का भाजपा परिवार में स्वागत है। 2014 के लोकसभा चुनाव में यूपी में भाजपा ने 73 सीटें जीती थीं। 2019 में महागठबंधन के सामने हमने 64 सीटें जीती। हम 2024 में तीसरी बार केंद्र में सरकार बनाने जा रहे हैं जिसके लिए 80 सांसदों की फौज खड़ी हो रही है। मौर्य ने कहा कि दारा सिंह देश की राजनीति समझने वाले हैं। गृहमंत्री अमित शाह से मुलाकात के बाद हम समझ गए थे कि अब उनके भाजपा में शामिल होने में देर नहीं लगेगी। 2024 में यूपी में एकतरफा कमल का फूल खिलेगा।

### बसपा से शुरू किया था अपना राजनीतिक करियर

दारा सिंह चौहान ने अपना राजनीतिक करियर बसपा से शुरू किया था। 1996 और 2000 में दारा सिंह राज्यसभा के सदस्य रह चुके हैं। 2009 का लोकसभा चुनाव दारा सिंह ने बसपा के टिकट पर घोसी सीट से लड़ा और जीता था। 2015 में दारा सिंह ने भाजपा ज्वॉइन की और 2017 के यूपी विधानसभा चुनाव लड़ा। इसके बाद 2022 में भाजपा से इस्तीफा देकर सपा में शामिल हो गए।

### पिछड़े समाज के बड़े नेता हैं दारा सिंह चौहान: पाठक

भारतीय जनता पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने के बाद डिप्टी सीएम बृजेश पाठक ने तारा सिंह चौहान का स्वागत करते हुए कहा कि वे पिछड़े समाज के बड़े नेता हैं। वे योगी सरकार में मंत्री रह चुके हैं। पार्टी में एक बार फिर उनकी वापसी पर हम उनका स्वागत करते हैं। बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा के पास देश ही नहीं, दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता नरेंद्र मोदी हैं। उनके नेतृत्व और मार्गदर्शन में यूपी सरकार सबका साथ, सबका विकास के नारे के साथ यूपी में हम सबको साथ लेकर चलने की कोशिश कर रहे हैं। सर्व समाज के लोग भाजपा के साथ लगातार जुड़ रहे हैं। 2014 के बाद से भाजपा ने जिस प्रकार से अपनी यात्रा की है, उसमें सभी वर्गों में भाजपा की पैठ बढ़ी है। सभी वर्ग के लोग पार्टी से जुड़ रहे हैं। पीएम मोदी की गरीब कल्याण योजनाओं को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। बृजेश पाठक ने कहा कि भाजपा के विशाल परिवार में अपने कार्यों से दारा सिंह चौहान ने अलग पहचान बनाई थी। भले ही बीच में वह कहीं गए हों लेकिन भाजपा परिवार लगातार उनके संपर्क में रहे। अब वे एक बार फिर अपने घर में वापस लौटे हैं। उन्होंने हमेशा भाजपा को अपना घर माना है। उनका सहयोग और आशीर्वाद हमेशा हमारे साथ रहा है।

### खुफिया के सूत्रों के अनुसार उमेश पाल हत्याकांड में फरार गुड्डू मुस्लिम की गोवा में लोकेशन मिली है

## उत्तर प्रदेश पुलिस बहा रही पसीना गोवा में मस्ती कर रहा गुड्डू मुस्लिम

- सूचना मिलते ही गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम को गोवा भेजा गया है
- कड़े सुरक्षा घेरे में अतीक अहमद की हत्या के बाद तमाम कयासों के बीच उसकी तलाश और तेज हो गई थी
- माफिया अतीक का बमबाज गुड्डू मुस्लिम 24 फरवरी के बाद से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है

जन एक्सप्रेस | डॉ. वैभव शर्मा



फाइल फोटो

लखनऊ। यूपी पुलिस के लिए खुली चुनौती और माफिया अतीक अहमद का दाहिना हाथ रहा गोवा में मस्ती कर रहा है। खुफिया के सूत्रों के अनुसार उमेश पाल हत्याकांड में फरार गुड्डू मुस्लिम की गोवा में लोकेशन मिली है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से ही गुड्डू मुस्लिम यूपी पुलिस ही नहीं पूरे शासन के लिए बड़ी चुनौती बना हुआ है। कड़े सुरक्षा घेरे में अतीक अहमद की हत्या के बाद उसकी तलाश और तेज हो गई थी लेकिन वो अभी तक पुलिस को चकमा देता आ रहा है। मिली जानकारी के अनुसार उसे अपने साथी के साथ गोवा में देखा गया है। उधर, सूचना मिलते ही गुड्डू मुस्लिम की गिरफ्तारी के लिए पुलिस की एक टीम को गोवा भेजा गया है। उमेश पाल हत्याकांड के बाद से वह फरार चल रहा है। माफिया अतीक का बमबाज गुड्डू मुस्लिम 24 फरवरी के बाद से लगातार पुलिस को चकमा दे रहा है। ▶ शेष पेज 10 पर...

### अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता का भी कोई अता पता नहीं

उत्तर प्रदेश पुलिस उमेश पाल हत्याकांड में आरोपी गुड्डू मुस्लिम और माफिया अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन के खिलाफ लुकआउट नोटिस जारी कर चुकी है। शाइस्ता परवीन और गुड्डू मुस्लिम पर यूपी पुलिस पहले ही 5-5 लाख रुपये का इनाम घोषित किया है। प्रयागराज में हुई उमेश पाल की हत्या के बाद मारे गए गैंगस्टर अतीक अहमद की पत्नी शाइस्ता परवीन और शूटर गुड्डू मुस्लिम की तलाश में कई राज्यों में रेड भी की गई थी। लेकिन पुलिस को अब तक कोई कामयाबी नहीं मिली।

### बरसात के चलते गिरी मकान की दीवार, पति-पत्नी घायल

जन एक्सप्रेस/अलीगढ़। अलीगढ़ में थाना छर्रा क्षेत्र के गांव नगला मोहन टण्डौली में बरसात के चलते एक मकान की दीवार गिर जाने से पति-पत्नी घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को मलबे से बाहर निकाल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजा। जहां डॉक्टरों ने महिला की गंभीरावस्था को देखते हुए जिला मुख्यालय रैफर कर दिया। गांव नगला मोहन टण्डौली निवासी लालाराम पुत्र मुंशी सिंह पत्नी पार्वती देवी के साथ घर पर बैठे थे। सुबह सात बजे की बात है। लगातार कई दिनों से हो रही बरसात के चलते अचानक मकान की दीवार गिर गई।

### उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष बने पूर्व आईएएस अरविंद कुमार

जन एक्सप्रेस | लखनऊ



सेवानिवृत्त आईएएस अरविंद कुमार ने सोमवार को उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के अध्यक्ष पद की शपथ ले ली। उन्हें मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग के निवर्तमान अध्यक्ष आरपी सिंह का कार्यकाल 30 जून को पूरा हो गया था। तभी से यह पद खाली चल रहा था। इस पद के लिए कई वरिष्ठ आईएएस अफसरों के बीच जोर आजमाइश थी। आखिरकार अरविंद कुमार के नाम पर मुहर लगी। बिजली सेक्टर में फील्ड से लेकर शासन तक का उनके अनुभव को ध्यान में रखकर उन्हें इस पद के लिए चुना गया था। इसके अलावा सार्वजनिक जवीन में सर्वसुलभता, साफ-सुथरी छवि व आम जन से अच्छा व्यवहार भी उन्हें चुने जाने का आधार बना।

### नितिन गडकरी बोले, राजनाथ जो कहेंगे, वो हम करेंगे, लखनऊ को 3300 करोड़ की दी सौगात, कहा,

## सीएम योगी ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुधार दिया

जन एक्सप्रेस | लखनऊ

2024 लोकसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी भाजपा सोमवार को लखनऊ को बड़ी सौगात दी है। बिठौली तिराहे पर लगने वाले ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए सांसद राजनाथ सिंह ने 3300 करोड़ से बने दो राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना का लोकार्पण किया है। उनके साथ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भी मौजूद रहे। इस दौरान नितिन गडकरी ने कहा, 'योगी ने उत्तर प्रदेश की कानून-व्यवस्था को सुधार दिया है। जिस प्रकार से उन्होंने कड़ी कार्रवाई की है, पूरे देश की जनता उन्हें धन्यवाद देगी।' उन्होंने कहा, 'राजनाथ सिंह के नेतृत्व में हमने पार्टी में भी काम किया है। जो-जो बातें वह कहेंगे, उसको पूरा किया जाएगा। इस बात का मैं वचन देता हूं। यह हमारी सरकार है। जो कहेंगे, वह करेंगे और जो करेंगे, वही कहेंगे।' योगी ने कहा, 'किसान यूनियन से जुड़े तमाम किसान इस कार्यक्रम में भाग ले रहे हैं। मैंने विधायक नीरज बोरा से पूछा- यह लोग यहां कैसे। उन्होंने बताया कि यह लोग आभार व्यक्त करने आए हैं। हाईवे ने किसानों को सिर्फ करोड़पति ही नहीं, अरबपति भी बनाने का काम किया है। उसके प्रति आभार व्यक्त करने के लिए आज यह लोग यहां पर आए हैं।' सीएम ने सवाल पूछा- 14 से पहले किसानों की स्थिति क्या होती थी? सीएम ने कहा, 'वह शोषण का शिकार था। उसको उसके फसल का दाम नहीं मिलता था। वह प्रकृति से तो परेशान रहता ही था। आपदा के साथ ही उसके सामने सरकार के निर्णय और भ्रष्टाचार भी था।' योगी ने कहा, '2014 से पहले और अब में भारत का अंतर स्पष्ट दिखाई देता है। 2014 के पहले भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर कमजोर था। जो अटल जी ने किया था, वही आगे हो रहा था। इसके अलावा कोई भी काम नहीं किया जा रहा था। इंफ्रास्ट्रक्चर पर ध्यान नहीं दिया जा रहा था। इंफ्रास्ट्रक्चर अगर कमजोर होगा तो विकास नहीं होगा और विकास नहीं होगा तो रोजगार नहीं मिलेगा। योगी ने कहा, पिछले 9 सालों में भारत सुरक्षा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो रहा है। दुश्मन तिरछी निगाह से भारत की ओर नहीं देख सकता है। उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर के मेकिंग इंडिया की परिकल्पना को साकार करने का काम किया जा रहा है।



### फोर लेन का बनाया गया फ्लाईओवर

राजधानी लखनऊ में बिठौली तिराहा और सीतापुर रोड पर लोगों को जाम से निजात देना दिलाने के लिए बिठौली तिराहे पर फोरलेन का फ्लाईओवर बनकर तैयार हो चुका है। इसका निर्माण नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया से कराया गया है। इसकी लंबाई करीब 680 मीटर की है। बिठौली तिराहा एनएचएआई के रिकॉर्ड में ब्लैक स्पॉट के तौर पर दर्ज था ऐसे में एलिवेटर फ्लाईओवर बनने से लखनऊ आने वाले भारी वाहनों को काफी हद तक राहत मिलेगी।

### 3 लाख आबादी को मिलेगा फायदा

लखनऊ सीतापुर खंड के मड़ियाओं आई एम क्रॉसिंग पर चार लेन एलिवेटर करिडोर और अलीगढ़ कानपुर के नवीगंज से मित्रसेनपुर का चार लेन चौड़ीकरण होना है। आईआईएम तिराहे के फ्लाईओवर के लोकार्पण से और जानकीपुरम विस्तार और जानकीपुरम की करीब तीन लाख की आबादी को सीधे तौर पर इसका फायदा मिलेगा। आईआईएम तिराहे से शुरू होकर या फ्लाईओवर बिठौली क्रॉसिंग पर खत्म हुआ है। लूप डिजाइन के कारण इस फ्लाईओवर से अब मड़ियाओं हरदोई रोड की ओर से आने वाले ट्रैफिक को सीधे सीतापुर हाईवे की तरफ गुजारा जा सकेगा।

### रोज 50 हजार से अधिक वाहन की होती है आवाजाही

एनएचएआई के अधिकारियों द्वारा कराए गए सर्वे के अनुसार सीतापुर रोड के टोल प्लाजा से रोज करीब 45 से 50 हजार बड़े वाहन गुजरते हैं और बड़े वाहनों के गुजरने के कारण लोगों को स्थानीय लोगों को काफी ज्यादा दिक्कतों का सामना करना पड़ता है, लेकिन इस फ्लाईओवर के बनने से अब वाहन बिना जाम में फंसे सीधे आ जा सकेंगे। इससे हरदोई रोड कानपुर रोड और लखनऊ आगरा एक्सप्रेस वे से आने जने वाले वाहन चालकों को भी फायदा मिलेगा।

# अमावस्या मेले में लाखों श्रद्धालुओं ने लगाई मंदाकिनी में डुबकी

जन एक्सप्रेस । चित्रकूट



सोमवती अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने धर्मनगरी पर पूजा अर्चना की। इस दौरान हेलीकॉप्टर द्वारा श्रद्धालुओं पर पुष्प वर्षा भी की गयी।

विश्व प्रसिद्ध तीर्थ क्षेत्र में सोमवार को हरियाली अमावस्या के अवसर पर लाखों श्रद्धालुओं ने पूजा अर्चना की। श्रद्धालुओं ने मंदाकिनी में डुबकी लगाने के बाद कामदगिरि की परिक्रमा की।

हरियाली अमावस्या मेला के दृष्टिगत जिलाधिकारी अभिषेक आनंद एवं पुलिस अधीक्षक वृन्दा शुक्ला ने रामघाट एवं मेला क्षेत्र में भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने मेला क्षेत्र में डियूटी में लगे पुलिस बल को चेक किया एवं सतर्कता पूर्वक ड्यूटी करने के निर्देश दिए। साथ ही श्रद्धालुओं के प्रति विनम्र और संवेदनशील रहने के निर्देश दिए एवं श्रद्धालुओं एवं दुकानदारों से वार्ता भी की।

## 31 तक चलेगा विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** विशेष संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान के द्वितीय चरण का आयोजन जनपद में 31 जुलाई तक एवं दस्तक अभियान 17 से 31 जुलाई तक किया जा रहा है। इसी क्रम में जिलाधिकारी अभिषेक आनंद के मार्गदर्शन में जनपद में जिला मलेरिया अधिकारी लाल साहब सिंह द्वारा जनपद के विभिन्न क्षेत्रों भरतपुरी कर्वी, ग्राम पंचायत चर मानिकपुर में पोस्टर लगाकर ग्रामीणों को जागरूक किया गया। ग्राम पंचायत परसौजा में सूकर पालकों को संवेदीकरण किया गया। इसी क्रम में जीएचएस इटवा डुडैला, ब्लाक मानिकपुर व ददरी माफी मानिकपुर, राज्यकीय हाई स्कूल मुर्का मऊ में छात्र-छात्राओं को संचारी रोग एवं दस्तक अभियान के अंतर्गत जागरूक किया गया। संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत नगर पंचायत राजापुर में साफ-सफाई व एंटी लारवा का छिड़काव किया गया।

## अवैध शराब के साथ गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक वृंदा शुक्ला के निर्देश पर अवैध शराब निर्माण एवं बिक्री की रोकथाम के लिए चलाये जा रहे अभियान के क्रम में प्रभारी निरीक्षक बरगढ़ अंजनी कुमार सिंह ने बताया कि उप निरीक्षक प्रभुनाथ सिंह यादव तथा आरक्षी अखिलेश चैहान, चन्दन विश्वकर्मा द्वारा अजय द्विवेदी पुत्र रामसजीवन द्विवेदी निवासी मुरका को 21 पाउच देशी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आरोपी के विरुद्ध थाना बरगढ़ में आबकारी अधिनियम के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया।

# 'पारदर्शिता और गुणवत्ता के साथ पूरे कराएं निर्माण कार्य'



जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट

ब्लाक सभागार में सोमवार को क्षेत्र पंचायत की बैठक ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी की अध्यक्षता में हुई। जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में निराश्रित गौवंश संरक्षण और पेयजल समस्या को लेकर चिंतन किया गया।

मऊ क्षेत्र पंचायत की बैठक में मनरेगा योजना के तहत मौजूदा वित्तीय वर्ष की कार्य योजना, लेबर बजट का अनुमोदन किया गया। इसके अलावा प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री आवास योजना, वृद्धावस्था, विधवा, दिव्यांग पेंशन, मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह व बाल विकास एवं पुष्टाहार योजनाओं पर विचार किया गया।

ब्लाक प्रमुख सुशीला देवी ने आंगनबाडी केन्द्रों के निर्माण, सामुदायिक शौचायल के संचालन और ग्राम पंचायतों में निराश्रित गौवंश के संरक्षण को लेकर जानकारी ली। उन्होंने कहा कि क्षेत्र पंचायत द्वारा कराए जाने वाले कार्यों में गुणवत्ता और मानक का विशेष ध्यान रखा जाए। जनहित के कार्यों में गुणवत्ता के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। इसके अलावा कृषि सम्बन्धित योजनाओं और पेयजल समस्या पर भी चर्चा की गई। साथ ही मौजूदा वित्तीय वर्ष में पंचम राज्य वित्त आयोग और 15वां वित्त आयोग की कार्य योजना पर विचार और अनुमोदन किया गया। इस मौके पर मऊ खण्ड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा, सहायक विकास अधिकारी अनुराग पाण्डेय, ग्राम प्रधान संघ के अध्यक्ष प्रभात कुमार पाण्डेय आदि मौजूद रहे।

# हरी झण्डी दिखाकर प्रचार वाहन को किया रवाना




जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट

चित्रकूट सड़क सुरक्षा पखवाडा कार्यक्रम के अंतर्गत 17 से 31 जुलाई तक गांव, क्षेत्र में जागरूकता अभियान के लिए सोमवार को प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी प्रवर्तन विवेक कुमार शुक्ला ने नए रोडवेज बस स्टैंड में दो पहिया, चार पहिया चालक, परिचालकों को सड़क सुरक्षा के मानकों के पालन करने के उद्देश्य को बताते हुए सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा के तहत शपथ कार्यक्रम का आयोजन किया। इसके बाद चालकों, परिचालकों, तीर्थयात्रियों, ग्रामीणों, पर्यटकों से यातायात नियमों एवं संकेतों का पालन करने एवं आदेशात्मक सड़क चिन्ह सचेतक, सूचनात्मक, सड़क चिन्ह के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नशे की हालत में कभी भी वाहन न चलाएं। चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग अवश्य करें। यात्रीकर मालकर अधिकारी डॉ. संतोष कुमार तिवारी ने कहा कि दोपहिया वाहन चलाते समय अपने एवं परिवार की सुरक्षा के लिए हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग बिल्कुल न करें। निर्धारित गति एवं निर्धारित लेने में वाहन चलाएं, ओवरटेक से बचे। साथ ही सड़क सुरक्षा और यातायात के नियमों का पालन करें। इस दौरान उन्होंने जिला सहकारी बैंक के अध्यक्ष पंकज अग्रवाल और भाजपा नेता शिवाकांत पाण्डेय के साथ प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

# महिलाओं को दी हक और अधिकारों की जानकारी

जन एक्सप्रेस । मऊ, चित्रकूट




उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ एवं राष्ट्रीय महिला आयोग तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला जज विष्णु कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्ण कालिक सचिव अपर जिला जज फार्रुख इनाम सिद्दीकी द्वारा सोमवार को तहसील सभागार मऊ में महिलाओं के हित, संरक्षण व उनके अधिकारों के सम्बन्ध में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया।

विधिक साक्षरता शिविर में डॉ ज्योति सिंह ने महिलाओं में होने वाले सर्वाईकल कैंसर के बारे में विस्तार से बताया। महिला कल्याण अधिकारी प्रिया माथुर ने कन्या सुमंगला योजना, विधवा पेंसन, बाल सेवा योजना, रानी लक्ष्मीबाई योजना के बारे में बताया। मीनू सिंह ने गुड टच-बैड टच, बाल विवाह, बाल श्रम के बारे में बताया। रविशंकर शुक्ला ने मध्यस्थता के माध्यम से पारिवारिक वादों के निस्तारण के सम्बन्ध में बताया। एडवोकेट पैनल अधिवक्ता दमयन्ती ने दहेज हत्या, घरेलू हिंसा, बलात्कार, महिलाओं के सम्पत्ति के अधिकार आदि के बारे में बताया। तहसीलदार मऊ ने दैवीय आपदा, सर्पदंस, आकस्मिक दुर्घटना आदि के बारे में दी जाने वाली सहायता के बारे में विस्तृत रूप से बताया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के पूर्णकालिक सचिव अपर जिला जज फारूख इनाम सिद्दीकी ने महिलाओं को प्राप्त मुफ्त कानूनी सहायता, यौन उत्पीड़न से बचाव, घरेलू हिंसा (शारीरिक व मानसिक यातनायें), पीडित क्षतिपूर्ति योजना (जघन्य अपराध यथा बलात्कार, अपरहरण, हत्या, लैंगिक उत्पीडन), नालसा द्वारा तस्करी और वाणिज्यिक एवं शोषण पीडितों के लिये विधिक सेवायें, महिलाओं को सुरक्षा प्रदान करने, पुरुषो के समान पारिश्रमिक का लाभ आदि के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर मध्यस्थ अधिवक्ता मुन्नालाल चतुर्वेदी, पैरालीगल वालेण्टियर्स आशुतोष सोनी, राजेन्द्र सविता, सुदेश कुमार, आशीष त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।

# यमुना तटवर्ती ललौली मे किया गया बाढ़ चौपाल का आयोजन

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



सदर तहसील के ललौली इंटर कालेज में बाढ़ चौपाल का आयोजन किया गया। चौपाल में अपर जिलाधिकारी विनय पाठक ने सभी संबंधित अधिकारियों के साथ बाढ़ के लिए आवश्यक व्यवस्था की समीक्षा किया।

इसके साथ ही अपर जिलाधिकारी द्वारा बाढ़ चौकी पर सुरक्षा व्यवस्था, विद्युत, पेयजल, बिस्तर व शौचालय इत्यादि की व्यवस्था के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया। उपजिलाधिकारी प्रभाकर त्रिपाठी द्वारा चौपाल में ग्रामवासियों से वार्ता के दौरान प्रकाश में आई पशु टीकाकरण, साफ-सफाई व विद्युत संबधी समस्या के निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को तत्काल आवश्यक कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया। चौपाल से पूर्व अपर जिलाधिकारी व उपजिलाधिकारी द्वारा पलटू का पुरवा मजरे ललौली का भी निरीक्षण किया गया।

बाढ़ चौकी पर लगाए गए सभी अधिकारियों को संबंधित ग्रामों का दौरा करने के लिए भी निर्देशित किया गया। चौपाल में सीओ जाफरगंज परशुराम त्रिपाठी, नायब तहसीलदार नगर विकास पाण्डेय, थाना प्रभारी ललौली आनंद सिंह भदौरिया, चिकित्साधिकारी असोथर, पशु चिकित्साधिकारी, एसडीओ विद्युत, एडीओ पंचायत असोथर, क्षेत्रीय लेखपाल मनोज, अनिल, प्रभात, छैलबिहारी व ग्राम प्रधान अढ़ावल और ललौली के साथ बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

# 17 से मनाया जा रहा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर




परिवहन विभाग द्वारा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा 17 जुलाई से 31 तक तक मनाया जा रहा है। जिसमे परिवहन, पुलिस, चिकित्सा, पी0डी0 परिवहन निगम, शिक्षा विभाग के अधिकारियों तथा ट्रक, बस ट्रान्सपोर्ट एसोशिएशन के अध्यक्ष उपाध्यक्ष तथा स्वयं सेवी संस्थान के प्रतिनिधिगण के उपस्थिति में जनमानस को सड़क सुरक्षा की शपथ ग्रहण कराकर सड़क सुरक्षा जागरूकत प्रचार वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर उप संभागीय परिवहन कार्यालय से कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया है। कार्यक्रम का संचालन यात्रीकर अधिकारी सुरेन्द्र सिंह तथा इण्डिया मोटर ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के संचालक सुशील उमराव द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। क्षेत्राधिकारी यातायात दिनेश मिश्रा द्वारा यातायात नियमों का पालन करने तथा घायलों का त्वरित इलाज हेतु पुलिस के द्वारा प्रदान की जाने वाली सहायता के विषय में अवगत कराया। इसके अतिरिक्त ए0आर0एम0 रोडवेज विपिन अग्रवाल, अधिशाषी अभियन्ता पी0डब्लू0डी0 ए0के0 सील, जिला क्षयरोग अधिकारी शहाबुद्दीन द्वारा उनके विभागों से संबंधित सडक सुरक्षा के प्रमुख बिन्दुओं यथा रोडवेज चालकों से संबंधित विषय पर, रोड इंजीनियरिंग, गोल्डेन ऑवर, गुड समेरिटन इत्यादि के विषय में विस्तार से चर्चा किया गया। अन्त में पुष्पांजलि मित्रा गौतम, ए0आर0 टी0ओ0 प्रशासन द्वारा उपस्थित समस्त अधिकारीगण अन्य सम्मानित गणो को धन्यवाद देने के साथ उपस्थित जनमानस से अपील किया कि वे 17 से 31 जुलाई तक होने वाले सड़क सुरक्षा कार्यक्रमों में पूरी ऊर्जा के साथ प्रतिभाग करें तथा इस कार्यक्रम को अधिकाधिक सफल बनायें।

# वृक्षारोपण अभियान को विफल करने में लगे हैं वन माफिया

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री जहां सावन माह वृक्षारोपड का कार्यक्रम कर प्रदेश को हरा-भरा करने का अथक प्रयास कर रहे है। वही पर्यावरण वातावरण को शुद्ध बनाने का हर संभव प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने वृक्षारोपड के लिए करोड़ों रुपये खर्च करके पौध रोपण के लिए लोगों को प्रेरित कर रहे है। जनपद में वृक्षारोपड का कार्यक्रम संपन्न किया जा रहा है। वही हरे पेड़ों की कटान जोरों पर चल रही है। विभिन्न थाना क्षेत्रो मे कटान माफिया सेटिंग-गेटिंग के चलते हरे-भरे पेडो का कटान करा रहे है।

वन विभाग सहित ईलाकाई थाना पुलिस की साठ-गाठ के चलते लगभग आधा सैकडा आरा मसीने संचालित किया जा रहा है। जिनमे कुछ के लाईसेन्स पहले ही निरस्त किये जा चुके है तो कुछ के लाईसेन्स धारक की मौत हो चुकी है। इसके बाद भी आरा मसीने बेखौफ संचालित हो रही है। जानकारो की माने तो अब आरा मशीन का लाइसेंस का नवीकरण पर रोक लग चुकी है। परंतु आरा मशीन पर खुलेआम लकड़िया काटी जाती है। प्रश्न यह उठता है कि इन आरा मसीनो मे हरे पेड कहा से आते है जो रात-दिन चलायी जा रही है। जानकार बताते है कि सूखे पेड़ों के साथ हरे पेड़ों की कटान में भी यह आरा मशीन संचालको की अहम् भूमिका रहती है। चोरी-छिपे पेड़ कटवा कर अपने ही आरा मशीन में चिराई के काम को यह पूरी तरह अंजाम देता है। दिनदहाड़े आरा मशीन में लकड़ियां गिराई जाती है। जहां मुख्यमंत्री वृक्षारोपण का कार्यक्रम कर रहे हैं वहीं यह लकड़ी माफिया पेडो का कटान करा कर प्रकृति को नुकसान पहुंचाने में अपना रोल अदा कर रहे है। एक तरफ जहां प्रदेश की योगी सरकार पर्यावरण की रक्षा के लिए लाखो-करोडो धन खर्च करके वृक्षारोपण अभियान की जिम्मंदारी प्रशासन को देकर आम जनो के बीच जगरुकता लाने का प्रयास कर रहे है। वही विभागीय लापरवाही के चलते वन माफिया पेडो का कटान कराकर सरकार के प्रयास को विफल करने मे लगे है। जिसे रोकने के लिए सरकार को ठोस कदम उठाने की आश्यकता है।

# पालिका ने चलाया स्वच्छता अभियान लोगों को किया जागरूक

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर



शासन के निर्देश पर नगर पालिका परिषद द्वारा चलाये जा रहे स्वच्छता पखवारा के तहत् अमरजई, मुराईन टोला, वीआईपी रोड, महाजरी आदि मोहल्लों में विशेष अभियान चलाकर सफाई किया। इस दौरान एकत्र कूड़ा करकट को हटवाया गया। जलभराव की समस्या को देखते हुए नालियों की सफाई व जमा सिल्ट निकालवा कर उन्हें हटाया गया।

अभियान के दौरान लोगों से अपने-अपने घरों के आस-पास गंदगी का जमाव न करने व कूड़ा-करकट को सड़क पर इधर-उधर न फेंकने के लिये भी जागरूक किया गया। साथ ही लोगों को बरसात माह में गंदगी से पनपने वाली बीमारियों व उनसे बचाव के प्रति जागरूक किया गया। अभियान के दौरान लोगों से शहर को साफ-सुथरा बनाने में नगर पालिका परिषद का सहयोग करने की अपील किया गया। इस मौके पर सफाई एवं खाद्य निरीक्षक राकेश कुमार गौड़, सफाई प्रभारी मोहम्मद हबीब एवं क्षेत्र के सफाई नायक विजय प्रकाश, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

## धर्म परिवर्तन के विरोध मे दबंग दे रहे जान से मार देने की धमकी

जन एक्सप्रेस । फतेहपुर

जनपद मे धर्म परिवर्तन सहित लव जिहाद की घटनाओ की बाढ आ गयी है। लगातार लव जिहाद सहित धर्म परिवर्तन की घटनाये एक के बाद एक सामने आ रही है। खागा तहसील क्षेत्र के थाना सुल्तानपुर घोष क्षेत्र मे एक परिवार पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया जा रहा है। जिसके विरोध करने पर पूरे परिवार को जान से मार देने की धमकी दिया जा रहा है और पीडित परिवार अधिकारियो के चैखटो मे दस्तक देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगा रहा है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के अफोई निवासी श्याम लाल पुत्र रामधनी दलित है। जिनका चचेरा भाई रबि पुत्र बाबूलाल मुम्बई मे रह रहा है और धर्म परिवर्तन करके अपना नाम करीम पुत्र असदुल्ला हो गया है। जो लगभग एक माह पहले गॉव आया और चचेरे भाई श्याम लाल को परिवार सहित धर्म परिवर्तन का दबाव बना रहा है। जिसका विरोध पीडित परिवार ने किया तो परिवार सहित जान से मार देने की धमकी देने लगा। पीडित ने बताया कि मेरे लडकी को बाजबरन धर्म परिवर्तन कराने का प्रयास किया और लडकी द्वारा विरोध करने पर उसके साथ मार-पीट भी किया। जिसमे उसका सहयोग गॉव के ही नायाब पुत्र जलील कर रहे है। पीडित ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर जान-माल की सुरक्षा की तहरीर दिया है। वही पीडित ने बताया की इसके पूर्व भी थाना पुलिस को तहरीर दिया था लेकिन कोई कार्यवाही न होने से दमंग और हौसले मंद होकर पीडित के साथ गाली-गलौज और मार-पीट तक करने पर अमादा है।

**मौसम पूर्वानुमान**

**पूर्वानुमान**

भारतीय मौसम विज्ञान विभाग से प्राप्त मौसम पूर्वानुमान के अनुसार,अगले पांच दिनों में हल्के बादल छाए रहने के कारण दिनांक 17-19 जुलाई 2023 को तेज हवाओं के साथ हल्की से मध्यम बर्षा होने की संभावना है।

अधिकतम (डिग्री0से0) : 33.8 (-1.4)
न्यूनतम तापमान (डिग्री0से0) : 26.8 (+1.5)
सापेक्षिक आर्द्रता अधिकतम : 81 प्रतिशत
सापेक्षिक आर्द्रता न्यूनतम : 68 प्रतिशत
हवा की औसत गति : 2.3 कि0मी0/घंटा
हवा की दिशा : शांत
वर्षा (मि0मी0) : 0.0

- कृषि मौसम वैज्ञानिक

# सावन का दूसरा सोमवार शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न

## कानपुर कमिश्नरेट पुलिस ने घाटों पर किए थे पुख्ता इंतजामात





**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

श्रावण मास के दूसरे सोमवार को खासकर बिठूर में कानपुर के अलावा अन्य शहरों से आए हैं हजारों श्रद्धालुओं ने सूरज की पहली किरण के साथ हर हर गंगे, जय शिव शंकर, हर हर महादेव, का जयघोष कर गंगा की पवित्र एवं निर्मल धारा में आस्था की डुबकी लगाई। गंगा स्नान करने के बाद बिठूर तीर्थ स्थित शिवालयों ब्रह्मेश्वर महादेव, पत्थर घाट स्थित महाकालेश्वर मंदिर, मंधना स्थित वन खंडेश्वर मंदिर, में जाकर श्रद्धालुओं ने

भोले बाबा का विभिन्न प्रकार से अभिषेक कर पूजा अर्चना की। बिठूर के घाटों ब्रह्मावर्त घाट, पत्थर घाट बारादरी घाट गोदारा घाट रानी लक्ष्मीबाई घाट भैरव घाट लक्ष्मण घाट पर जाकर श्रद्धालुओं ने गंगा स्नान किया। गंगा स्नान करने के उपरांत घाट पर बैठे हैं तीर्थ पुरोहितों को दान पुण्य किया। सुरक्षा की दृष्टि से है श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की असुविधा ना हो इस बात को ध्यान में रखते हुए कानपुर कमिश्नरेट पुलिस की ओर से घाटों पर पुख्ता इंतजाम किए गए थे। बढ़ते हुए गंगा के जलस्तर को ध्यान में रखते हुए स्नान करने योग्य घाट पर पुलिस बल के साथ साथ दो- दो गोताखोर तैनात किए गए थे। साथ ही साथ गंगा में मोटर बोट के माध्यम से पुलिस गश्त कर रही थी। बिठूर थाना प्रभारी अतुल कुमार सिंह की चाक चौबंध सुरक्षा व्यवस्था के चलते किसी भी प्रकार की कोई दुर्घटना नहीं हुई। कानपुर कमिश्नरेट पुलिस के द्वारा घाटों पर पुख्ता इंतजाम किए जाने की वजह से किसी भी प्रकार की कोई अनहोनी नहीं हुई है। सावन का दूसरा सोमवार भी शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हो गया।

# लव जिहाद : यूपी 78 रेस्टोरेंट में किशोरी को बनाया हवस का शिकार

## पिता के मदद मांगने पर थाना कर्नलगंज पहुंचे बजरंग दल के नेता, दर्ज हुई एफआईआर




**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

शहर में एक बार फिर से लव जिहाद का मामला सामने आया है। थाना कर्नलगंज क्षेत्र के एक मोहल्ले में निवास करने वाले पीड़ीत पिता का आरोप है कि उनकी नाबालिग बेटी स्कूल गई हुई थी।

इसी दौरान मुहल्ले में ही निवास करने वाले युवक ने उनकी बेटी के स्कूल पर बुर्का पहनकर खड़ा हो गया और वहीं से उसका अपहरण कर उसे यूपी 78 नाम के रेस्टोरेंट में ले गया और उसे अपनी हवस का शिकार बना डाला। पीड़िता ने जब मामले की जानकारी बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी को दी तो सभी नेता पीड़ित पिता को लेकर थाना कर्नलगंज पहुंचे और आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

जानकारी देते हुए बजरंग दल के नेता कृष्णा तिवारी ने बताया कि थाना कर्नलगंज क्षेत्र के एक हिन्दू परिवार की नाबालिक बिटिया का विषेश धर्म समुदाय के एक सिविल लाइंस निवासी युवक मो0 जैद पुत्र मो. नदीम ने बुर्का पहनकर गया और उसके स्कूल से उसे बहला फुसलाकर यूपी 78 नाम के रेस्टोरेंट में ले गया जहां उसे अपनी हवस का जबरन शिकार बना डाला।

कृष्णा तिवारी के आरोपों को मानें तो आरोपी ने यह सब कुछ सिर्फ और सिर्फ लव जिहाद के मामले को बढ़ाने के लिए किया था। उन्होंने यह भी बताया कि आरोपी का पिता मोहम्मद नदीम पहले भी एक हिंदू लड़की के बलात्कार के आरोप में जेल जा चुका है। कोतवाल कर्नलगंज संतोष कुमार सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** छत्रपति शाहूजी महाराज विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ बिजनेस मैनेजमेन्ट विभाग में बीते दिन सोमवार को एम.बी.ए.एवं बी.कॉम ऑनर्स के छात्र-छात्राओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता एस.बी.ए . की निदेशिका प्रो. अन्शु यादव, डीन प्रो. सुधान्शु पाण्डिया , सह निदेशक डॉ.सुदेश कुमार श्रीवास्तव ने की। इस अवसर पर मुख्य वक्ता के रूप में मौजूद डॉ.प्रभात द्विवेदी एवं डॉ.प्रशान्त त्रिवेदी ने छात्र-छात्राओं को वैदिक ज्ञान व समय प्रबन्धन के महत्व बताए। कार्यक्रम का संचालन पल्लवी मिश्रा एवं गौरी सिंह भदौरिया द्वारा किया गया। कार्यक्रम में डॉ. मृदुलेश सिंह, डॉ. प्रवीण अग्रवाल, डॉ. विवेक सिंह सचान, डॉ. सिद्धांशु राय, सचिन शर्मा, मानसी, राहुल, प्रकाश, डॉ. मयंक आदि मौजूद रहे।




### जेटीएन ऑफिस में समय से वेतन न मिलने को लेकर हंगामा



**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** कल्यानपुर के जेटीएन ऑफिस में कर्मचारियों ने बीते दिन कम वेतन और समय से सेलरी न मिलने के विरोध में जमकर हंगामा किया। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने हंगामा कर रहे कर्मचारियों को शांत कराया। आपको बताते चलें कि जिलें में घर घर कूड़ा उठाने का टेंडर जेटीएन कम्पनी के पास है। इसके लिए कम्पनी ने सैकड़ो लोगों को काम पर लगाया है लेकिन कम वेतन और समय से वेतन न मिलने से कर्मचारियों को खासी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। जिसको लेकर आज सैकड़ो कर्मचारियो ने कल्यानपुर स्थित जेटीएन ऑफिस में धरना प्रदर्शन कर अपनी मांगे रखी। इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। कर्मचारियो ने बताया कि आज 17 तारीख हो गई लेकिन पिछले माह का वेतन नही मिला । और सेलरी भी बहुत कम है। इसलिए वो लोग धरना प्रदर्शन करने को बाध्य हुए है ।कर्मचारियो ने बताया कि उनकी मांग नही मानी गयी तो वो कूड़ा उठान पूरी तरह से बन्द कर देंगे।

### व्यापारियों ने मंडी सचिव व फर्म मालिक पर लगाए आरोप

**जन एक्सप्रेस/कानपुर नगर।** सचेंडी थाना क्षेत्र के अंतर्गत मंडी सचिव और कुछ फर्म मालिको पर व्यापारी ने गंभीर आरोप लगाए हैं जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। सूत्रों के मुताबिक सचेंडी के चकरपुर मंडी के एक व्यापारी ने बीते दिन एक वीडियो जारी कर मंडी सचिव और कुछ फर्म मालिको पर गम्भीर आरोप लगाये है। व्यापारी ने वीडीओ जारी कर पुलिस से न्याय की गुहार लगाते हुए बताया कि उसकी फर्म में लाखों रुपये का हेरफेर किया गया जिसकी उसने सचेंडी थाने में तजरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया था ।अब दबंग फर्म मालिक और कुछ अज्ञात लोगों द्वारा उसे मंडी में जाने से रोका जा रहा है। उसे जान से मारने की। धमकी दी गयी है और उसके खिलाफ साजिश की जा रही है। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# न्यू शुभ हॉस्पिटल में नहीं है एक भी ड्यूटी डॉक्टर, खतरे में मरीजों की जान

## कुंभकरणी की नींद से जागो सीएमओ साहब मानक विहीन अस्पतालों पर करो कार्रवाई

**जन एक्सप्रेस। सनी राव मोघे**

**कानपुर नगर।** कल्याणपुर क्षेत्र मानक विहीन अस्पतालों का गढ़ माना जाता है। यहां के सभी अस्पतालों को मानक विहीनता की डिग्री प्राप्त है। क्षेत्र में ज्यादातर अस्पताल अवैध बिल्डिंग में संचालित है।

ऐसा ही एक हॉस्पिटल न्यू शुभ हॉस्पिटल है। जो कि पुराना शिवली रोड पर स्थित है। इस हॉस्पिटल का ना तो रजिस्ट्रेशन है और ना ही फायर एनओसी ही कंप्लीट है। हॉस्पिटल में एक भी ड्यूटी डॉक्टर नहीं है। यदि किसी भी मरीज की हालत अचानक बिगड़ जाए तो उसे सही ट्रीटमेंट देने वाला कोई नहीं है। हॉस्पिटल में जितना भी नर्सिंग स्टाफ है पूरी तरीके से अनट्रेंड है। इस अस्पताल को भी जिला स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों द्वारा कई बार नोटिस दी जा चुकी है। लेकिन कार्यवाही के अभाव में अभी भी यह अस्पताल मरीजों की जान के साथ खिलवाड़ कर रहा है। सूत्रों ने तो यहां तक बताया कि हॉस्पिटल में आईसीयू एनआईसीयू चलाए जाने की स्वास्थ्य विभाग से परमिशन नहीं है लेकिन इसके बावजूद हॉस्पिटल संचालक बेखौफ तरीके से आईसीयू, एनआईसीयू संचालित कर रहा है। पुराने जमाने के लोगों ने एक मसल खूब कही थी 'कॉपर करू सिंगार पिया मोर आंधर' कहने का मतलब यह है कि जब स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी ध्यान ही नहीं देते हैं। तभी तो हॉस्पिटल संचालक अपने मनमर्जी से हॉस्पिटल का संचालन कर रहे हैं।




# शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर बैठक

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

थाना अनवरगंज अंतर्गत शालीमार गेस्ट हाउस बांसमंडी क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में मोहर्रम संपन्न कराने को लेकर एसीपी अनवरगंज सृष्टि सिंह की अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान बैठक में थाना क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और शांति समितियों के सदस्यों ने अपने विचार व्यक्त किए।

बैठक में मौजूद अनवरगंज के थाना प्रभारी व उपस्थित अधिकारियों ने पर्व को शांति से मनाने को लेकर दिशा निर्देश दिए। क्षेत्र के राजनीतिक एवं सामाजिक कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों तथा दोनों समुदाय के गणमान्य लोगों ने हिस्सा लिया।



# खुलेआम मांस और मछली बेचे जाने का वीडियो वायरल

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

पनकी के इंड्रस्टीयल एरिया में खुलेआम मांस और मछली बिक रही है। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुआ। वीडियो के बारे होने के बाद क्षेत्रीय पुलिस जांच में जुट गई है।

आपको बताते चलें कि जिले में जगह जगह पर नियमों को ताक पर रखकर खुलेआम मांस और मछलियों की बिक्री की जाती है। जिसको लेकर महापौर प्रमिला पांडे ने पहल करते हुए कई जगहों पर खुले में बिक रही मांस और मछलियों की दुकानों को बन्द कराया था।वही एक बार पुनः पनकी थाना क्षेत्र के इंड्रस्टीयल एरिया के लोहिया चौराहे पर सावन के पावन माह में खुलेआम नियमो को दरकिनार कर मांस और मछलियों की बिक्री की जा रही है।

जिसका वीडीओ बनाकर किसी ने वायरल कर दिया। वीडीओ वायरल होने के बाद पनकी पुलिस को जांच कर कार्यवाई के निर्देश जारी किये गए जिसके बाद अब पुलिस जांच में जुटी है।

# विधायक इरफान की बंदूक का लाइसेंस सस्पेंड, पत्नी ने थाने में किया जमा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



सोमवार को महाराजगंज जेल में बंद सपा विधायक इरफान सोलंकी की पत्नी नसीम सोलंकी अपने वकील के साथ लाइसेंसी बंदूक लेकर जाजमऊ थाने पहुंची। विधायक इरफान पर अपराधिक मामले दर्ज होने के चलते उनकी बंदूक का लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। इसके चलते उन्होंने उसे थाने में सरेंडर कर दिया।

आपको बताते चलें कि इरफान सोलंकी कानपुर की सीसामऊ विधानसभा से समाजवादी पार्टी के विधायक हैं। वह बेवा नजीर फातिमा का घर फूकने और फर्जी आधार कार्ड के सहारे नाम बदल कर हवाई यात्रा करने से लेकर कई मामले मामलों में जेल में बंद है । जाजमऊ थाने की पुलिस ने इरफान पर 14 अपराधिक मुकदमा दर्ज होने के चलते उनकी डबल बैरल बंदूक का लाइसेंस निरस्त करने के लिए डीएम को रिपोर्ट भेजी थी।

डीएम की संस्तुति के बाद शस्त्र लाइसेंस सस्पेंड कर दिया गया है। इसी के चलते विधायक की पत्नी नसीम सोलंकी सोमवार को अपने अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित के साथ बंदूक सरेंडर करने पहुंची। नसीम सोलंकी ने कहा कि उन्हें न्याय पालिका पर पूरा भरोसा है पति पर लगे मुकदमें खत्म होंगे और वह जल्द जेल से बाहर आएंगे। अधिवक्ता शिवाकांत दीक्षित ने कहा कि विधायक इरफान सोलंकी के नाम पर लाइसेंसी बंदूक का लाइसेंस डीएम ने निरस्त कर दिया था इस स्थिति में उसको घर पर नहीं रखा जाता है। नजदीकी थाने या फिर यह की दुकान पर जमा कर दिया जाता है जाजमऊ थाना निकटतम है इसलिए यहां जमा कर दिया गया है।

# घरेलू स्तर पर करें असली-नकली उर्वरकों की पहचान, एडवाइजरी जारी

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**



चंद्रशेखर आजाद कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय दलीप नगर स्थित कृषि विज्ञान केंद्र के मृदा वैज्ञानिक डॉ. खलील खान ने बीते दिन सोमवार को किसानों के लिए असली एवं नकली उर्वरकों की पहचान घरेलू स्तर पर करने संबंधी एडवाइजरी जारी की। उन्होंने कहा कि इस समय चल रहे खरीफ के मौसम में किसान फसलों में रसायनिक उर्वरकों का प्रयोग करते हैं।इसलिए जरूरी है कि किसान रासायनिक उर्वरकों की जांच कर लें। उन्होंने कहा कि असली यूरिया के दाने सफेद चमकदार और एक समान आकार के होते हैं तथा पानी में पूरी तरह घुल जाते हैं अगर घोल छूने पर ठंडा महसूस होने पर यूरिया असली है। अथवा यूरिया के कुछ दानों को गर्म तवे पर रखने से दाने पिघल जाते हैं आंच को तेज कर दें तो इसका कोई अवशेष नहीं बचता है तो किसान समझ लें की ये असली यूरिया है।

डॉ.खान बताया कि इसी तरह डीएपी के कुछ दानों को हाथ में लेकर उसमें चूना मिलाकर मलने से उसमें तेज गंध आने लगे तो समझ ले कि डीएपी असली है। दूसरी विधि में डीएपी के कुछ दानों को गर्म तवे पर रखें तवे पर दाने अपने आकार से फूल जाते हैं तो समझे कि यह असली डीएपी है। इसी प्रकार से पोटाश के कुछ दानों को नम करें ऐसा करने पर यह दाने आपस में नहीं चिपकते हैं तो असली है दूसरी विधि में पोटाश को पानी में घोलने पर इसका लाल भाग पानी के ऊपर तैरता रहता है। उन्होंने बताया कि जिंक सल्फेट को डीएपी के घोल में मिलाने से थक्केदार अवच्छेप बन जाता है तो समझ ले कि असली है। इसी प्रकार सुपर फास्फेट उर्वरक की भी पहचान करने के लिए इसके कुछ दानों को गर्म तवे पर रखें और यदि यह नहीं फूलते हैं तो असली हैं। डॉ .खान ने बताया कि खेती-बाड़ी में उर्वरकों का अपना विशेष महत्व है इससे फसलों की उत्पादकता बढ़ाने में मदद मिलती है उन्होंने किसानों से उर्वरक खरीदते समय उर्वरक विक्रेता से रसीद लेने की अपील की।

# शिया वक्फ बोर्ड के मुतवल्ली के खिलाफ डीएम-पुलिस कमिश्नर से शिकायत

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बीते दिन सोमवार को थाना कर्नलगंज क्षेत्र में निवास करने वाली जनता शिया वक्फ बोर्ड के मुतावल्ली और उसके गुर्गों से त्रस्त सैकड़ों की संख्या में जिसमें महिलाएं एवं पुरूष शामिल थे वार्ड 110 के पार्षद मोहम्मद नौशाद की अगुवाई में पुलिस कमिश्नर से मिलने पहुंचे और अपना दुखड़ा सुनाते हुए न्याय की गुहार लगाई है।

पुलिस कमिश्नर से पहले पूरी की पूरी जनता जिलाधिकारी कानपुर नगर विशाख जी से भी मिलने गई थी। पुलिस कमिश्नर कार्यालय में स्थानीय जनता ने संयुक्त रूप से जानकारी देते हुए बताया कि वह सभी 101/49 इनायत मंजिल अहाता गम्मू खां, कर्नलगंज थाना कोतवाली के निवासी हैं और वर्षो से शिया वक्फ बोर्ड की जमीन पर किरायेदार के रुप में निवास कर रहे हैं।

सभी का आरोप था कि मुतावल्ली ऐनुल हसन द्वारा उनका उत्पीड़न आपराधिक सहयोगियों द्वारा कराया जा रहा है। इस मामले में मुतावल्ली ऐनुल हसन का भी पक्ष जानने का प्रयास किया गया लेकीन उनका पक्ष नहीं आ सका।



# समाजवादी युवजन सभा ने बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन कर सरकार को घेरा



**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

सोमवार को फूलबाग स्थित गांधी प्रतिमा पर समाजवादी युवजन सभा ने बढ़ती महंगाई के विरोध में प्रदर्शन कर सरकार को घेरा। इस दौरान समाजवादी पार्टी के नेताओ ने महंगी सब्जियों की प्रदर्शनी लगाकर सरकार को आईना दिखाने की बात कही। युवजन सभा के महानगर अध्यक्ष वीरेंद्र त्रिपाठी ने बताया कि सभी सब्जियों के बढ़े हुए दाम से आम आदमी परेशान है गया है। उन्होंने कहा कि आम आदमी के हित की बात करने वाली सरकार अब गरीबों के मुंह से निवाला छीन रही है। सपा विधायक अमिताभ बाजपेई ने सरकार के खिलाफ तंज कसते हुए कहा कि अगर सरकार चाहती तो पहले ही टमाटर को कम दाम में बेच सकती थी लेकिन जब समाजवादियों ने प्रदर्शन करना शुरू किया, तब टमाटर को कम दामों में बेचना शुरू किया।

# नदी में उतराता मिला युवक का शव

**जन एक्सप्रेस/चौबेपुर।** थाना क्षेत्र मे नून नदी मे एक युवक का शव उतराता हुआ मिला है। बीते दिन सोमवार को चौबेपुर क्षेत्र में उस समय खलबली मच गईं जब त्रिलोकपुर गांव के समीप स्थित नून नदी के पुल के नीचे एक शव को उतराता हुआ देखा गया और देखते ही देखते वहां लोगो कि भीड़ जमा हो गईं। जिसके बाद भीड़ में से ही किसी ने थाना पुलिस को नदी में शव देखे जाने की सूचना दी। सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को नदी से बाहर निकाला। जिसके बाद शव की पहचान मनीष कोरी उर्फ़ नन्नू पुत्र रामकृष्ण कोरी उम्र 30 वर्ष निवासी जरारी के रूप में की गईं हैं। पुलिस ने शव का पंचनामा भर कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया हैं।

# हार-जीत की बाजी लगाते पुलिस ने 6 जुआरियों को दबोचा

**जन एक्सप्रेस। कानपुर नगर**

बर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत जुआ खेलने वाले 6 जुआरियों को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने गिरफ्तार किया है । इस दौरान बर्रा पुलिस ने फड़ से 4280 रुपए व ताश की गड्डी बरामद कर जुआरियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बर्रा थाना प्रभारी सूर्य बली पांडे ने बताया कि शनिवार को उपनिरीक्षक सैयद जुबेर, रविंद्र कुमार, मोहित राणा, नितिन सिंह बर्रा बाईपास पर खड़े थे।

मुखबिर द्वारा सूचना मिली की पीसीओ चौराहा दामोदर नगर सड़क के किनारे हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे हैं देर ना की जाए तो उन्हें पकड़ा जा सकता है जिसके उपरांत बर्रा पुलिस बताए हुए स्थान पर पहुंची जहां बस के पीछे हार जीत की बाजी लगाते हुए जुआरी दिखाई दिए इस दौरान पुलिस को देख जुआरियों ने भागने का प्रयास किया वही पुलिस ने घेराबंदी कर जुआरियों को दबोचा पूछताछ के दौरान जुआरियों ने अपना नाम रितिक सोनकर निवासी हरदेव थाना बर्रा, करन सविता निवासी योगेंद्र विहार पाल चौराहा थाना हनुमंत विहार, अनुराग उर्फ शेखर निवासी देवीदीन का हाता आचार्य नगर थाना रायपुरवा, प्रमोद कुमार निवासी हनुमंत विहार, ललित त्रिवेदी निवासी संजय गांधी नगर नौबस्ता थाना, अनुराग वर्मा निवासी हनुमंत विहार बताया पुलिस ने फड़ से 4280 रुपए व ताश की गड्डी बरामद कर थाने लाई वहीं पुलिस ने जुआरियों खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई की।



# चिकित्सक से जालसाजों ने 49 लाख रूपये ठगे

## पीड़ित चिकित्सक ने थाने में दर्ज कराया मुकदमा, जांच में जुटी पुलिस

जन एक्सप्रेस। संवाददाता

**तिलोई, अमेठी।** जनपद के तहसील तिलोई के मोहनगंज कोतवाली क्षेत्र के जिला रेफरल अस्पताल तिलोई में तैनात चिकित्सक शैलेंद्र बाथम पुत्र नारायण बाथम निवासी औद्योगिक क्षेत्र जगदीशपुर को साइबर क्राइम के जालसाजों ने फंसा लिया। और कारोबार में पैसा लगाने पर दोगुना करने की लालच में चिकित्सक उन जालसाजों के बुने जाल में फंस गए। चिकित्सक शैलेंद्र बाथम के मुताबिक भारतीय स्टेट बैंक शाखा मोहनगंज में संचालित अपने खाते से जालसाज




के आईसीआईसीआई बैंक के खाते में पैसा भेज दिया जो कि दोगुना होकर वापस भी मिल गया।
इसी बीच चिकित्सक ने अपनी रकम को दोगुना करने की ठान ली और जालसाज द्वारा बताये गये खाते में 49 लाख रुपया डाल दिया। लेकिन तीसरी बार यह रकम दोगुनी होकर वापस चिकित्सक के खाते में नही आई तो चिकित्सक कई दिनों तक पैसे का इंतजार करता रहा। चिकित्सक ने अज्ञात जालसाज सहित बैंक के शाखा प्रबंधक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कराया। पुलिस जालसाजी धोखाधड़ी और आईटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्जकर जांच में जुट गई। वहीं थानाध्यक्ष धीरेंद्र कुमार यादव ने बताया कि उक्त प्रकरण की जांच कर जालसाजों पर कठोर कार्यवाही की जाएगी।

# विभिन्न माध्यमों से सड़क सुरक्षा के प्रति किया गया सतर्क

जन एक्सप्रेस। गौरीगंज, अमेठी

सोमवार को मुंशीगंज रोड स्थित संस्कार ग्लोबल स्कूल गौरीगंज में यातायात पुलिस तथा परिवहन विभाग द्वारा संयुक्त रूप से सड़क सुरक्षा अभियान शुरू हुआ। जिसमें नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्कूली बच्चों द्वारा सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने की आवश्यकता बताते हुए उपस्थित लोगों को जागरूक किया गया। समारोह का उद्घाटन क्षेत्राधिकारी अमेठी लल्लन सिंह ने किया। क्षेत्राधिकारी द्वारा लोगों से यातायात के नियमों का पालन करने की अपील करते हुए शपथ दिलाई




गई। इस अवसर पर एआरटीओ सर्वेश कुमार सिंह, एआरटीओ अरविंद त्रिवेदी, यातायात निरीक्षक अजय सिंह तोमर,पीटीओ मनोज कुमार शुक्ला तथा यातायात पुलिस व परिवहन विभाग के कर्मचारी,स्कूली छात्र-छात्राएं और आम नागरिक गण उपस्थित रहे। तत्पश्चात विभिन्न स्थानों पर चेकिंग एवं जागरूकता अभियान चलाया गया। यातायात जागरूकता अभियान चलाकर सड़क दुर्घटनाओं की रोकथाम हेतु आमजनमानस को जागरूक किया गया। जागरूकता अभियान के अन्तर्गत यातायात नियमों के पालन से सम्बन्धित बैनर व पोस्टर सार्वजनिक स्थानों पर लगवाते हुए आम जनता को पम्पलेट व हैण्डबिल वितरित करते हुये यातायात नियमों का पालन करने हेतु अपील की गई। दुर्घटना बाहुल्य ब्लैक स्पॉट स्थानों पर यातायात नियमों का उल्लंघन जैसे गलत दिशा में वाहन चलाना, सड़क के किनारे हाईवे पर अवैध रूप से पार्किंग कर वाहन खड़ा करना व तेज गति से वाहन चलाना आदि करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध सघन चेकिंग अभियान चलाया गया। मुख्य मार्गों तथा सड़क पर वाहनों को खड़ा करके दुर्घटना का कारण बनने व जाम लगाने वाले वाहनों को उनके मालिकों को आगे ऐसा न करने की हिदायत देते हुये हटवाया गया तथा न हटाने वाले वाहनों के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही की गयी । तेज गति से चलाने वाले मोटरसाइकिलों एवं चार पहिया वाहनों के विरुद्ध भी जागरूकता के साथ चेकिंग अभियान चलाया गया।यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले 156 वाहनों का चालान करते हुए 1,83,500 /रुपये का जुर्माना योजित किया गया।

# खराब पड़ी जल निगम की मोटर पीने के पानी की हुई किल्लत

जन एक्सप्रेस। धर्मेंद्र मौर्य

**नौकरशाह बेपरवाह**

**तिलोई, अमेठी।** 15 दिन पूर्व खराब हुए जल निगम की पानी टंकी का सरकारी मोटर,शिकायत के बाद भी अब तक नहीं ठीक कराया गया।सैकड़ो परिवारों को पीने के पानी की समस्या से जूझना पड़ रहा है। बताते चलें कि तहसील क्षेत्र के कस्बा तिलोई में स्थित जल निगम की पानी की टंकी का मोटर लगभग 15 दिन से खराब पड़ा हुआ है। लेकिन अभी तक अधिकारियों के कान में जूं नहीं रेंग रही है।वहीं स्थानीय लोगों ने उपजिलाधिकारी तिलोई दिग्विजय सिंह से शिकायत की।लेकिन कार्यवाही न होने पर शनिवार को तहसील संपूर्ण समाधान दिवस में मुख्य विकास अधिकारी सान्या छावड़ा को अपनी समस्या के संबंध में शिकायती पत्र देते हुए अवगत कराया था। लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर सोमवार को सोशल मीडिया के माध्यम से भाजपा नेता पंकज अवस्थी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत की। वही इस संबंध में एसडीएम तिलोई दिग्विजय सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रकरण संज्ञान में आते ही विभाग के अधिकारियों को आदेश दिए गए हैं। जल्द ही मोटर को ठीक करा कर पानी की सप्लाई चालू कराई जाएगी।



## विकसित भारत निर्माण के प्रण को लेकर संगोष्ठी आज



जन एक्सप्रेस। अमेठी

मुख्य विकास अधिकारी सान्या छाबड़ा ने बताया कि भारत की आजादी के अमृत काल में प्रधानमंत्री के भव्य एवं विकसित भारत निर्माण के प्रण तथा प्रदेश को **'वन ट्रिलियन डालर'** अर्थ व्यवस्था बनाये जाने की मुख्यमंत्री की संकल्पना से संबंधित मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी की जाएगी। उन्होंने बताया कि प्रदेश में विकास के अलग, अलग आयामों को बल प्रदान किये जाने हेतु समग्र रूप से अथक प्रयास किये जा रहे हैं। जिनका वास्तविक प्रतिबिम्ब विभिन्न सर्वेक्षणों के माध्यम से प्राप्त होने वाले ऑकड़ों में भी होना आवश्यक है। सांख्यिकी एवं कार्यक्रम कार्यान्वयन मंत्रालय, भारत सरकार के विभिन्न समाजार्थिक सर्वेक्षणों यथा-वार्षिक उद्योग सर्वेक्षण, राष्ट्रीय प्रतिदर्श सर्वेक्षण आदि के माध्यम से भारत सरकार, प्रदेश सरकार द्वारा ऑकड़ों का संग्रहण किया जा रहा है। इन सर्वेक्षणों द्वारा प्रदेश में निवेश, विनिर्माण क्षेत्र में उत्पादन,व्यापार व अन्य सेवा क्षेत्र आदि से सम्बन्धित योगदान का आंकलन किया जाता है। इस क्रम में उन्होंने बताया कि इसे सफल बनाने के उद्देश्य से जिला स्तरीय समिति का गठन किया गया है।समिति के सदस्यों के साथ जिलाधिकारी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में संगोष्ठी का जाएगी।

# यातायात नियम का पालन, बचाते हैं राहगीरों की जान : सीताराम वर्मा

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

सोमवार को लंभुआ विधायक सीताराम वर्मा ने अपने निवास अमहट से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा की हरी झंडी दिखाकर ई-रिक्शा रवाना किया। मौके पर एआरटीओ नंदकुमार,यातायात प्रभारी अनूप सिंह व उनकी टीम मौजूद रही। विधायक सीताराम वर्मा ने मौजूद लोगों का आवाह्न करते हुए कहाकि यातायात नियमों का पालन करने वाले स्वयं तो सुरक्षित रहते ही है, राहगीरों को भी सुरक्षित करते है। एआरटीओ नंदकुमार ने अपील करते हुए कहाकि सुरक्षित यात्रा के लिए नियमों का पालन करना जरूरी है। उन्होनें कहाकि जब आप घर से यात्रा पर निकलते है, तो आपका परिवार आपका इंतेजार करता है, इसलिए घर से जब भी यात्रा पर निकले, वाहन के समस्त डाक्यूमेंट लेकर तथा हेल्मेट, शीटबेल्ट का उपयोग अवश्य करें। वहीं प्रभारी अनूप सिंह ने कहाकि




सुरक्षित यात्रा के लिए नियम का पालन स्वयं एवं दूसरों की सुरक्षा की गारंटी है। एआरटीओ व प्रभारी यातायात ने संयुक्त रूप से कहाकि सड़क सुरक्षा पखवाडा का पालन न करने वाले वाहन चालको से सख्ती के साथ निपटा जाएगा। इसलिए अपने वाहनों को सड़क पर लाने से पहले जांच लें कि वाहन और चालक से संबधित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण है, यदि नही है तो उसे दुरूस्त अवश्य करके ही यात्रा करें। अन्यथा की स्थिति में ठोस कार्यवाही से गुजरना पड़ेगा। उक्त अवसर पर टीएसआई परवेज आलम सहित यातायात की टीम मौजूद रही।

# कृष्णा फांउडेशन ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन संपन्न

जन एक्सप्रेस। सुल्तानपुर

कृष्णा फाउंडेशन ट्रस्ट के स्थापना दिवस पर रक्तदान शिविर का आयोजन जिला अस्पताल सुल्तानपुर में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला सूचना अधिकारी डां धीरेंद्र कुमार यादव रहे। जिला सूचना अधिकारी के द्वारा फीता काटकर शिविर का शुभारंभ किया गया। कृष्णा फाउंडेशन ट्रस्ट के अध्यक्ष एंव हिंदी दैनिक समाचार पत्र संपादक विजय सेन यादव के नेतृत्व में 11 यूनिट रक्तदान किया गया। दैनिक समाचार पत्र के संपादक विजय सेन ने कहा रक्तदान महादान की इस मुहिम को लगातार जिले के युवा बढ़ चढ़कर हिस्सा ले रहे हैं। वहीं जिला सूचना अधिकारी ने कहा कि ऐसे कार्यों से अन्य लोग भी सामाजिक कार्यों के लिए प्रेरित होते हैं। प्रत्येक व्यक्ति को रक्तदान करना चाहिए।
रक्तदान महादान होता है। आपके रक्त से किसी का जीवन बचाया जा सकता है। रक्तदान शिविर में 11 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान शिविर में प्रधान बीके यादव, वरिष्ठ सपा नेता जैसराज यादव, दुखहरन यादव, पत्रकार अभिषेक यादव, मनदीप यादव, ललित यादव, नीरज यादव, दिनेश वर्मा, सूरज यादव,आदित्य यादव, सूरज गणेश कुमार, संदीप यादव, शिव बहादुर, अमित पाण्डेय, पत्रकार विनोद यादव, एड् कुलदीप जनवादी सहित दर्जनों लोग शिविर में मौजूद रहे।

## निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का हुआ आयोजन

जन एक्सप्रेस। सुलतानपुर

रूद्र नारी उत्थान सेवा समिति एवं नैना आई हॉस्पिटल के संयुक्त तत्वाधान में रामराजी बालिका विद्या मंदिर में निशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन प्रातः 10ः00 से 2ः00 तक किया गया। शिविर का शुभारंभ ठाकुर जया सिंह राष्ट्रीय अध्यक्ष रूद्र नारी उत्थान सेवा समिति के द्वारा किया गया जिसमें डॉ प्रदीप मिश्रा के द्वारा लगभग 300 छात्राओं का नेत्र परीक्षण किया गया और आंखों की सुरक्षा के लिए छात्राओं को मोबाइल से दूर रहने एवं उसके रेडिएशन से बचने के उपाय बताएं। इस स्वास्थ्य शिविर में गुल फूल बेगम जिला प्रभारी, प्रीति मिश्रा जिला महामंत्री, जिया अब्बानी जिला प्रवक्ता, अब्दुल्ला जी एवं पूरी टीम का विशेष सहयोग रहा। इस मौके पर राम राजी विद्या मंदिर की प्रधानाचार्या ने पूरी टीम का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर डॉ गिरजा शंकर तिवारी, नागेंद्र मिश्रा, सरफराज एवं विद्यालय की सभी शिक्षिकाएं उपस्थित रही।

# विद्यालय में प्रवेश के नाम पर मची लूट पीड़ित ने समाधान दिवस में की शिकायत

जन एक्सप्रेस। बल्दीराय/सुल्तानपुर

तहसील अंतर्गत एक स्कूल में प्रवेश के नाम पर छात्र से 10 हजार रूपए विद्यालय कर्मी द्वारा हड़प लिए गए। छात्र के अभिभावक द्वारा रुपए मांगने पर धमकी दी जा रही है। मामला हलियापुर थानाक्षेत्र के डोभीयारा स्थित डालिम्स सनबीम स्कूल से जुडा है। शिक्षा के नाम पर लूट है, लूट सको तो लूट लो शिक्षा शिक्षा न होकर अब पूर्णतया व्यवसाय बन गया है। विद्यालय प्रबंधकों ने शिक्षा के नाम पर लूट मचा रखी है जबकि उ0प्र0 सरकार ने शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण व पारदर्शी व्यवस्था के लिए शिक्षा विभाग को स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि विद्यालय में छात्रों को किसी प्रकार का शोषण न हो इसके लिए प्रशासन को सख्त आदेश दिए गए हैं। किंतु डालिम्स सनबीम स्कूल के प्रबंधक व कर्मचारियों के लिए शासन प्रशासन व नियम कानून कोई मायने नही रखता हैं। तहसील के गौराबरामऊ गांव निवासी अजीत सिंह पुत्र रघुनाथ सिंह ने आरोप लगाया है कि प्रवेश के नाम पर उनके जानकारी के बगैर बच्चों से विद्यालय कर्मियों द्वारा दस हजार रुपये ले लिए गए। बच्चों को जबरदस्ती पाठ्य सामग्री दे दी गयी। जब अभिभावक अजीत सिंह को जानकारी हुई और विद्यालय कर्मी से बच्चों को वहां न पढ़ाने व रुपये लौटाने की बात कही तो कर्मी सुभाष ने बुरा भला कहते हुए कहा कि बच्चों को पढ़ाना है तो यहीं पढ़ाओ अन्यथा कहीं भी पढ़ाओ रुपये किसी भी हालत में वापस नही किये जायेंगे, जो करना हो वो कर लो मेरा कोई कुछ कर नहीं पाएगा। पीड़ित अजीत सिंह ने तहसील दिवस प्रभारी बल्दीराय को विद्यालय से छात्रों का उत्पीड़न रोकने, रूपया वापस कराने के लिए शिकायत पत्र दिया है, लेकिन अब देखना यह होगा कि प्रशासन द्वारा विद्यालय प्रबंधक व उनके कर्मचारियों द्वारा प्रवेश के नाम पर मची लूट को कब रोका जाएगा या फिर मनबढ़ विद्यालय प्रबंधक व उनके कर्मचारी, छात्र छात्राओं के साथ ऐसे ही उत्पीड़न का सिलसिला जारी रखेंगे, जो कि चिंतनीय है।

# फूड एंड एग्रो विषयगत ग्राहक संगोष्ठी का आयोजन

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जिले के अग्रणी बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा क्षेत्रीय कार्यालय द्वारा सोमवार को एम.एस.एम.ई फूड एंड एग्रो विषयगत ग्राहक संगोष्ठी कार्यक्रम का आयोजन किया गया, संगोष्ठी का प्रतिनिधित्व बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख राम बिनय कुमार सिंह (सहायक महाप्रबंधक) एवं मुख्य अतिथि श्रीमती रचना मिश्रा (उप-महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल कार्यालय) द्वारा किया गया। कार्यक्रम में जिले के बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़े गणमान्य पुराने एवं नए ग्राहकों को एम.एस.एम.ई उत्पादों की विस्तृत जानकारी मुख्य अथिति श्रीमती रचना मिश्रा (उप-महाप्रबंधक, बैंक ऑफ बड़ौदा, लखनऊ अंचल कार्यालय) द्वारा जानकारी प्रदान की गयी एवं क्षेत्रीय प्रमुख राम विनय कुमार सिंह (सहायक महाप्रबंधक) द्वारा कृषि उत्पादों से जुड़ी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इसके साथ ही कार्यक्रम में आये हुये बैंक ऑफ बड़ौदा से जुड़े ग्राहकों से उनकी समस्याओं से जुड़े प्रश्न लिये गये और उसका जवाब मुख्य अतिथियों के द्वारा दिया गया।

# एफसीआई के खाद्यान्न को डकारने की फिराक में था ठेकेदार, रंगे हाथ पकड़ा गया

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

जनपद में गरीबों को वितरित होने वाला राशन शासन के निर्देश के अनुसार सीधे कोटेदार के यहां न पहुंचा कर ठेकेदार मार्केटिंग मनोज के गोदाम में उतार रहा था। ग्रामीणों ने पूरे मामले की वीडियो बनाकर वायरल कर दिया। जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने मामले को संज्ञान में लेते हुए एसडीएम सलोन की अगुवाई में प्रशासनिक टीम मौके पर रवाना कर दी। एसडीएम सलोन ने सभी अनाज कब्जे में लेकर उसकी बोरियों की गिनती कराने के बाद रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दी। जिलाधिकारी ने रिपोर्ट के आधार पर ट्रांसपोर्ट कंपनी, वाहन चालक, वाहन स्वामी और परिसर स्वामी के ऊपर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है। जिलाधिकारी का कहना है कि रिपोर्ट के आधार पर सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। जिलाधिकारी ने बताया कि शासन स्तर से जिले में डोर स्टेप डिलीवरी योजना लागू है। इसके तहत एफसीआई से उठने वाला राशन सीधे कोटेदार तक पहुंचाए जाने की योजना है। इसका उद्देश्य घटतौली को रोकना है। डोर स्टेप डिलीवरी योजना लागू होने से पूर्व, एफसीआई से उठने वाला अनाज पहले मार्केटिंग गोदाम में उतारा जाता था। उसके बाद कोटेदार उसे खुद अपने साधन से उठाते थे जहां घटतौली की शिकायतें आती थी। इसी को रोकने के लिए शासन स्तर से डोर स्टेप डिलीवरी योजना शुरू की गई। जिसके तहत एफसीआई से उठाया गया अनाज सीधे कोटेदार के यहां पहुंचता है। जिससे बीच में उतारे जाने के चलते होने वाली घटतौली से निजात मिली थी।

## संचारी रोगों के रोकथाम के लिए डीएम ने ली दस्तक अभियान की बैठक

**जन एक्सप्रेस/रायबरेली।** जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने घर-घर दस्तक अभियान के अंतर्गत संचारी रोगों की रोकथाम के लिए बैठक का आयोजन बचत भवन स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में किया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को निर्देश दिया लोगों को अधिक से अधिक संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जाए। साथ ही आशा कार्यकर्ताओं के द्वारा घर-घर जाकर लोगों को संचारी रोगों के बारे में जागरूक किया जाए।
जिलाधिकारी ने कहा कि संचारी रोगों की रोकथाम के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में नालियों की साफ-सफाई और लोगों को शौचालयों के प्रयोग के लिए जागरूक किया जाए। पशुओं में संचारी रोगों को रोकने के लिए समय से उनका टीकाकरण किया जाए। इसके लिए जिलाधिकारी ने मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी से कहा कि सभी गोआश्रय स्थलों में पशुओं का टीकाकरण कराया जाए, बैठक में स्वास्थ्य विभाग के लोग उपस्थित थे।

# अपर मुख्य सचिव ने की आईजीआरएस व विकास कार्यों की समीक्षा बैठक




जन एक्सप्रेस। रायबरेली

सामान्य प्रशासन, भाषा, पुनर्गठन समन्वय एवं राष्ट्रीय एकीकरण विभाग उत्तर प्रदेश शासन अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार ने एक दिवसीय जनपद रायबरेली भ्रमण कार्यक्रम के दौरान विकासखंड बछरावां के नीमटीकरण कम्पोजिट विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण दौरान अपर मुख्य सचिव सीधे क्लास रूम में पहुंचे और एक शिक्षक की तरह बच्चों से सवाल जवाब किया। बच्चों के जवाब से खुश होकर उन्हें शाबाशी दी। उन्होंने कॉम्पोजिट विद्यालय नीमटीकर के बच्चों की तारीफ करते हुए कहा कि छात्रों ने सभी सवालों का जवाब देने के साथ ही एक बच्चे द्वारा उन्हें कविता भी सुनाई। इसी दौरान अपर मुख्य सचिव ने अमृत सरोवर नीमटीकरण का भी निरीक्षण किया। अपर मुख्य सचिव जितेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बचत भवन सभागार में आईजीआरएस एवं शासकीय विकास कार्यो की समीक्षा बैठक की गई।
बैठक में जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव, पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, अपर जिलाधिकारी प्रशासन प्रफुल्ल कुमार त्रिपाठी, अपर जिलाधिकारी वि0रा0 पूजा मिश्रा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट अंकिता जैन सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में मुख्य मुद्दा आईजीआरएस की समीक्षा ही रहा। एसीएस जितेन्द्र कुमार ने बताया कि प्रदेश में जनपद रायबरेली की आईजीआरएस में पांचवीं रैंक के साथ यहां की स्थिति अच्छी है। जिसका क्रॉस चेक भी किया गया है। उन्होंने अधिकारियों को आईजीआर एस से प्राप्त शिकायतों प्रकरणों को गंभीरता से लेकर समस्याओं को समयबद्ध गुणवत्तापूर्वक विशेष ध्यान देकर निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के अन्तर्गत ऑनलाइन एवं मुख्यमंत्री हेल्पलाइन प्राप्त होने वाले सन्दर्भो के निस्तारण के लिए अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वे अपने-अपने विभागों से सम्बन्धित प्रकरण सन्दर्भो पर स्वयं रूची लेते हुए उन प्रकार के सन्दर्भो को शून्य करने तथा डिफाल्टर की श्रेणी में आने से पहले ही गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण कराये। इसी दौरान उन्होंने जिलाधिकारी कार्यालय के ठीक सामने कई एकड़ में बन रहे उद्यान पार्क कोविड कंट्रोल रूम एवं आईजीआर एस कंट्रोल रूम का भी निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि यह पार्क रायबरेली के लिए बड़ी उपलब्धि है।

## रोजगार मेले का आयोजन 21 जुलाई को

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान गोरा बाजार, रायबरेली में 21 जुलाई 2023 को रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है, जिसमे अशोक लेलैंड, पंतनगर उत्तराखंड के लिए यूके सिनर्जी कंसल्टेंट्स देहरादून के द्वारा साक्षात्कार का आयोजन किया गया है इसमें राजकीय आईटीआई से उत्तीर्ण अभ्यर्थी व्यवसाय फिटर, मैकेनिक मोटर व्हीकल, वेल्डर, टर्नर, मशीनिस्ट, पेंटर जनरल, इलेक्ट्रीशियन, टूल एंड डाई मेकर, वायरमैन, कोपा, डीजल मैकेनिक ट्रेड से एवं वर्ष एनसीवीटी जुलाई, 2023 की परीक्षा में सम्मिलित ट्रेनीज भी भाग ले सकते है जिनकी आयु सीमा 18-21 वर्ष 6 माह तक हो, भाग ले सकते हैं। कंपनी के द्वारा रू0 12000 मासिक वेतन एवं अन्य सुविधाएं कंपनी के नियमानुसार देय है। जो भी अभ्यर्थी उपरोक्त कंपनी में अपना इंटरव्यू देना चाहते हैं वह अपना बायोडाटा, शैक्षिक अंकपत्र, प्रमाण पत्र, एवं आईटीआई उत्तीर्ण का प्रमाण पत्र यदि द्वितीय वर्ष की परीक्षा दे रहे हैं तो आईटीआई के प्रथम वर्ष के अंक पत्र की फोटो कॉपी दो प्रति फोटो आधार कार्ड सहित 21 जुलाई 2023 को प्रातः 10 बजे राजकीय आईटीआई रायबरेली में उपस्थित होकर चयन प्रक्रिया में भाग ले सकते हैं।

# जनपद में 35 धान क्रय केन्द्र स्थल चयनित

जन एक्सप्रेस। रायबरेली

खरीफ विपणन वर्ष 2023-24 के लिए किसानों से सीधे धान क्रय किये जाने और उन्हें न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ दिलाये जाने हेतु जिलाधिकारी माला श्रीवास्तव ने जनपद रायबरेली में विभिन्न एजेंसियों के कुल 35 धान क्रय केन्द्र को अनुमोदित किये हैं, जिसमें खाद्य विभाग के 31 एवं भारतीय खाद्य निगम के 04 धान केन्द्र सम्मिलित है। जिलाधिकारी ने कहा है कि अनुमोदित /चयनित किये गये 35 धान क्रय केन्द्रों पर किसानों की सुख-सुविधाओं की व्यवस्था के लिए इलेक्ट्रॉनिक कांटा, नमी मापक केन्द्र आदि की व्यवस्था धान क्रय केन्द्रों पर कराना सुनिश्चित किया जाए। जिला खाद्य विपण अधिकारी सोनी गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया है कि धान खरीद एजेन्सीवार चयनित धान क्रय केन्द्रों की सूची के अनुसार समस्त तहसील के विकास खण्डों में निर्धारित स्थानों पर धान क्रय केन्द्र संचालित किये जायेंगे। जिसमें खाद्य विभाग के 31-रायबरेली मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ, अमावां उपमण्डी स्थल, हरचन्दपुर प्रथम एवं द्वितीय, सतांव, महराजगंज उपमण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, बछरावां एट महराजगंज उपमण्डी पंचम व षष्ठम, शिवगढ़ एग्रीकल्चर मार्केटिंग हब (ए0एम0एच0), लालगंज मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, ऊँचाहार, रोहनिया, जगतपुर, डलमऊ उपमण्डी, दीनशाहगौरा एट डलमऊ उपमण्डी, सलोन मण्डी प्रथम, द्वितीय, तृतीय व चतुर्थ, डीह, परशदेपुर उपमण्डी स्थल, छतोह में धान क्रय केन्द्र अनुमोदिय किये गये हैं। इसी प्रकार भारतीय खाद्य निगम के 04-रायबरेली मंडी, पहरेमऊ महाराजगंज, ऊँचाहार मंडी एवं सलोन मंडी में धान क्रय केन्द्र स्थापित किये गये है।

# यूपी में 427 फार्मेसी कॉलेज की एनओसी रद

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



यूपी के 427 फार्मेसी कॉलेज के खिलाफ एक्शन लिया गया हैं। डी फार्मा यानी डिप्लोमा इन फार्मेसी कोर्स के लिए प्रदेश के 427 निजी कॉलेजों को मिली एनओसी निरस्त कर दी गई है।

बड़ी बात यह हैं कि मुख्यमंत्री कार्यालय से निर्देश मिलने के बाद सभी 75 जिलों के डीएम ने जांच की थी। जांच में 427 कॉलेजों की एनओसी जारी करने में गड़बड़ी की पुष्टि हुई। इनमें लखनऊ के भी तीन कॉलेज शामिल हैं। इन सभी 427 कॉलेज की मान्यता रद करते हुए लाइफटाइम कोर्स चलाने पर पाबंदी लगा दी गई।

एनओसी जारी होने के बाद एफिडेविट में गड़बड़ी की शिकायत मिलने पर शासन ने जिलों में डीएम स्तर से जांच कराई गई। डीएम के लेवल पर एफिडेविट में बताई गई बातों की फिजिकल जांच कराने पर खेल खुला है।

### नियमों की अनदेखी पर हुई करवाई

फार्मेसी कॉलेज चलाने के लिए NOC लेने वालों ने जमकर गुमराह करने का काम किया है। कुछ महाविद्यालय तो ऐसे निकले कानपुर देहात में कॉलेज चला रहे हैं और एफिडेविट में उरई की जमीन को दिखा दिया है। इसी तरह डिग्री या इंटर कॉलेज की जमीन को भी एफिडेविट में दिखाया गया है। मौके पर जांच में वहां पर कोई भवन ही नहीं मिला।

### सीएम ने दिए थे जांच के आदेश

सत्र 2023-24 के लिए पोर्टल खुलने पर 1243 कॉलेजों को हृह्रष्ट जारी कर दी गई। इसमें गड़बड़ी की शिकायत पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने 23 मार्च को जांच के आदेश दिए थे। इसके बाद सभी जिलों में डीएम की अध्यक्षता में कमिटी बनाई गई। इन कमिटियों ने रिपोर्ट शासन को भेजी थी। इनकी रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई हुई।

### लखनऊ में तीन कॉलेजों की एनओसी निरस्त

जांच में राजधानी के 3 संस्थानों में भी गड़बड़ी का खुलासा हुआ। इन सभी के खिलाफ भी एक्शन लेते हुए NOC रद की गई। इनमें दयानंद यादव कॉलेज ऑफ फार्मेसी, अर्जुनगंज, लखनऊ कॉलेज ऑफ फार्मेसी, कटौली, मलिहाबाद और वॉइट हॉल इंस्टिट्यूट ऑफ फार्मेसी, रैथा रोड, बीकेटी शामिल हैं।

# विवाहिता ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## मृतका के भाई ने बहनोई पर बहन को पीट-पीटकर मार डालने का लगाया आरोप

जन एक्सप्रेस। बख्शी का तालाब



लखनऊ के बीकेटी थाना क्षेत्र में विवाहिता ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। लोगों ने इसकी सूचना बीकेटी पुलिस को दी। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए। वहीं बीकेटी थाना पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

बीकेटी थाना क्षेत्र के पहाड़पुर गांव का मजरा मोहम्मदपुर सरैयां गांव में प्रापर्टी डीलर पवन गुप्ता की पत्नी सुनीता (32) ने पंखे में साड़ी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। सोमवार को साढ़े आठ बजे हुई इस घटना की सूचना लोगों ने बख्शी का तालाब थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। वहीं सूचना पाकर मृतका के परिजन गांव पहुंच। जहां उन्होंने पति प्रापर्टी डीलर पवन गुप्ता के साथ मारपीट शुरू कर दी। पुलिस ने दोनों पक्षों को बीकेटी थाना में बुलाया। पुलिस ने दोनों पक्षों के बयान दर्ज किए हैं। इस संबंध में मृतका के भाई लाल बाबू जयसवाल ने लिखित तहरीर दी है। जिसमें भाई ने बहनोई पवन गुप्ता पर बहन को पीट पीटकर मार डालने का आरोप लगाया है। मृतका के भाई का आरोप है कि मृतका की बड़ी बेटी ने बताया है कि पिता पवन गुप्ता के किसी आयरा नाम की महिला से सम्बन्ध थे। जिसके चलते मम्मी से रोज विवाद होता था। वाद-विवाद में पापा-मम्मी से मारपीट करते थे।

प्रापर्टी के काम में मंदी के चलते आर्थिक तंगी से गुजर रहा था पवन

प्राप्त जानकारी के अनुसार पवन गुप्ता प्रापर्टी डीलर का काम करते है। उनकी शादी नवंबर 2007 में सुनीता निवासी ई 4/586 विनय खंड गोमतीनगर लखनऊ से हुई थी। उनके तीन बच्चे बेटी वैष्णवी गुप्ता 14 ,बेटा कुणाल 12 और छोटी बेटी श्रुति गुप्ता हैं। बच्चे क्षेत्र के प्रतिष्ठित स्कूल में पढ़ते है। प्रापर्टी का काम बढ़िया चल रहा था। इस संबंध में उन्होंने अपनी जमीन भी बेच दिया था। 2020 में प्रापर्टी के काम में मंदी के चलते पवन गुप्ता आर्थिक तंगी से गुजर रहा था। जिसके चलते पत्नी से विवाद होता था। पत्नी का आरोप था कि वह किसी महिला के चक्कर में पड़े हैं।

### कावड़ियों की मौत के बाद जागे ऊर्जा मंत्री

# सावन के धार्मिक आयोजन के दौरान बिजली दुर्घटना हुई तो होगी सख्त कार्रवाई: ए.के. शर्मा

जन एक्सप्रेस। लखनऊ



मेरठ में करंट से हुई 6 लोगों की मौत के बाद आखिर पावर कॉर्पोरेशन जागा है। मंत्री एके शर्मा ने निर्देश दिया है कि धार्मिक आयोजन एवं कांवड़ यात्रा के दौरान विद्युत दुर्घटना हुई तो संबंधित अधिकारियों पर सख्त कार्रवाई होगी। शक्ति भवन में बैठक करते हुए उन्होंने कहा कि जिन जिलों में कांवड़ यात्रा निकल रही है या प्रसिद्ध मंदिर हैं वहां के पुजारी और जिला प्रशासन से विद्युत अधिकारी सम्पर्क में रहें।

ग्राम प्रधानों, पार्षदों तथा जनप्रतिनिधियों को कांवड़ यात्रा में बरती जाने वाली सावधानियों के संदर्भ में अवगत कराएं तथा जिन सड़कों से कांवड़ यात्रा निकल रही है, उस पर पेट्रोलिंग करके लाइनों एवं खम्भों के निर्धारित मानक को सुनिश्चित करें। यदि सड़क पर कहीं कोई अवरोध हो तो उसकी सूचना जिला प्रशासन को दें।

उन्होंने मेरठ में कांवड़ यात्रा में विद्युत से हुई दुर्घटना पर विस्तृत पूछंताछ की। मेरठ के प्रबंध निदेशक ने बताया कि भावनपुर के राली चौहान में हाईटेंशन लाइन से ज्यादा ऊंची 22 फुट ऊॅचा डीजे का ट्रैक्टर टकरा गया, जिससे यह हादशा हुआ। प्रशासन ने 12 फुट की अनुमति दी थी। पूरे प्रकरण की जांच विभिन्न एजेंसियों से कराई गई, जिसमें विद्युत विभाग की कोई गलती नहीं पायी गई। प्रबन्ध निदेशक ने बताया कि कांवड़ यात्रा को देखते हुये विभाग पूरी तरह सजग है। पूरी सावधानी बरती जा रही है। ऐसी घटनायें रोकने हेतु इसके लिए पेट्रोलिंग और भी बढ़ा दी गई है।

### बिजली विभाग का कोई दोष नहीं

ऊर्जा मंत्री ने निर्देशित किया कि इन दुर्घटनाओं में विद्युत निगम का कोई दोष नहीं है। फिर भी दुर्घटना में जान गंवाने वालों को नियमानुसार जो 1 लाख रुपए का भुगतान किया जाना है, वह तत्काल देना सुनिश्चित किया जाए। कांवड़ यात्रा रूट पर स्थानीय अवर अभियन्ता से लेकर उच्चाधिकारी पेट्रोलिंग करके यह सुनिश्चित करें कि जहां कहीं पर भी पोल या ट्रांसफार्मर के आस-पास विद्युत करंट उतर रहा हो, उसके बारे में लोगों को जागरूक करें, ऐसे पोल, ट्रांसफार्मर से लोगों को दूर रखने के उपाय भी किये जाएं। करंट उतरने के कारणों की जांच कर, उसे ठीक करने का भी प्रयास किया जाय। लाउडस्पीकर एवं प्रचार सामग्री के माध्यम से कांवड़ यात्रियों को भी जागरूक किया जाए कि वे ऐसा कोई कार्य न करें जिससे दुर्घटना की सम्भावना हो।

# एकेटीयू ने जारी किया काउंसिलिंग का शेड्यूल

## 24 जुलाई से बीटेक पाठ्यक्रम की प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

AKTU यानी डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय से संबद्ध संस्थानों के बीटेक पाठ्यक्रम में प्रवेश कार्यक्रम सोमवार को जारी कर दिया गया। 24 जुलाई से काउंसिलिंग शुरू होगी जो 11 सितंबर तक चलेगी।

पहले 4 राउंड की काउंसिलिंग के लिए 24 जुलाई से 5 अगस्त के बीच रजिस्ट्रेशन, फीस जमा करना और डॉक्यूमेंट अपलोड होगा। जबकि डॉक्युमेंट्स वेरीफिकेशन 25 जुलाई से 6 अगस्त के बीच किया जाएगा। ऑनलाइन चॉइस फिलिंग और सीट लॉक 10 अगस्त से 13 अगस्त के बीच होगा। जबकि सीट एलॉटमेंट 14 अगस्त को किया जाएगा।

दूसरे राउंड की काउंसिलिंग 17 अगस्त से 20 अगस्त तक चलेगी। इसी तरह तीसरे राउंड की काउंसिलिंग 21 से 25 अगस्त तक होगी। चौथे राउंड की काउंसिलिंग 27 से 29 अगस्त के बीच संपन्न होगी। जबकि सरकारी संस्थानों के लिए पांचवें राउंड की काउंसिलिंग 28 से 31 अगस्त के बीच होगी। छठवें राउंड की काउंसिलिंग के दौरान स्पेशल राउंड वन के लिए रजिस्ट्रेशन 1 सितंबर से 3 सितंबर के बीच होगा। यह राउंड 5 सितंबर तक चलेगा। सातवें राउंड की शुरुआत 6 सितंबर से होगी। इस दौरान स्पेशल राउंड 2 के लिए रजिस्ट्रेशन 6 से 7 सितंबर के बीच होगा। जबकि 11 सितंबर को फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी।

# महिला से चेन लूट: पति के पीछा करने पर भाग निकले लुटेरे, गिरफ्तार

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ के राजाजीपुरम इलाके में मार्निक वॉक पर निकली महिला से चेन लूटने वाले दो लुटेरे महिला के पति की हिम्मत के आगे अपनी स्कूटी छोड़कर भाग निकले। जब महिला के पति ने चेन लूट के दौरान शोर मचाते हुए लुटेरों का पीछा किया और लुटेरे रास्ते में एक टूटी दीवार की वजह से स्कूटी छोड़कर भागना पड़ा। पुलिस ने स्कूटी के माध्यम से दोनों लुटेरों को गिरफ्तार कर लिया। इनमें एक बदमाश दिल्ली का रहने वाला है। पुलिस के मुताबिक पकड़े गये लुटेरों में एक दिल्ली के सकरपुर निवासी नवाब अंसारी और दूसरा दुबग्गा निवासी मनोज गुप्ता हैं। दोनों के पास से बरामद अपाचे बाइक पारा और स्कूटी दुबग्गा से चोरी की गई थी। इन बदमाशों ने राजाजीपुरम में राज गार्डेन के पास अनिल कुमार गुप्ता की पत्नी की चेन लूट ली थी। अनिल के पीछा करने पर लूटेरे स्कूटी छोड़कर भाग निकले थे।



### सीसीटीवी-सर्विलांस की मदद से गए पकड़े

एडीसीपी पश्चिम चिरंजीव नाथ सिन्हा ने बताया कि शनिवार और रविवार दोनों लूट की घटना के बाद पुलिस टीम सीसीटीवी और सर्विलांस पर काम कर रही थी। इस दौरान ही सआदतगंज के पास नीले रंग की स्कूटी पर हरे और लाल रंग की टीशर्ट पहने दो संदिग्ध युवक दिखे। जिनका हुलिया राजाजीपुरम में शनिवार को हुई लूट में शामिल बदमाशों की तरह दिखी। जानकारी पता चला कि स्कूटी फरीदनगर निवासी अनामिका गुप्ता की है। जिसका पति मनोज गुप्ता 2022 में एक डॉक्टर पर हमले में जेल जा चुका है।

# राजनाथ सिंह को 30 सामाजिक संगठनों ने दिया ज्ञापन

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ गोल्फ क्लब में भारतीय परिधानों के साथ एंट्री का मामला अब तूल पकड़ता जा रहा है। सोमवार को इंडियन इंडस्ट्री एसोसिएशन के पूर्व चेयरमैन प्रशांत भाटिया ने इसको लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से मुलाकात की। उनके साथ करीब 30 से ज्यादा सामाजिक संगठन के कार्यकर्ता मौजूद रहे। राजनाथ सिंह को ज्ञापन देते हुए मांग की गई कि गोल्फ क्लब समेत पूरे देश के क्लबों में भारतीय परिधानों के साथ एंट्री को लेकर कानून बनाने की जरूरत है। पिछले दिनों प्रशांत भाटिया गोल्फ गोल्फ क्लब पहुंचे थे और वहां होने कुर्ता पजामा पहन रखा था इसकी वजह से उनकी एंट्री को लेकर विवाद शुरू हो गया था और उनसे कहा गया था कि इस परिधान के साथ आप क्लब के अंदर नहीं बैठ सकते हैं।

# सोमवती अमावस्या पर लाखों श्रद्धालुओं ने किये मां चन्द्रिका देवी के दर्शन

## मां के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी कष्टों का हो जाता है निवारण

जन एक्सप्रेस। बीकेटी, लखनऊ



राजधानी के बीकेटी के कठवारा गांव स्थित चंद्रिका देवी मंदिर में सोमवती अमावस्या पर एक लाख से भी ज्यादा भक्त दर्शन करने पहुंचे। मेला कमेटी के अध्यक्ष अखिलेश सिंह चौहान ने बताया कि रविवार शाम से ही सीतापुर, बाराबंकी, उन्नाव, हरदोई आदि जिलों से भक्त पहुंचने लगे। सोमवार शाम आरती तक भक्तों के आने का सिलसिला जारी रहा। सुप्रसिद्ध ऐतिहासिक, धार्मिक एवं पौराणिक तीर्थ मां चंद्रिका देवी मंदिर की काफी मान्यताएं है।कहा जाता है कि यहां मां के दर्शन मात्र से भक्तों के सभी कष्टों का निवारण हो जाता है। चंद्रिका देवी मंदिर भी 51 शक्ति पीठों में से एक है।इस मंदिर के दर्शन का भी काफी महत्व है। इस मंदिर की इतनी मान्यता है, कि लखनऊ व उसके आसपास के जिले के लोग ही नहीं बल्कि समूचे प्रदेश के कोने कोने से लोग यहां मत्था टेकने आते हैं, और अपने परिवार की सुख-समृद्धि की कामना करते हैं।वैसे तो यहां रोजाना ही भीड़ उमड़ती है। लेकिन हर अमावस्या एवं नवरात्र के मौके पर तो यहां लाखों भक्तों की भीड़ उमड़ती है।

# 6 वाहन चोर गिरफ्तार, आरोपियों में 3 नाबालिग भी शामिल

## फर्जी नंबर प्लेट और कागज बनाकर गांवों में बेचते थे

जन एक्सप्रेस। लखनऊ

लखनऊ में पुराने दो पहिया वाहन चुराने में एक शातिर गैंग ने बच्चों को लगा रखा था। जिससे कोई उन पर शक न कर सके। डीसीपी उत्तरी कासिम आब्दी ने गिरोह का खुलासा करते हुए बताया कि गिरोह के शामिल तीन बाल अपचारी समेत छह लोगों को पकड़ा गया है। पुलिस टीम गिरोह के अन्य सदस्यों के विषय में जानकारी जुटा रही है।

डीसीपी ने बताया कि पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर इंदिरानगर निवासी विशाल उर्फ बड़ा बऊआ, सीतापुर बिसवां निवासी आसिफ और बाराबंकी निवासी कुशाल को गिरफ्तार किया। इनके साथ ही तीन वाहन चोरी में संलिप्त बाल अपचारी को भी पकड़ा गया है। इनके पास से 22 चोरी की मोटर साइकिल बरामद बरामद हुई हैं। यह पुरानी बाइक को निशाना बनाते थे, क्योंकि उनका लॉक आसानी से मास्टर की से खोला जा सकता है। गैंग चोरी के वाहन फर्जी नंबर प्लेट और कागज बनवाकर ग्रामीणों और जरूरतमंद लोगों को बेच देता था।



### कम उम्र देख लोग नहीं करते थे शक, नेपाल तक बिक्री

इंदिरानगर इंस्पेक्टर छत्रपाल सिंह ने बताया कि यह गैंग शहर में घूम-घूम कर चोरी की घटनाओं को अंजाम दे रहे थे। गिरोह में शामिल 16-17 साल उम्र के लड़कों पर बाजारों में रेकी और वाहन चुराते वक्त लोग शक नहीं करते थे। अभी तक की पूछताछ में सामने आया है कि यह लोग पूर्वांचल के ग्रामीण इलाकों में बाइक बेचते थे। साथ ही बहराइच के रास्ते नेपाल भी कई गाड़ियां ले जाकर बेच चुके हैं।

# 'एनडीआरएफ' ने छात्रों को सिखाये आपदा प्रबंधन के गुण







जन एक्सप्रेस। लखनऊ

हर समय आपदा में तत्पर रहने वाली 11वीं एन.डी.आर.एफ. लखनऊ की टीम ने, जी. एस. नवीन कुमार (राहत आयुक्त) उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशानुसार, सोमवार, दिनांक 17/07/2023 को जी. डी. गोयनका पब्लिक स्कूल लखनऊ (उ.प्र.), में विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसके अंतर्गत छात्र-छात्राओं को आपदा के समय राहत-बचाव के, तरीकों का प्रर्दशन तथा प्रशिक्षण दिया गया। अनिल कुमार पाल (उप कमांडेंट) ने छात्रों से कहा, आपदाओ का सामना जानकारी तथा तैयारी से किया जा सकता है, इसलिए परिस्थितियां कैसी भी हो लेकिन हार ना माने। प्रशिक्षण कार्यक्रम के दौरान एन.डी.आर.एफ. की विशिष्ठ प्रशिक्षित टीम द्वारा छात्र-छात्राओं को प्राथमिक उपचार, ट्रामा मैनेजमेंट, हार्ट अटैक आने पर सीपीआर देना, सर्पदंश उपचार, आग लगने व भूकंप के दौरान किये जाने वाले, बचाव उपायों के बारे में डेमोंट्रेशन देकर समझाया साथ ही बाढ़ पूर्व तैयारी बचाव एवं पूर्वानुमान बताने वाली मोबाइल एप्लिकेशन सचेत, दामिनी के बारे मे बताया। बच्चे देश के भविष्य हैं जिनको जानकारी होने पर वो अपनी और अपने आस पास के लोगो की मदद कर सकते है एवं उनको पहले से सब बता कर सचेत भी कर सकते हैं।

### जी.एस. नवीन कुमार ने सुरक्षा कार्यक्रम की सराहना की

विद्यालय सुरक्षा कार्यक्रम के दौरान जी. एस. नवीन कुमार (राहत आयुक्त) उ. प्र. द्वारा एनडीआरएफ के सुरक्षा कार्यक्रम की सराहना की गई और बताया कि आगे भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रम करते रहें ताकि लोगों को आपदा से बचाव एवं आपदा के दौरान क्या करें क्या न करें ये पता लग सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंत में प्रधानाचार्य प्रेणा मित्रा ने कहा कि, विद्यालय के सभी अध्यापक और विद्यार्थी काफी लाभान्वित हुए है, तथा भविष्य में विभिन्न आपदाओं के दौरान, बचाव के उपयुक्त तरीकों का उपयोग करके, बहुमूल्य मानव जीवन को बचाने में, अपनी भागीदारी सुनिश्चित करेंगे तथा समाज व देश को लाभान्वित कर सकेंगे।

लखनऊ नगर निगम, लखनऊ
3, त्रिलोकनाथ मार्ग, लखनऊ – 226001 (उ.प्र.)
फोन–फैक्स 0522–2612639, ई–टेण्डर पोर्टल– https://etender.up.nic.in

ई–निविदा सू.सं. D-563/CE(E/M)/23 दिनांक 17.07.2023

निविदा सूचना

**ई-निविदा प्रणाली के अन्तर्गत नगर निगम के जोनों के अन्तर्गत आने वाले वार्डों की मार्गीय प्रकाश व्यवस्था के अनुरक्षण कार्यों हेतु 25 फुट एवं 30 फुट बॉस की सीढ़ी की आपूर्ति के सम्बन्ध में।**

मार्ग प्रकाश विभाग द्वारा नगर निगम के जोनों के अन्तर्गत आने वाले वार्डों की मार्गीय प्रकाश व्यवस्था के अनुरक्षण कार्यों हेतु 25 फुट एवं 30 फुट बॉस की सीढ़ी की आपूर्ति का कार्य एकल–लिफाफा पद्धति के माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित है। प्रश्नगत आपूर्ति के कार्य से संबंधित सामग्रियों की संख्या/मानक बी.ओ.क्यू. में उल्लिखित होगी। निविदा प्रपत्र मूल्य की धनराशि https://induscollect.indusind.com/pay/index.php पर ऑन लाइन जमा करना होगा तथा धनराशि ट्रॉसफर का यू.टी.आर. नम्बर आदि की स्कैन कापी निविदा के साथ वेबसाइट पर अपलोड करना अनिवार्य होगा। किसी भी निविदा को स्वीकृत अथवा अस्वीकृत करने का अधिकार नगर आयुक्त महोदय लखनऊ को होगा। सशर्त निविदा मान्य नही होगी। धरोहर धनराशि आगणक का 2% (EMD) की आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.), नगर निगम लखनऊ के नाम बंधक होना आवश्यक है।

| क्र. सं. | विवरण | प्रारम्भ दिनांक एवं समय | अंतिम दिनांक एवं समय |
|---|---|---|---|
| 01 | निविदा खोलने/डाउनलोड/खरीदने की तिथि | 18.07.23, 10.00 AM | 24.07.23, 03.00 PM |
| 02 | बिड समाप्ति की तिथि एवं समय | | 24.07.23, 03.00 PM |
| 03 | बिड खोलने की तिथि एवं समय | 24.07.23, 04.00 PM | |

नोट– आपूर्ति के कार्यो का विवरण एवं शर्तें नगर निगम लखनऊ की वेबसाइट https://etender.up.nic.in पर देखी जा सकती है।

मुख्य अभियन्ता (वि./यॉ.)
नगर निगम लखनऊ

# जन एक्सप्रेस

## सम्पादकीय

## भाजपा राजनीतिक रूप से तो मजबूत हुई है मगर चारित्रिक रूप से कमजोर हो गयी

**आज भाजपा में दूसरे दलों से आए नेताओं का बोलबाला हो रहा है। पार्टी के शासन वाले बहुत से राज्यों में दूसरे दलों से आए नेताओं को मुख्यमंत्री, मंत्री बनाया गया है। ऐसे ही संगठन में दूसरी पार्टी से आए नेता प्रमुख पदों पर बैठे हुए हैं। हाल ही में पंजाब भाजपा के अध्यक्ष बनाए गए सुनील जाखड़ तो कुछ माह पूर्व ही भाजपा में शामिल हुए थे। कांग्रेस पार्टी में तवज्जो नहीं मिलने के चलते सुनील जाखड़ भाजपा में आ गए थे। पूर्व में वह पंजाब कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भी रह चुके हैं।**

*कभी चाल, चरित्र, चेहरे की बात करने वाली भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) अब पूरी तरह से बदल गई है। सत्ता के लालच ने भाजपा का चरित्र ही बदल कर रख दिया है। देश में कम्युनिस्ट पार्टियों के बाद अनुशासन के मामले में सख्त मानी जाने वाली भाजपा का अनुशासन अब तार-तार हो गया है। भाजपा में वफादारी की बात करना अब बेमानी हो गया है। सत्ता के लालच में पार्टी के नेता कब कौन-सा कदम उठा ले किसी को पता नहीं है। 2014 के बाद तो भाजपा पूरी तरह बदल गयी है। इस समय की भाजपा सत्ता की इतनी भूखी हो गई है कि सत्ता मिलते देख वह अपने जन्मजात दुश्मनों को भी गले लगाने से परहेज नहीं कर रही है। जब 1980 में जनता पार्टी से अलग होकर भाजपा का गठन किया गया था। उस समय राजनीतिक रूप से तो भाजपा कमजोर थी मगर चारित्रिक रूप से बहुत मजबूत थी। भाजपा के अनुशासन व संगठन को लेकर सभी राजनीतिक दलों में चर्चाएं होती थीं। अपने वफादार कार्यकर्ताओं के बल पर भाजपा हर समय संघर्ष करने को तैयार रहती थी। पार्टी नेताओं के एक इशारे पर पार्टी कैडर मरने मारने पर उतारू हो जाता था। पार्टी के कार्यकर्ता भूखे रहकर महीनों तक चुनाव में पार्टी के लिए मेहनत करते थे। मगर अब नजारा पूरी तरह से बदल गया है। आज भाजपा का कार्यकर्ता सुविधा भोगी हो गया है। सबको सत्ता का लालच आ गया है। पार्टी का हर कार्यकर्ता पांच सितारा जिंदगी में जीना चाहता है। भाजपा का छुटभैया नेता भी आज बड़ी-बड़ी लग्जरी गाड़ियों में घूम रहा है। एक समय पाई पाई के लिए मोहताज रहने वाले पार्टी कार्यकर्ताओं के पास अचानक ही लग्जरी लाइफस्टाइल बिताने के लिए इतना धन कहां से आया इस बात से पार्टी के बड़े नेताओं को कोई मतलब नहीं रहता है। सत्ता पाने की होड़ में पार्टी आलाकमान उस बात से भी आंख मूंद लेती है जिससे पार्टी की छवि खराब हो रही है। पार्टी की स्थापना करने के बाद अटल बिहारी वाजपेयी, लालकृष्ण आडवाणी, नानाजी देशमुख, विजय राजे सिंधिया, भैरोंसिंह शेखावत, कुशाभाऊ ठाकरे, सुंदर सिंह भंडारी, कल्याण सिंह, मुरली मनोहर जोशी, शांता कुमार, सुंदरलाल पटवा, श्यामाचरण सकलेचा, मदन लाल खुराना, जगदीश प्रसाद माथुर, विजय कुमार मल्होत्रा, जाना कृष्णमूर्ति, एम वेंकैया नायडू, सूरजभान जैसे बहुत से नेताओं ने पार्टी को बनाने में अपना सब कुछ खपा दिया था। पार्टी में इन वरिष्ठ नेताओं का जब तक दबदबा रहा तब तक पार्टी सत्ता पाने की दौड़ में शामिल नहीं हुई थी। अटल, आडवाणी युग में भाजपा ने अपने को जमीनी स्तर पर बहुत मजबूत किया था। जिसका ही नतीजा है कि आज भाजपा देश में शासन कर रही है। एक समय था जब अटल बिहारी वाजपेयी ने सिद्धांतों से समझौता नहीं कर के प्रधानमंत्री का पद गंवा दिया था। उस दौर में पार्टी के लिए सत्ता से बड़े सिद्धांत होते थे। मगर अब सब कुछ बदल गया है। आज के समय में सत्ता हासिल करना ही पार्टी का मुख्य उद्देश्य बन गया है। 2014 में जब नरेंद्र मोदी पहली बार प्रधानमंत्री बने और अमित शाह पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने उसके बाद से पार्टी में पुराने नेताओं, पुराने कार्यकर्ताओं को धीरे-धीरे पीछे धकेला जाने लगा। उनके स्थान पर फाइव स्टार कल्चर के नए-नए लोगों को आगे बढ़ाए जाने जाने लगा। भाजपा के बारे में माना जाता था कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) का पार्टी पर पूरा नियंत्रण रहता है। संघ की इजाजत के बिना पार्टी में पत्ता भी नहीं हिल सकता है। मगर मौजूदा परिस्थितियों में लगता है कि संघ का पार्टी पर से नियंत्रण समाप्त हो गया है। संघ के पदाधिकारी भी आज मौन रहकर पार्टी के सत्ता लोलुप स्वरूप को देख रहे हैं। पार्टी की नीतियों में हस्तक्षेप करने की संघ में भी हिम्मत नहीं रह गई है।*

## एक्सप्रेस आलेख

**योगी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की चुनावी संस्कृति जहां शांति व सौहार्द के रंगों से रंगी है वहीं ममता बनर्जी की लचर कार्यप्रणाली की वजह से बंगाल के चुनावों में खूनी खेल आम बात हो गई है। 25 करोड़ उत्तर प्रदेश वासी जहां चुनावों को लोकतंत्र का उत्सव के तौर पर मनाती है वहीं लगभग 10 करोड़ आबादी वाले पश्चिम बंगाल में हिंसा का तांडव मचा हुआ है। ऐसे में लहुलूहान बंगाल के लिए योगी का शांतिप्रिय यूपी नजीर है। कहने से कोई गुरेज नहीं कि ममता बनर्जी को वायलेंस पसंद है तो योगी को साइलेंस। दीदी को राजनीतिक सत्ता पसंद है तो योगी को कानून का राज। ममता बनर्जी को गुरुदेव रविन्द्र नाथ टेगौर और नेता सुभाष चंद्र बोस के राज्य को पटरी पर तो लाना होगा।**

# पंचायत चुनाव प्रबंधन: दीदी जरा सीखें योगी से



**आर.के. सिन्हा**

**यूपी से नजरें फेरने वाले उद्योगपति भी यहां उद्योग लगाने को बेताब हो गए। कानून का राज स्थापित होने का ही नतीजा है कि यूपी को हाल के दौर में 36 लाख करोड़ के निवेश हासिल हुए। जाहिर सी बात है इससे रोजगार के लाखों अवसर सृजित होंगे और करोड़ों युवाओं के हाथों को काम मिलेगा।**

यूपी में विगत मई महीने में पंचायत चुनाव हुए और पश्चिम बंगाल में इसी जुलाई में। दोनों ही देश के आबादी और क्षेत्रफल के लिहाज से खास राज्य हैं। पर पंचायत चुनावों के दौरान जहां यूपी में पूर्ण शांति रही, वहीं पश्चिम बंगाल ने हिंसा,आगजनी और निर्मम हत्याएं होती देखीं। राजनीतिक एकाधिकार के लिए पश्चिम बंगाल में राजनीतिक हिंसा की संस्कृति अन्य भारतीय राज्यों की तुलना में कहीं अधिक विद्रूप रूप धारण कर गई है। देखा जा रहा है कि राजनीतिक दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पों की संस्कृति, खासतौर से ग्रामीण क्षेत्रों में हाल के कुछ वर्षों में यहां कुछ ज्यादा ही फली-फूली है। पश्चिम बंगाल में हाल ही में हुए पंचायत चुनाव के दौरान खूब-खराबा हुआ जिसमें तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हुई हैं। इस बात की पुष्टि करता है कि दीदी यानी ममता बनर्जी की सरकार सत्ता की हनक को बरकरार रखने के लिए किसी भी हद तक जा सकती हैं। लेकिन, ममत बनर्जी भूल जाती हैं कि कोई भी सरकार कल्याणकारी राज्य के तौर पर काम करती है और कानून का राज उसकी एक अहम शर्त होती है। आज भले ही पश्चिम बंगाल में तृणमूल कांग्रेस पार्टी (टीएमसी) पंचायत चुनाव में जीत का जश्न मना रही है, लेकिन इस जश्न में उन परिवारों की चीत्कार का कोई मायने नहीं है जिनके परिजन चुनावी हिंसा के शिकार हो गए। निश्चित रूप से खून से सने पोलिंग बूथ, टूटी मतपेटियां और बुलेट-बम की खौफनाक तस्वीरें भी जीत के जश्न में कहीं खो जाएंगी, क्योंकि; यह सब बंगाल की नियति से जुड़ गई है। शायद इसीलिए आम लोगों के बीच उत्तर प्रदेश में शांतिपूर्ण चुनाव की चर्चा जोर पकड़ने लगी है। यूपी में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की सरपरस्ती में हुए पंचायत चुनाव शांतिपूर्ण तरीके संपन्न हुए थे। इसलिए कहने वाले कह रहे हैं कि ममता बनर्जी को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से चुनाव प्रबंधन सीखना चाहिए। दरअसल पश्चिम बंगाल में चुनावी हिंसा का इतिहास बहुत पुराना है लेकिन, अगर हम आजादी के बाद की बात करें तो 1960 के दशक के अंत में पश्चिम बंगाल की राजनीति में वाम मोर्चा एक ताकतवर दल के रूप में उभरा, जिसके कारण राजनीतिक हिंसा की संस्कृति स्थापित हुई। वाम मोर्चे ने जैसे-जैसे कांग्रेस के प्रभुत्व को चुनौती देना शुरू किया, दोनों दलों के कार्यकर्ताओं के बीच हिंसक झड़पें रोजमर्रा की घटनाएं बन गईं। 17 मार्च 1970 को पूर्व बर्धमान जिले में हुए सैनबाड़ी नरसंहार, जहां कांग्रेस कार्यकर्ताओं की हत्या की गई और 27 फरवरी 1971 को कोलकाता में ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक के अध्यक्ष हेमंत बसु की हत्या से जुड़ी यादें आज भी ताजा हैं। इन घटनाओं ने राजनीतिक सत्ता को बरकरार रखने के लिए 'बंदूक संस्कृति' की नींव रखी। 1998 में ममता बनर्जी की ओर से टीएमसी के गठन के बाद वर्चस्व की लड़ाई ने हिंसा का नया दौर शुरू किया। उसी साल हुए पंचायत चुनावों के दौरान कई इलाकों में भारी हिंसा हुई। केंद्रीय गृह मंत्रालय के आंकड़ों के मुताबिक, 2018 के पंचायत चुनाव के दौरान 23 राजनीतिक हत्याएं हुई थी। नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) की एक रिपोर्ट में इस बात का उल्लेख भी है कि साल 2010 से 2019 के बीच पश्चिम बंगाल में 161 राजनीतिक हत्याएं हुई और पश्चिम बंगाल इस मामले में पूरे देश में पहले स्थान पर रहा। इससे पहले 2003 के पंचायत इलेक्शन चुनाव की बात करें तो तब करीब 80 मौतें हुईं थीं। 2008 में 45 मौतें। ताजा चुनाव में 36 लोगों की मौत की खबर है। हालांकि यह आधिकारिक आंकड़ा नहीं है। सरकार हमेशा मौतों की संख्या कम करके बताती रहती है। वास्तविकता में कहीं ज्यादा मौतें होती हैं। निश्चित रूप से जब एक तरफ जहां ममता बनर्जी के शासनकाल में उनका राज्य मे अराजकता बढ़ रही है और चुनावी हिंसा में कई दर्जन लोगों ही हत्या हो जाती है तो ऐसे में योगी आदित्यनाथ का यूपी देश के लिए नजीर तो बन ही गया है। देश का सबसे बड़ा राज्य होने के बावजूद यहां 2019 के लोकसभा चुनाव से लेकर हाल में संपन्न हुए नगर निकाय चुनाव तक में एक भी सीट पर हिंसा नहीं हुई, लोगों के मारे जाने की खबर तो बहुत दूर की बात है। शांतिपूर्ण चुनाव और बड़े आयोजनों से योगी के चुनाव प्रबंधन की गूंज देश के हर कोने तक पहुंची है। पंचायत चुनाव के दौरान तीन दर्जन से अधिक राजनीतिक हत्याएं हो चुकी हैं लेकिन ममता बनर्जी की सरकार कुंभकर्णी नींद में सोई हुई है। तृणमूल कांग्रेस के समर्थकों पर मतपेटी लेकर भागने व जलाने का भी आरोप है। बैलेट पेपर पानी में तैरते मिले तो पुलिस की गाड़ी में आग लगा दी गई। हिंसा प्रदेश बने बंगाल में खुलेआम गोलीबारी और बमबारी से पूरा देश शर्मसार है। इसके उलट उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है। यहां लोकसभा की 80, विधानसभा की 403 सीटें हैं। पिछले मई महीने में संपन्न हुए उत्तर प्रदेश नगर निकाय चुनाव में मेयर की 17, निगम पार्षद की 1420, नगर पालिका परिषद अध्यक्ष की 199, सदस्य की 5327, नगर पंचायत अध्यक्ष की 544 और सदस्य की 7177 सीटों पर चुनाव हुए, लेकिन एक भी सीट पर हिंसा की मामूली घटना भी सुनने को नहीं मिली। हर सीट पर शांतिपूर्ण चुनाव हुए क्योंकि यूपी के पास योगी जैसा मुख्यमंत्री है जो जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम करते हैं। याद करें तो 2017 के पहले यूपी का हाल भी बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने पुलिसकर्मी को खुली छूट दे दी कि कहीं भी कानून से खिलवाड़ हो तो आप किसी आदेश का इंतजार न करें, सीधे कानून बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटें। पुलिस को योगी की मिली यह छूट काफी कारगर रही और यूपी शांतप्रिय प्रदेश हो गया। यहां कानून का राज स्थापित हो गया।



**याद करें तो 2017 के पहले यूपी का हाल भी बहुत अच्छा नहीं था, लेकिन सत्ता संभालने के बाद सीएम योगी ने पुलिसकर्मी को खुली छूट दे दी कि कहीं भी कानून से खिलवाड़ हो तो आप किसी आदेश का इंतजार न करें, सीधे कानून बिगाड़ने वालों से सख्ती से निपटें।**

## एक्सप्रेस कविता

*पुस्तकें कभी बूढ़ी नहीं होती। पुस्तकों (किताबों) का स्वरूप विराट, सास्वत होता है, वह कभी बूढ़ी नही होती, उन्हें लाठी लेकर चलने की आवश्यकता नही होती, उनके बाल नहीं सफेद होते, दांत नहीं टूटते और वे वृद्ध मां बाप की तरह वृद्धा आश्रम में एक अलग कमरे में नहीं रखी जा सकती, पुस्तकें बात करती हैं, हंसती हैं, खिलखिलाती हैं, पुस्तकें परंपरा है, श्रृंखला है, कल, आज और कल की साक्षी होती हैं, शिशुओं की तरह मुस्कुराती बाल सखा की तरह बतियाती, कभी मां की तरह लोरी सुनाती है तो कभी पितामह की तरह हिदायत भी देती है, पुस्तकें ही चंद्रमा है पुस्तकें ही सूरज हैं, पुस्तकें ही जुगनू, पुस्तकें ही सितारे हैं। पुस्तकें ही प्रकाश पुंज है हमारी गुरु, कभी सच्ची मित्र पुस्तकें ही हैं, यही शक्ति का पुंज हैं।*

**संजीव ठाकुर**

## एक्सप्रेस ज्ञान

*प्रतिष्ठा बनाने में 20 साल लगते हैं और इसे बर्बाद करने में पांच मिनट लगते हैं। यदि आप इसके बारे में सोचते हैं, तो आप चीजें अलग-अलग करेंगे।*

## आज का पंचांग


*किसी भी शुभ कार्य को करने के लिए सही मुहूर्त, सही समय, और सही नक्षत्र का होना जरुरी होता है, आज हम आपको आज के दिन का सही समय जो की सही कार्य करने का है, और आज कब कौन सी दशा कौन से टाइम में चल रही है उसका समुचित विवरण हिन्दू कैलेंडर और हिन्दू पंचांग के अनुसार दे रहे है, आज आपका दिन मंगलमयी रहे, यही शुभकामना है। आज का दिन शुभ कार्य के लिए सही कार्य है या नहीं आज के चौघड़िया के अनुसार जानें। अगर आप आज वाहन खरीदने का विचार कर रहे हैं या आज कोई नया व्यापार आरंभ करने जा रहे हैं, गृह प्रवेश कर रहे हैं, गृह निर्माण कर रहे है, प्रॉपर्टी खरीद रहे हैं, या कोई अन्य शुभ कार्य करने के लिए सोच रहे है तो पहले यहाँ सही समय देख लें, आपका कार्य शुभ और सफल होगा, यही हमारी ओर से शुभ मंगल कामना है।*

| | |
|---|---|
| तिथिः | प्रतिपदा 26:10 तक |
| नक्षत्रः | पुष्य 31:53 तक |
| पक्षः | शुक्ल |
| वारः | मंगलवार |
| योगः | हरषाना, 09:30 |
| सूर्योदयः | 05:38 |
| सूर्यास्तः | 19:16 |
| चंद्रमाः | कर्क राशि में |
| राहुकालः | 15:51-17:33 |
| विक्रमी संवत्: | 2080 |
| शक सम्वतः | 1944 |
| मासः | सावन |
| शुभ मुहूर्तः | 11:59-12:54 |

# जन एक्सप्रेस

### दे दो तनिक ध्यान !

*छोड़ कर ये झगड़े ।*
*कर लो थोड़ा काम ।।*
*तज कर राजनीति ।*
*पा लो कुछ मुकाम ।।*
*तू तू मैं मैं रोक कर ।*
*दे दो तनिक ध्यान ।।*
*डूब रही है दिल्ली ।*
*ना बनो महान ।।*
*दो दो हाथ कर लेना ।*
*खोजो समाधान ।।*
*पहुंच जाए राहत ।*
*डालो इसमें जान ।।*
*है यह किसका क्षेत्र ।*
*ना छेड़ो ये तान ।।*
*मान मनौव्वल ना कराओ ।*
*हैं फंसे इंसान ।।*



- कृष्णेन्द्र राय

## एक्सप्रेस स्वास्थ्य

# यूरिक एसिड कम करने के लिए करें सोंठ और हल्दी पाउडर का सेवन



**खानपान** में गड़बड़ी के कारण शरीर में कई गंभीर बीमारियों का खतरा बना रहता है। आज के समय में ज्यादातर लोग लाइफस्टाइल और डाइट के कारण होने वाली परेशानियों से ग्रसित हैं। शरीर में यूरिक एसिड भी खानपान में गड़बड़ी के कारण बढ़ता है। यूरिक एसिड दरअसल प्यूरीन का बहुत ज्यादा सेवन करने की वजह से बढ़ता है। शरीर में यूरिक एसिड बढ़ने के कारण जोड़ों में दर्द, हड्डियों में सूजन और दर्द समेत कई गंभीर परेशानियों का खतरा बढ़ जाता है। लंबे समय तक हाई यूरिक एसिड का शिकार होने पर मरीज को गठिया या अर्थराइटिस समेत कई गंभीर बीमारियां हो सकती हैं। आप खानपान और जीवनशैली में सुधार कर शरीर में यूरिक एसिड के स्तर को कम कर सकते हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल में रखने के लिए सोंठ और हल्दी पाउडर का सेवन करना फायदेमंद होता है।

**यूरिक एसिड कम करने के लिए सोंठ और हल्दी:** शरीर में यूरिक एसिड की मात्रा बढ़ने की स्थिति को हाइपरयूरिसीमिया भी कहते हैं। शरीर में यूरिक एसिड की नॉर्मल रेंज पुरुषों और महिलाओं में अलग-अलग होती है। पुरुषों के शरीर में यूरिक एसिड का स्समन्य स्तर 3.4 से 7.0 द्वद्द/स्त्ररुहोता है और महिलाओं में इसकी सामान्य मात्रा 2.4 से 6.0 द्वद्द/स्त्ररु होनी चाहिए। यूरिक एसिड बढ़ने पर जोड़ों, पैरों, एड़ियों समेत शरीर के कई अंगों में तेज दर्द हो सकता है। इसकी वजह से जोड़ों में अकड़न की समस्या भी होती है। यूरिक एसिड बढ़ने पर डॉक्टर खानपान में सुधार और एक्टिव लाइफस्टाइल अपनाने की सलाह देते हैं। यूरिक एसिड को कंट्रोल में रखने के लिए या कम करने के लिए सोंठ और हल्दी पाउडर का सेवन फायदेमंद होता है। सोंठ में मौजूद गुणों के कारण ही इसका इस्तेमाल कई तरह की समस्याओं में किया जाता है। वहीं अनेकों औषधीय गुणों से युक्त हल्दी शरीर के लिएए किसी वरदान से कम नहीं मानी जाती हैं। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटी-बायोटिक गुण पाए जाते हैं। इसके अलावा इसमें करक्यूमिन की मात्रा होती है, जो शरीर में सूजन कम करने में मददगार होती है। सोंठ दर्द कम करने और सूजन घटाने के लिए उपयोगी माना जाता है। सोंठ में कैल्शियम, मैग्नीशियम, आयरन, फाइबर, विटामिन, फोलिक एसिड और जिंक समेत कई गुण होते हैं। नियमित रूप से हल्दी और सोंठ का सेवन करने से आपको न सिर्फ दर्द और सूजन से राहत मिलती है बल्कि यूरिक एसिड कम करने में भी फायदा मिलता है।

**सोंठ और हल्दी पाउडर का कैसे करें सेवन:** यूरिक एसिड कम करने के लिए हल्दी और सोंठ पाउडर का सेवन करने से पहले आपको डॉक्टर की सलाह जरूर लेनी चाहिए। हर व्यक्ति की शारीरिक स्थिति के अनुसार इसकी मात्रा भी अलग-अलग हो सकती है। आरोग्यं हेल्थ सेंटर के आयुर्वेदिक डॉ. एस के पांडेय कहते हैं कि सोंठ और हल्दी पाउडर को दूध के साथ लेने से यूरिक एसिड में फायदा मिलता है। रोजाना सुबह या शाम के समय एक चम्मच सोंठ और हल्दी पाउडर को दूध में मिला लें। इसका नियमित रूप से सेवन करने से आपको फायदा मिल सकता है। दूध की जगह आप गुनगुने पानी के साथ भी इसका सेवन कर सकते हैं।

## एक्सप्रेस विशेष

# सरहद पार सीमा की प्रेमकथा में उलझी जांच एजेंसियां

**हिंदी-सिंधी-अंग्रेजी और उर्दू बोलना कान खड़े करते हैं। मात्र पांचवीं जमात पढ़ी ये औरत अच्छे से कम्पयूटर चलाती है, इंटरनेट का ज्ञान रखती है। जबकि, कराची के जिस गांव में रहती थी, वहां दिन में बमुश्किल पांच-छह घंटे की बिजली आती है। इसके अलावा शक ये भी होता है कि जिसकी गोदी में चार-चार अबोध बच्चे हों, उसे भला पबजी, इंटरनेट व सोशल मीडिया के लिए समय कहां से मिलेगा।**



**डॉ. रमेश ठाकुर**

**फिलहाल बड़ा सवाल अब ये उठने लगा है कि खुदा–ना–खास्ता, अगर सीमा हैदर पाकिस्तान की जासूस निकली तो इसके पीछे भारतीय खुफिया तंत्र की घोर लापरवाही मानी जाएगी। खुफिया एजेंसियों को छोड़ो, स्थानीय पुलिस और राज्य सरकार को भी भनक नहीं हुई।**

**पाकिस्तानी** महिला सीमा गुलाम हैदर और दिल्ली से सटे ग्रेटर नोएडा के रबूपुरा कस्बे के निवासी सचिन मीणा की प्रेम कहानी के चर्चे इस वक्त प्रत्येक इंसान की जुबान पर है। मीडिया से लेकर राजनीतिक गलियों में सिर्फ यही सब कुछ चल रहा है। रबूपुरा में लोगों का तांता लगा हुआ, भीड़ इस कदर बढ़ रही है जिसे नियंत्रित करने को पुलिस को खासी मशक्कत करनी पड़ रही है। सीमा के क्रियाकलापों पर नजर रखने के लिए जांच एजेंसियों को ऊपरी आदेश मिले हुए, इसलिए सादा वर्दी में कई दर्जन डेरा डाले हुए हैं। इसके अलावा केंद्र सरकार से लेकर स्थानीय शासन-प्रशासन की भी फिल्डिंग लगी हुई। दरअसल, ये प्रेम कहानी अब दूसरा मोड़ ले चुकी है। प्रशासन को इस कहानी के पीछे कोई साजिश दिखती है। तभी, सीमा से दो मर्तबा विभिन्न जांच एजेंसियों ने अभी तक पूछताछ की है। हालांकि अभी ऐसा कुछ हाथ लगा नहीं, जिससे साबित हो कि सीमा वास्तव में पाकिस्तान जासूस है। साधारण इंसान की नजर से देखें तो पाकिस्तान का अगर कोई बेजुबान जानवर भी इस ओर आ जाए, तो उसे जितना प्यार करेंगे, उतना ही शक करेंगे। सीमा के साथ भी कमोबेश कुछ ऐसा ही हो रहा है। बहरहाल, सीमा अपने प्रेमी सचिन के साथ ऑफिशियल शादी कर चुकी है नेपाल के किसी मंदिर में। अब वो उसके साथ यहीं भारत में ताउम्र जिंदगी बिताना चाहती है। लेकिन इसके साथ वह कानूनी पेचीदगी में भी फंसती जा रही है। फंसना लाजमी है क्योंकि उन्होंने पाकिस्तान से भारत आने का जो रास्ता इख्तियार किया है, वह घोर गैरकानूनी है। उसने अवैध रूप से एक नहीं, बल्कि तीन-तीन अंतरराष्ट्रीय सीमाओं को पार किया। कोई अन्य देश होता, जहां से सीमा आई होती, तो इतना बखेड़ा खड़ा नहीं होता। लेकिन बात पाकिस्तान की है। वहां के परिंदे से भी दोनों ओर नफरत की जाती है, शक की नजरों से देखा जाता है। सीमा हैदर के इस तरह हिंदुस्तान पहुंचने से कई सवाल उठ रहे हैं। सवाल उठने भी चाहिए, दोनों मुल्कों के रिश्ते इस वक्त बेहद तनावपूर्ण स्थिति में हैं। सालों बीत गए बातचीत बंद हुए। राजनीति, व्यापारिक, आपसी संबंध, एक-दूसरे के देशों में आने-जाने में तकरीबन प्रतिबंध ही है। ऐसे में अगर कोई उन बंदिशों को तोड़कर पहुंचे तो शक होना लाजमी है। हिंदुस्तान आकर सीमा हैदर हर वो कदम उठा रही है जिससे यहां के लोग भावनात्मक तौर पर उसके प्रति प्यार और सहानुभूति दिखाएं। उसने सबसे पहले हिंदू धर्म अपनाया, जिसके लिए उस पर न किसी ने प्रेशर डाला गया और न किसी ने कहा। अपने गले में राधे-राधे का पट्टा पहनना, हनुमान चालीसा पढ़ना, यहां के तौर-तरीकों में खुद को तेजी से रमाना सबकुछ उसने आरंभ कर दिया। पाकिस्तान के खिलाफ वह मुखर होकर बोल रही है। बताती है कि वहां कैसे हिंदुओं के साथ अत्याचार होता है। हालांकि ये सच्चाई तो जगजाहिर है। उनके ये बयान सुनकर पाकिस्तानी लोग काफी गुस्से में हैं। गुस्से का असर दिखना भी शुरू हो गया है। वहां के एक डाकू ने फरमान जारी कर दिया है कि सीमा तुरंत पाकिस्तान आएं, वरना उसकी सजा वो हिंदुस्तान को देंगे। दो दिनों से वह लगातार सोशल मीडिया के जरिए हिंदुस्तान को धमका रहा है। निश्चित रूप से सीमा के यहां पहुंचने से दोनों देशों के दरम्यान रिश्ते और खराब होने की संभावना बढ़ गई है। हालांकि अभी तक अधिकारिक तौर पर दोनों देशों की सरकारों ने कोई बयान जारी नहीं किया है। फिलहाल बड़ा सवाल अब ये उठने लगा है कि खुदा-ना-खास्ता, अगर सीमा हैदर पाकिस्तान की जासूस निकली तो इसके पीछे भारतीय खुफिया तंत्र की घोर लापरवाही मानी जाएगी। खुफिया एजेंसियों को छोड़ो, स्थानीय पुलिस और राज्य सरकार को भी भनक नहीं हुई। भेद करीब पचास दिनों बाद तब खुला जब सीमा-सचिन कोर्ट मैरिज करने दादरी स्थिति सूरजपुर कोर्ट पहुंचे। कोर्ट में वकील ने जब दस्तावेज मांगे तो वकील को सीमा के पाकिस्तान होने का पता चला, उसके बाद वो सन्न रह गए। उन्होंने तुरंत स्थानीय थाने में इस बात की सूचना दी, सूचना पर पुलिस आई दोनों को थाने ले गई। करीब चौबीस घंटे दोनों को हिरासत में रखा, पूछताछ करके छोड़ दिया। फिलहाल मामला वहीं शांत हो गया था। लेकिन जब ये अनोखी प्रेम कहानी मीडिया की सुर्खियां बनीं तो मानो हंगामा ही कट गया। सभी चैनलों पर बीते चार-पांच दिनों से उन्हीं की प्रेम कहानी के किस्से सुनाए और बताए जा रहे हैं। सीमा की अद्भुत प्रेम कहानी अब सूबे के मुख्यमंत्री कार्यालय तक जा पहुंची है। उसके बाद सुरक्षा एजेंसियां, लोकल इंटेलिजेंस और बीट पुलिसिंग फिर हरकत में आ गई। अब दोबारा से कड़ाई से जांच पड़ताल हो रही है। लेकिन अभी तक निकला कुछ भी नहीं।

# महादेव के जयकारों से गूंजी 'छोटी काशी'

## पौराणिक शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब, भक्तों ने की पूजा-अर्चना



जन एक्सप्रेस। सुनहरा

**लखीमपुर खीरी।** सावन के दूसरे सोमवार को छोटी काशी गोला गोकर्णनाथ में शिवभक्तों का सैलाब उमड़ पड़ा। सोमवार तड़के तरीब तीन बजे ही गोला के पौराणिक शिव मंदिर के कपाट खोल दिए गए। मंदिर के कपाट खुलते ही गोकर्णनाथ तीर्थ बम-बम भोले, हर-हर महादेव के जयकारों से गुंजायमान हो गया। इसके साथ ही भगवान शिव के जलाभिषेक का सिलसिला शुरू हो गया। भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक करने के लिए रविवार शाम से ही शिवभक्त गोला गोकर्णनाथ पहुंचने लगे। सड़कों पर कांवड़ियों का रेला दिखाई दिया। कांवड़ियों ने विभिन्न स्थानों पर डेरा जमा लिया था। पौराणिक शिव मंदिर तक पहुंचने के लिए श्रद्धालुओं को कई बैरिकेडिंग पार करनी पड़ीं। गंगाजल लेकर पहुंचे हजारों कांवड़ियों ने महादेव का जलाभिषेक किया दूसरे सोमवार को कांवड़ियों की संख्या अच्छी रही। श्रद्धालुओं ने गंगाजल व दूध से भगवान शिव का अभिषेक कर चंदन, अक्षत, बेलपत्र व भांग धतूरा से भगवान शिव का पूजन किया। इस मौके पर मंदिरों के आसपास मेले के आयोजन किए गए। मंदिरों में भंडारे व रामचरित मानस आदि के पाठ किए गए। छोटी काशी गोला में सावन मेले के दूसरे सोमवार को दिन भर भक्तों की भीड़ रही। भक्तों ने भगवान शिव का भक्तिभाव से पूजन किया।

दूर दराज से आए तमाम श्रद्धालुओं ने चंदन, पूजा के बर्तन, देवी देवाताओं के वस्त्र, प्रसाद, माला व खिलौने खरीदे। दुकानों पर काफी भीड़ देखने को मिली। भक्तों ने गोकर्ण तीर्थ घाट पर भगवान सत्यनारायण की कथा सुनी और गोदान, संहिता कर दान पुण्य किया। सावन के सोमवार पर गोला में रूट डायवर्जन व ट्रैफिक व्यवस्था चाक चौबंद रही। शहर के अंदर भारी वाहन बन्द रहे।

हांलाकि खराब सड़कों की वजह से लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। रूट डायर्जन की वजह से लखनऊ और बरेली जाने वाले लोगों को गोला के बाहर से से मिल सकी। प्रशासन के आदेश पर रिक्शा बंद होने से लोगों को काफी दिक्कत हुई। प्रशासन में मंदिर जाने वाले अलीगंज रोड को एक दिन पहले ही बंद कर दिया था। रविवार तक इस सड़क पर बाइक और साइकिल सवार निकल रहे थे, लेकिन सोमवार की सुबह इसे सिर्फ पैदल यात्रियों के लिए खोला गया।

### श्री लीला नाथ मंदिर में लाखों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक



लखीमपुर खीरी। सोमवार कोस्थित पौराणिक श्री लीला नाथ मंदिर में श्रावण मास के द्वितीय सोमवार व सोमवती अमावस्या पर लाखों कावड़ियों ने अपनी श्रद्धा सहित भगवान श्री लीला नाथ का सरयू नदी से कावर लाकर जलाभिषेक किया और माताओं बहनों ने पीपल वृक्ष की पूजा अर्चना करते हुए भगवान श्री लीला नाथ से अपने सौभाग्य की कामना की श्री लीला नाथ ज्योतिष संस्थान के ज्योतिषाचार्य पंडित हरीश अवस्थी ने बताया कि श्री लीला नाथ मंदिर पर श्रावण मास के सोमवार व सोमवती अमावस्या का बहुत ही महत्व माना जाता है आज के दिन जो भी व्यक्ति लीला नाथ को जलाभिषेक करता है पूजा अर्चना करता है उसकी सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती है आचार्य हरीश अवस्थी जी ने यह भी बताया की श्री लीला नाथ ज्योति संस्थान में रुद्राभिषेक कालसर्प योग की शांति महामृत्युंजय अनुष्ठान हस्तरेखा जन्म कुंडली यज्ञ व अन्य सभी प्रकार के अनुष्ठान भी किए जाते हैं और आचार्य जी ने यह भी बताया की ज्योतिष संस्थान की तरफ से साल के प्रत्येक सोमवार में जन कल्याण के लिए भगवान श्री लीला नाथ का रुद्राभिषेक भी किया जाता है।

### गोला से लौट रहे कांवड़ियों का वाहन पलटा: चार जख्मी, रेफर



लखीमपुर खीरी। सोमवार सुबह छोटी काशी गोला से पूजा अर्चना कर लौट रहे कावड़ियों का वाहन गोला-सिकंदराबाद रोड पर अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में दो भाइयों समेत 4 कांवड़िया गंभीर घायल हो गए। जिन्हें जिला अस्पताल भेजा गया है।जिला सीतापुर से एक कावड़ियों का एक दल छोटीकाशी भगवान भोले भंडारी की पूजा अर्चना करने आया था। सोमवार की सुबह कावड़िए वाहन में सवार होकर वापस लौट रहे थे कि गोला से कुछ ही दूरी पर हैदराबाद थाना क्षेत्र में ग्राम वैदा खेड़ा के निकट उनका वाहन पिक अप अनियंत्रित होकर रोड के किनारे खड्ड में पलट गया। जिसमें सवार कई कावड़ियों में से चार कावड़िए गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों में सीतापुर के गांव भावपुर मछरेहटा निवासी अर्जुन (35) पुत्र तौले, अजय कुमार (20) पुत्र कन्हैयालाल उनका भाई आदर्श कुमार (18), कुंज बिहारी (75) पुत्र शंकरलाल, विशाल (45) पुत्र श्री कृष्ण निवासी रघुनाथपुर शामिल हैं। घायलों को पुलिस की मदद से सीएचसी लाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

## प्रशिक्षण लेने को 20 तक करें आवेदन

जन एक्सप्रेस। लखीमपुर खीरी

उत्तर प्रदेश माटीकला बोर्ड द्वारा माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत 15 दिवसीय शिल्पकारी प्रशिक्षण दी जाएगी। माटीकला की कलात्मक, सौंदर्यपकर व सजावटी वस्तु बनाने का प्रशिक्षण दी जाएगी। उक्त आशय की जानकारी जिला ग्रामोद्योग अधिकारी डीके श्रीवास्तव ने दी। उन्होंने बताया कि इच्छुक अभ्यर्थी/परम्परागत कारीगर जिनकी उम्र 18 से 55 वर्ष के मध्य हो एवं उप्र मूल निवासी हो, से आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते है। इच्छुक अभ्यर्थी /परम्परागत कारीगर किसी भी कार्यालय कार्य दिवस में कार्यालय जिला ग्रामोद्योग अधिकारी, उ.प्र. खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड, जिला पंचायत परिसर, लखीमपुर खीरी से सम्पर्क कर आवेदन फार्म प्राप्त कर सकता है। आवेदन पत्र के साथ आधार कार्ड, जाति प्रमाण पत्र (तहसील दार द्वारा निर्गत) शैक्षिक योग्यता, ग्राम प्रधान द्वारा निर्गत निवास प्रमाण पत्र सहित प्रपत्र संलग्न कर दिनांक 20 जुलाई को सायं 05 बजे तक कार्यालय में जमा किये जा सकते है। उन्होंने बताया कि उप्र खादी तथा ग्रामोद्योग बोर्ड द्वारा संचालित माटीकला बोर्ड के समन्वित विकास कार्यक्रम के तहत वित्तीय वर्ष 2023-24 हेतु उप्र माटीकला बोर्ड द्वारा 15 दिवसीय माटीकला शिल्पकारी प्रशिक्षण कार्यक्रम एवं माटीकला टूलकिटस वितरण का लक्ष्य नियत है।

## फास्ट फॉरवर्ड

### पवित्र सावन के महीने में खुले आम बिक रहा मांस मीट



रामपुर मथुरा/(सीतापुर)। पवित्र सावन मांस को लेकर योगी आदित्यनाथ ने मांस काटने मछली बेचने अंडा पर रोक लगा रखी है वही रामपुर मथुरा में कई जगहों पर चोरी चुपके खुलेआम मीट की दुकान संचालित की जा रही है ज्ञात हुआ है कि रामपुर मथुरा में बड़े मांस विक्रेता फुरकान अहमद पुत्र अली अकबर निवासी चिकन पुरवा के द्वारा कस्बा रामपुर मथुरा में बड़े पैमाने पर पवित्र श्रावण मास के माह में मुर्गा तथा बकरा काटने का धंधा जोरों पर चला रहा है वही ज्ञात हुआ है कि रसूल अहमद पुत्र छोटन्न का विवाद जहां पर मीट की दुकान संचालित है वहीं पर फुरकान नाम के व्यक्ति के द्वारा बड़े पैमाने पर चोरी चोरी चुपके चुपके की कहावत पर मांस काटने का काम किया जा रहा है जबकि विवादित जमीन में रसूल अहमद की तरफ से स्टे भी है जबकि मीट काटने को लेकर पूर्णतया रोक लगी हुई है पवित्र सावन माह में हिंदू समाज में मांस काटने को लेकर काफी आक्रोश देखा जा रहा है।

### वीरांगना लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण सम्पन्न




जन एक्सप्रेस/लखीमपुर-खीरी। जिला ग्राम्य विकास प्रशिक्षण संस्थान भँसरिया में वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम चरणवार संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का प्रमुख उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में अध्यनरत बालिकाओं में आत्मरक्षा के गुण विकसित करना है हालांकि आज देश की बेटियां किसी भी स्तर पर बेटों से कमजोर नहीं है फिर भी उन्हें आत्मरक्षा तैयार करने की कल्पना जो सरकार ने की है निश्चित रूप से इसके परिणाम सुखद होंगे बेटियों को और अधिक सशक्त बनाने के लिए इसी उद्देश्य से बेसिक शिक्षा विभाग में तैनात अनुदेशकों को यह जिम्मेदारी दी जा रही है और उन्हें कुशल प्रशिक्षकों के द्वारा प्रशिक्षण देकर कुशल प्रशिक्षक बनाया जा रहा है जिससे यह लोग विद्यालय में जाकर अध्ययनरत बालिकाओं को आत्म रक्षार्थ कौशल के लिए तैयार कर सकें प्रशिक्षक आकाश शुक्ला व सहायक प्रशिक्षक विकास निगम ने बताया कि छह दिवसीय आत्मरक्षा कार्यक्रम के दो बैच कुशलतापूर्वक संपन्न हो चुके हैं।

### सिद्धेश्वर मंदिर प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित



जन एक्सप्रेस/राजीव दिवाकर/सीतापुर। शासन एवं जिलाधिकारी के निर्देश के क्रम में आज सोमवार को नगर पंचायत सिधौली में 14 जुलाई से 21 जुलाई तक चलाए जाने वाले विशेष 'महानगर सफाई अभियान' के अंतर्गत नगर पंचायत के सिद्धेश्वर नगर वार्ड में स्थित सिद्धेश्वर मंदिर को प्लास्टिक मुक्त क्षेत्र घोषित किया गया है ब्राइट पब्लिक स्कूल की प्रबंधक डॉ ऋतु जैन एवं रामेश्वरम इंटरनेशनल अकैडमी की प्रिंसिपल श्रीमती आभा के सहयोग से 10,000 थैले का वितरण किया गया। नगर पंचायत अध्यक्ष गंगा राम राजपूत द्वारा सिद्धेश्वर मंदिर के परिसर एवं बाहर पॉलिथीन का प्रयोग न करने हेतु नागरिकों से अपील की गई। अधिशासी अधिकारी रेणुका यादव द्वारा नगर पंचायत के स्वच्छ भारत मिशन के ब्रांड एंबेसडर अनुराग मिश्रा का लोगों को प्रेरित करने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया। सभी दुकानदारों से प्रतिबंधित पॉलिथीन लेते हुए उसके बदले में उनको थैला दिया गया। इस अवसर पर नगर पंचायत के सभी सम्मानित सदस्य गण एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

## चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बाढ़ के खतरे से किया आगाह



जन एक्सप्रेस/निघासन-खीरी। स्थानीय तहसील क्षेत्र के ग्राम खैरटिया में एसडीएम राजेश कुमार ने चौपाल लगाकर ग्रामीणों को बाढ़ के खतरे से आगाह किया तथा अधीनस्थों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जानकारी के अनुसार शासन के निर्देशानुसार एसडीएम राजेश कुमार तथा नायब तहसीलदार हरीराम ने प्रतिवर्ष बाढ़ की विभीषिका झेलने वाले तिकुनिया क्षेत्र के ग्राम खैरटिया में चौपाल आयोजित कर ग्रामीणों को बाढ़ से संबंधित जानकारी प्रदान करके उन्हें जागरूक किया। एसडीएम ने कहा कि बाढ़ आने पर तुरंत प्रशासन को अवगत करायें ताकि प्रशासन की टीम मौके पर पहुंचकर सभी बाढ़ प्रभावितों की त्वरित सहायता कर सके। बाढ़ के दौरान प्रभावितों को स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं उपलब्ध कराए जाने के लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रभावित इलाकों में कैम्प लगाकर दवाएं उपलब्ध कराई जाऐंगी, इसके अलावा पशुपालन विभाग को एसडीएम ने वैक्सीनेसन कार्य प्रारंभ करने का निर्देश दिया।इस मौके पर हल्का लेखपाल कोमल राज सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

## पत्नी के साथ परिषदीय विद्यालय पहुंचे डीएम ने बच्चों को परोसा भोजन

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन।



लखीमपुर खीरी।आराधना-उपासना को समर्पित पावन श्रावण मास के दूसरे सोमवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने धर्मपत्नी जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष अल्पना सिंह के साथ गोद लिए प्राथमिक विद्यालय नगर क्षेत्र पहुंच कर एक-एक बच्चे से अभिभावक की भांति रूबरू होते हुए उनकी शिक्षा-दीक्षा व कुशल क्षेम पूछा तथा डीएम व श्रीमती डीएम ने अपने हाथों से बच्चों को स्वादिष्ट एवं लजीज व्यंजन परोसा।

डीएम दम्पत्ति का अपनत्व व प्यार देखकर बच्चों की खुशी उनके चेहरे से ज़ाहिर हो रही है। विद्यालय के भ्रमण के दौरान डीएम दम्पत्ति ने बच्चों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करते हुए उन्हें प्रातः काल उठकर मंजन व स्नान करने, परिवार के बुजुर्गों का आर्शीवाद लेने के साथ-साथ समय से विद्यालय आने की नसीहत की। बच्चों को भोजन कराते समय कुछ छोटे बच्चों को डीएम दम्पत्ति ने स्वयं अपने हाथों से भोजन कराया।

डीएम ने अपने हाथ से बच्चों को खाना परोसा। इतना ही नहीं, एक छोटे बच्चे को तो उन्होंने चम्मच से खाना भी खिलाया। डीएम की पत्नी अल्पना सिंह ने बच्चों के साथ जमकर हंसी-ठिठोली की और उन्हें अपने हाथों से खाना भी खिलाया। उधर डीएम द्वारा भोजन परोसने से बच्चों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। वो अपने को बड़ा सौभाग्यशाली मान रहे थे।जिला आकांक्षा समिति की अध्यक्ष श्रीमती अल्पना सिंह ने अपनी महिला साथियों के साथ नौनिहालों को पेन्सिल बाक्स, फ्रूटी, पेन्सिल रबड, चाकलेट, अंकल चिप्स भी वितरित किया। इस दौरान जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रवीण तिवारी, जिला आकांक्षा समिति की सदस्य कोमल, मिथिलेश, श्रद्धा सिंह, रश्मि सिंह, बबिता, नैन्सी, शीला, नमिता श्रीवास्तव सहित परिषदीय विद्यालय का स्टाफ एवं सभी नौनिहाल उपस्थित रहे।

## चलाया जा रहा भाजपा महाजनसंपर्क अभियान

जन एक्सप्रेस/लखीमपुर खीरी। भाजपा की मोदी सरकार के 9 वर्ष पूर्ण होने पर भारतीय जनता पार्टी प्रदेश, क्षेत्र एवं जिला नेतृत्व के निर्देशानुसार महा जन-सम्पर्क अभियान के अन्तर्गत सम्पर्क से समर्थन कार्यक्रम में सोमवार को ओयल मंडल के नगर शक्ति केन्द्र के बूथ संख्या 80, 81, 84, 86 पर जिला मंत्री उमेश शुक्ला जी के नेतृत्व में मंडल अध्यक्ष नीरज मिश्रा, मंडल महामंत्री राकेश कुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष नवरतन सिंह, मंडल उपाध्यक्ष रामेन्द्र त्रिपाठी, मंडल मंत्री हरिश्चन्द्र, मंडल मंत्री मंसूर अली, मंडल कोषाध्यक्ष राजेन्द्र अग्निहोत्री, शक्ति केन्द्र संयोजक सुशील कुमार, बूथ अध्यक्ष यदुनंदन मौर्य, बूथ अध्यक्ष श्याम किशोर बाजपेयी, बूथ अध्यक्ष राकेश गुप्ता, बूथ अध्यक्ष कमल सिंह, आई टी मंडल संयोजक मनमोहन सिंह, किसान मोर्चा मंडल महामंत्री अनुपम तिवारी,मीडिया प्रभारी इरफान कुरैशी, प्रकोष्ठ संयोजक अमरेंद्र तिवारी, रवि मौर्य आदि कार्यकर्ताओं ने जनता के द्वार द्वार जाकर मिस्ड काल करवाई तथा मोदीजी को फिर से प्रधानमंत्री बनाने के लिए समर्थन मांगा।

## कटान पीड़ितों से मिलकर डीएम ने दिया मदद का भरोसा

जन एक्सप्रेस। शाजिफ हुसैन



**लखीमपुर खीरी।** कटान प्रभावित क्षेत्रों का जायजा लेकर प्रभावितों को राहत पहुंचाने के उद्देश्य से सोमवार को जिलाधिकारी महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, एडीएम संजय कुमार सिंह के संग तहसील सदर, ब्लॉक फूलबेहड़ के करदहिया मानपुर के कटान प्रभावित क्षेत्र मजरा अहिराना का स्थलीय भ्रमण किया। कटानग्रस्त गांव में ग्रामीणों की दिक्कतें देखीं। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों को जरूरी निर्देश देते हुए कहा कि बचाव और राहत कार्य में कोई शिथिलता नहीं होना चाहिए। इस दौरान अफसरों ने प्रभावित परिवारों से संवाद किया। प्रभावित गांव में प्रशासनिक टीमों ने डेरा डाल दिया है। डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफसरों संग कटान की विभीषिका देखी। एसडीएम सहित अन्य मातहतों को जरूरी निर्देश दिए। उन्होंने कटान प्रभावित गांव पर पूरी नजर रखने तथा लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के लिए निर्देशित किया। इस दौरान वह ग्रामीणों से भी रूबरू हुए, उनकी समस्या को जाना। लोगों को आश्वस्त किया कि हर संभव प्रशासनिक मदद मुहैया कराई जाएगी, राजस्व कर्मियों को तैनात किया गया है। किसी भी प्रकार की परेशानी होने पर अवगत कराए।डीएम ने कहा कि शासन-प्रशासन आमजन की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होने आमजन से अपील की कि वह घबराएं नहीं एवं सतर्कता बरतें। नदियों के कटान क्षेत्र में न तो स्वयं जाएं और न ही अपने पशुधन को जाने दें। उन्होंने सीएमओ को निर्देश दिए कि विस्थापित परिवारों को पर्याप्त, जरूरी एव मुकम्मल चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। डीएम के पूछने पर एसडीएम श्रद्धा सिंह ने बताया कि कटान से अपना घर गवाने वाले परिवारों को सूचीबद्ध कर लिया गया है। उन सभी परिवारों को शासन द्वारा अनुमन्य धनराशि प्रदान की जा रही है। डीएम ने निर्देश दिए कि कोई भी पात्र प्रभावित परिवार अनुमन्य धनराशि पाने से वंचित ना रहे, इसे प्रत्येक दशा में सुनिश्चित कराया जाए। इस दौरान एसडीएम सदर श्रद्धा सिंह, बीडीओ पीयूष कुमार सहित राजस्व, आपदा, ग्राम विकास, स्वास्थ्य, पशुपालन, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे।

## संस्कृत से जीवन में जलती है अध्यात्मिक ज्योति: डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी

जन एक्सप्रेस। असलम अंसारी

**लखीमपुर खीरी।** संस्कृत से जीवन में अध्यात्म की ज्योति जलती है,यह विचार हैं डॉ. विपिन कुमार द्विवेदी पी. सी. पी. कॉलेज, हुसेनगंज, फतेहपुर के जिन्होंने उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थान द्वारा संचालित संस्कृत भाषा शिक्षण की कक्षाओं के बौद्धिक सत्र में सत्र के मुख्यवक्ता के रूप में कहा कि इस भीषण कलयुग में धैर्य तथा धर्म के धारण के लिए, संस्कृत के ज्ञान और संवर्धन तथा संरक्षण के लिए, अहंकार की विलुप्ति तथा सम्मान और यश के संवर्धन के लिए समाज में संस्कृत की महती आवश्यकता है।

उन्होंने सभी से आग्रह किया कि भारत को विश्वगुरु बनाने के लिए संस्कृत अवश्य पढ़िए। कार्यक्रम का प्रारम्भ अनुज कुमार पांडे ने मंगला चरण से तथा चंद्रकला नगर ने सरस्वती वन्दना से किया। कौमुद ने संस्थानगीतिका प्रस्तुत की, लक्ष्मी ने स्वागतगीत द्वारा अतिथियों का स्वागत किया। संस्थान के प्रशिक्षक गणेश दत्त द्विवेदी ने अतिथिपरिचय दिया। संस्थान द्वारा चलाए जा रहे अभियान के विषय में ऋषिकेश झा, लता देसाई, उर्मिला ठाकुर, राहुल तथा जगदीश आदि प्रशिक्षुओं ने अपने- अपने अनुभव कहे।

सत्रीय कार्यक्रम का संचालन प्रशिक्षक अनिल गौतम ने कुशलतापूर्वक किया। इस अवसर पर संस्थान के प्रशिक्षणप्रमुख डा. सुधिष्ठ मिश्र, समन्वयक धीरज मैठाणी, सहसमन्वयक राधा शर्मा, सहित संस्थान के अन्य गणमान्य पदाधिकारी, प्रशिक्षकगण तथा विभिन्न संस्थाओं के शिक्षक तथा संस्कृत प्रेमी उपस्थित रहे। आगन्तुकों का धन्यवाद ज्ञापन प्रशिक्षिका सविता मौर्य ने तथा शांतिमंत्र संस्थान की प्रशिक्षु स्वाती ने किया। अंत में प्रशिक्षक गणेश दत्त द्विवेदी ने विभिन्न सूचनाएं प्रदान करते हुए कार्यक्रम का समापन किया।

### पंचायत में तैनात अधिकारियों का कार्यालय है प्रधान का आवास



जन एक्सप्रेस/मोहम्मदी खीरी। ब्लॉक क्षेत्र के गांव में बने पंचायत भवन उपेक्षा के चलते दुर्दशा के आंसू बहा रहा है। तैनात कर्मचारी अपने कार्यालय में न बैठ कर वर्तमान प्रधान के घर की शोभा बढ़ा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों ने उच्च अधिकारियों से शिकायत कर कार्यवाही की गुहार लगाई है। ब्लॉक क्षेत्र के गांव गुलौली में वर्ष 1997 में तत्कालीन प्रधान द्वारा लगभग एक लाख की लागत से निर्माण कराया गया था। भवन के जीर्णोद्धार के लिए वर्ष 2023 में भारी भरकम बजट खर्च करने के बाद भी ग्रामीणों को सुविधाएं न मिल पाने को लेकर लोग परेशान हैं ।उन्हें लंबी दूरी तय कर प्राइवेट केंद्र से सरकारी सुविधा लेने के लिए ऑनलाइन कार्य और खेती के दस्तावेज लेने के लिए जाना पड़ता है। शासन की मंशा के अनुरूप सभी पंचायत भवनों पर सरकारी बजट से कंप्यूटर और सीसी कैमरा लगाने का कार्य दस्तावेजों में पूरा दिखाया जा रहा है। जबकि भवन अपनी दुर्दशा के लिए आंसू बहाने को मजबूर है। जिम्मेदारो द्वारा लगातार सरकारी संपत्ति का दुरुपयोग करने से लोगों में रोष है। जिसको लेकर ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र देकर जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है। पंचायत भवन पर तैनात कर्मचारियों की उपस्थित सुनिश्चित कराए जाने और स्वीकृत सभी मशीनों को स्थापित करने की मांग की है। इस मौके पर राजेश कुमार सिंह, कृष्ण पाल सिंह, अनिल सिंह, मुनेंद्र सिंह, करनजीत सिंह, इंद्र कुमार सिंह समेत बड़ी संख्या में लोगों ने शिकायती पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं।

## विधायक का पीआरओ बन नौकरी दिलाने के नाम पर युवती से ठगे 70 हजार रुपये

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)




क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या का पीआरओ बनकर युवती को आंगनबाड़ी कार्यकत्री की नौकरी दिलाने के नाम पर सत्तर हजार रुपए की ठग लिए। विधायक ने ट्वीटर पर की गई शिकायत का खंडन करते हुए क्षेत्र में अपना कोई पीआरओ न होने की बात कही है। सदरपुर थानाक्षेत्र के ग्राम बेहड़म्बर मजरे बजेहरा निवासी प्रीती देवी पत्नी श्रीकांत भार्गव ने सदरपुर पुलिस को दिए गए प्रार्थनापत्र में बताया है कि आंगनबाड़ी की नौकरी दिलाने के नाम पर रामपुर मथुरा थानाक्षेत्र के दुर्गापपुर गांवव निवासी राज बहादुर मौर्या पुत्र बाबू मौर्य ने अपने को महमूदाबाद विधायक आशा मौर्या का पीआरओ बताया। आरोप है कि राज बाहदुर मौर्या ने 15 दिन में नौकरी दिलाने का वादा करते हुए करीब आठ माह पूर्व 70 हजार रुपए ले लिए। काफी दिनों तक नौकरी न मिलने पर पीड़िता को विधायक का पीआरओ बताने वाले युवक आगे नौकरी दिलाने का बहाने बनाता रहा। धीरे-धीरे नौकरी दिलाने के बहाने बनाते हुए आठ महीने बीत गए। आखिरकार पीड़िता मुख्यमंत्री कार्यालय को, एंटी करप्सन ब्यूरो को, यूपी पुलिस, क्षेत्रीय विधायक आशा मौर्या, पूर्व विधायक नरेंद्र सिंह वर्मा व सीतापुर पुलिस को टैग करते हुए ट्वीटर पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत का संज्ञान लेकर विधायक आशा मौर्या ने अपने ट्वीटर एकाउंट से शिकायत की उक्त ट्वीट को रीट्वीट करते हुए लिखा है कि मेरा कोई पीआरओ या पीएसओ नहीं है। उक्त के खिलाफ जांचकर काठोर दंडात्मक कार्रवाई करने का कष्ट करें। उक्त प्रकरण में थानाध्यक्ष सदरपुर अजय रावत ने बताया कि प्रार्थनापत्र मिला है, जांचकर कार्रवाई की जाएगी।

## सैकड़ों छुट्टा गोवंशों से शीघ्र मिलेगी निजात

जन एक्सप्रेस। महमूदाबाद (सीतापुर)



नगर के सार्वजनिक चौराहों व मुख्य मार्ग के साथ गलियों में घूम रहे सैकड़ो छुट्टा गोवंशीयों से नागरिकों को शीघ्र निजात मिलेगी।छुट्टा मवेशियों से निजात दिलाने के लिए पालिकाध्यक्ष मोहम्मद अहमद ने भेंटवार्ता में बताया कि छुट्टा जानवरों की एक बड़ी समस्या वर्षों से पालिका क्षेत्र के नागरिकों व किसानों को झेलनी पड़ रही थी। पालिका के प्रस्ताव पर सरकार ने गौ आश्रय स्थल के निर्माण के लिए धनराशि प्रदान की है इस संबंध में अधिशासी अधिकारी शैलेन्द्र दुबे ने बताया कि गौ आश्रय स्थल पालिका के इंदौरा वार्ड के मोहल्ला खंदौरा में पालिका की खाली पड़ी भूमि को चिंहित कर निर्माण के लिए ई-टेंडर जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि सुविधा युक्त गौशाला का निर्माण एक करोड़ 65 लाख नवासी हजार रुपए से कराई जाएगी। जिसमें बाउंड्री वाल गौवंशो को चारा खाने के लिए नांदे, धूप बरसात व ठंड से बचाने के लिए सुरक्षित टीनशेडो, इंटरलॉकिंग प्रांगण, पीने के पानी के साथ जल निकास की समुचित व्यवस्था होगी। नगरपालिका क्षेत्र में घूमने वाले सैकड़ो की संख्या में छुट्टा घूमने वाले गौवंश किसानों की फसलें चट कर रहे थे। वहीं झुंड मे विभिन्न प्रमुख मार्गो, चौराहों सहित वार्डो की गलियों में घूमते थे और आए दिन हिंसक होकर दुघर्टनाओं का कारण बन रहे हैं गौशाला निर्माण के बाद पालिका क्षेत्रवासियों को इस बड़ी समस्या से जल्द निजात मिलेगी। पालिका क्षेत्र में गौशाला निर्माण कराकर छुट्टा जानवरों से निजात दिलाने के प्रयास की सराहना करते हुए सीता ग्रुप ऑफ एजुकेशन के चेयरमैन आरके वाजपेयी, चेयरमैन प्रतिनिधि आमिर अराफात, उमेश वर्मा, राशिद कामरीन, कृष्ण कुमार गुप्ता, चन्द्रकांत रस्तोगी, दीपक वर्मा, रोशन गुप्त, पंकज जायसवाल सहित बड़ी संख्या में लोगो ने पालिका को धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अभिभावकों को जम कर लूट रहे पुस्तक विक्रेता

जन एक्सप्रेस। तिकुनिया/खीरी



प्राइवेट विद्यालयों की मन मानी की वजह से लुट रहे अभिवावक जनपद लखीमपुर खीरी के तराई क्षेत्र बेलरायां तिकुनिया के कई विद्यालय ऐसे चल रहे है जिनको पिछले वर्ष में बंद करने की सूची सिच्छा अधिकारी ने जारी की थी क्यों कि इन विद्यालयो की वजह से बच्चो के गार्जनों को पुस्तक विक्रेता लोकल किताबों पर अधिक मूल्य डाल कर धन उगाही करते थे लेकिन प्रशासन की चुप्पी की वजह से परिवेट विद्यालय पुनः चालू हो गए और नतीजन पुस्तक विक्रेता अपनी मनमानी करते नजर आ रहे है दिनांक 16/7/2023 को एक गर्जन अपने बच्चे के लिए कक्षा 1 की कताबे खरीदने के लिए गायत्री पुस्तक भंडार बेलराया में लेने गया था जिसने कोर्स खरीदने की बात कही जिसमे 2200 का कोर्स दुकान दार ने बताया केवल किताबो का कापी अन्य सामग्री अलग से आखिर गर्जन के पास पास इतने पैसे न होने के कारण उसने चार किताबे खरीदी जिसमे एक का मूल्य 210, दूसरे का मूल्य 150 तीसरे का मूल्य 135, चौथे का मूल्य 110 था कुल चार किताबो का 605 रुपए दुकानदार ने लिए पांच रुपए कम देने पर दुकान दार ने किताबे वापस रखने लगा तो गर्जन ने पक्का बिल मांगा जो दुकानदार ने न देकर सादे कागज पे ही रेट लिख कर दे दिया और गर्जन ने जब पांच रुपए दिए तब किताबे मिली आखिर जब कक्षा 1की किताबे इतनी महगी होंगी तो गर्जन अपने बच्चे को कैसे पढ़ा पाएंगे।

# 31 जुलाई तक मनाया जा रहा सड़क सुरक्षा पखवाड़ा

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



जनपद में सोमवार 17 तारीख से आगामी 31 जुलाई तक सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाएगा। जिसके शुभारंभ पर सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट से एक जागरूकता रैली को खाद एवं रसद राज्य मंत्री सतीश चंद्र शर्मा, जिला अधिकारी अविनाश कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह सहित एआरटीओ अंकिता शुक्ला ने सयुंक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान राज्य मंत्री श्री शर्मा ने मौजूद अधिकारियों व कर्मचारियों को सड़क पर यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाई। इस रैली में पुलिसकर्मियों द्वारा आम जनमानस को यातायात नियमों के प्रति जागरूक किया गया। बताया गया कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट अथवा दो पहिया गाड़ी चलाते समय हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। वाहन पर निर्धारित संख्या से अधिक सवारी न बैठाए और निर्धारित गति सीमा से आगे वाहन चलाएं। वाहन चलाते समय मोबाइल का प्रयोग बिल्कुल न करें। शराब पीकर अथवा कोई नशा करके वाहन न चलाएं। साथ ही लोगों से यह अपील की गई कि उक्त सड़क सुरक्षा मानकों को वह स्वयं पालन करेंगे और दूसरों को इसके पालन हेतु जागरूक करेंगे। रैली के दौरान लोगों को सड़क सुरक्षा मानक से जुड़े पोस्टर, स्टीकर, हैंड बिल व पंपलेट वितरण किए गए। इस मौके पर अपर जिला अधिकारी वित्त अरुण कुमार सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष देव कुमार पांडेय, संभागीय अधिकारी प्रवर्तन अयोध्या, यात्री कर अधिकारी बाराबंकी सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

### विद्यालयों में नौनिहालों ने ली सौगंध

जनपद में शहर से लेकर गांव तक के विद्यालयों में छोटे-छोटे नौनिहालों ने सड़क सुरक्षा पखवाड़े के शुभारंभ पर पहले दिन यातायात नियमों के पालन की सौगंध ली। जिसके निर्देश यातायात उपनिरीक्षक संजीव पाल ने दिए थे। जिसमें सोमवार को ग्रीन फील्ड एकेडमी देवा, प्राथमिक विद्यालय द रामनगर, राजकीय बालिका इंटर कॉलेज हैदर गढ़, जीएचएस जरमऊ बाराबंकी, पायनियर मांटेसरी इंटर कॉलेज लखपेड़ाबाग, राजकीय हाई स्कूल चौबीसी हैदर गढ़, प्रतिभा इंटर कॉलेज देवा, जमीलुर्र रहमान किदवई इस्लामिया गर्ल्स इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज निंदूरा सहित ज्यादातर विद्यालयों में शिक्षकों द्वारा बच्चों को यातायात नियमों के पालन की कसम दिलाई गई।

# सदर विधायक ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा प्रचार वाहन को दिखाई हरी झण्डी

जन एक्सप्रेस | उरई




प्रदेश सरकार के निर्देशों में सोमवार को सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारम्भ सदर विधायक गौरीशंकर वर्मा, एडीएम संजय कुमार ने कलेक्ट्रेट परिसर से प्रचार वाहन को हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान सदर विधायक ने उपस्थित सभी आमजनों व अधिकारियों को सड़क सुरक्षा सम्बन्धी शपथ दिलाई। उन्होंने शपथ दिलाई कि हम सड़क पर सदैव यातायात नियमो का पालन करेंगे तथा सुरक्षित यात्रा हेतु सदैव दो पहिया वाहन चलाते समय स्वयं व पीछे बैठे व्यक्ति को हेलमेट अवश्य पहनेंगे व पहनाएंगे। चार पहिया वाहन चलाते समय हमेशा सीट बेल्ट लगाएंगे। लेन ड्राइविंग के नियमो का पालन करेंगे। गलत दिशा में वाहन नही चलाएंगे। वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग नही करेंगे। शराब पीकर या नशे की हालत में वाहन नही चलाएंगे। सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहेंगे। घर पर बच्चे इंतजार कर रहे है। अतः मैं सदैव सुरक्षित व सावधानी से वाहन चलाऊँगा। इस अवसर पर अधिशासी अभियन्ता लोकनिर्माण विभाग, सहा. क्षेत्रीय प्रबंधक रोडवेज, सौरभ कुमार एआरटीओ (प्रशासन), सुरेश कुमार वर्मा (प्रवर्तन -1), विनय कुमार पाण्डेय मालकर/यात्रीकर अधिकारी, यातायात निरीक्षक, गुडसेमेरिटन, बस/ट्रक यूनियन के पदाधिकारी, विद्यालयों के प्रबन्धक व आदि उपस्थित रहे।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संक्रामक रोगों ने शुरू किया पैर पसारना

**जन एक्सप्रेस/सिरौलीगौसपुर-बाराबंकी।** बरसात के बाद गांवों में फैली गंदगी एवं जलजमाव के कारण संक्रामक रोगों ने पांव पसारना शुरू कर दिया है । गांव में चिकन पॉक्स जैसी संक्रामक बीमारियां फैलने लगी है। जिससे ग्रामीण परेशान हो रहे हैं। सोमवार को ग्राम पीठापुर में चिकन पॉक्स से पीड़ित मरीजों की सूचना मिलने पर स्वास्थ्य महकमे में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में स्वास्थ विभाग की टीम ने गांव पहुंच कर जांच पड़ताल के बाद दवाओं का वितरण किया। गांव में हिमांशु 14 वर्ष सुरेश चंद्र वर्मा 45 वर्ष छोटू 12 वर्ष आकाश 14 वर्ष आरती 16 वर्ष राशि 4 वर्ष सहित आधा दर्जन से अधिक चिकन पॉक्स के मरीज कई दिनों से पीड़ित है। इसकी सूचना मिलने पर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर संतोष कुमार सिंह के निर्देश पर कम्युनिटी हेल्थ ऑफीसर रुचि गुप्ता चीफ फार्मासिस्ट अमित दुआ मेडिकल टीम के साथ गांव पहुंचे और दवाओं का वितरण किया।

### छेड़खानी कर वीडियो वायरल करने के आरोपी गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/बाराबंकी।** थाना टिकैतनगर पुलिस ने एक नाबालिग लड़की से छेड़खानी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार सहित एक बाल अपचारी को संरक्षण में लिया है। बता दे कि बीती 12 तारीख को थाना टिकैतनगर क्षेत्र के एक गांव निवासी नाबालिक लड़की से छेड़खानी कर वीडियो बनाकर वायरल करने की धमकी देने के संबंध में मोहम्मद नदीम सहित तीन अन्य पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की गई। जिसके बाद पुलिस ने मैन्युअल इंटेलिजेंस के आधार पर सोमवार को मामले के आरोपी मोहम्मद नदीम पुत्र शकील व शाह आलम पुत्र जब्बार निवासी मोहल्ला सेलारा कस्बा इचौली को आर्यावर्त बैंक नहर पुलिया के पास से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मामले में इन दोनों आरोपियों के साथ एक बाल अपचारी को भी संरक्षण में लेकर विधिक कार्यवाही की है।

### जहरीले कीड़े के काटने से किसान की मौत

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करुई बुजुर्ग ने बीती रात सोते समय किसान को किसी जहरीले के लिए काट लिया। जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम करुई बुजुर्ग निवासी भगवानदास 42 वर्ष रविवार की शाम घर में सो रहे थे। तभी सोते समय उन्हें किसी जहरीले कीड़े ने डस लिया। जिससे वह अचेत हो गए। अचेत अवस्था में पड़ा देख परिजन घवरा गए और उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाए। जहां पर जांच पड़ताल कर चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मौत की खबर मिलते ही परिजनों में चीख-पुकार शुरू हो गई। मामले की खबर मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पूछताछ शुरू कर दी। मौके पर मौजूद परिजनों ने बताया कि वह खेती किसानी कर परिवार का भरण पोषण करता था। जिसकी मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है। फिलहाल पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### बाइक व 9 किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जन एक्सप्रेस/माधौगढ़।** रेंढर थाना पुलिस टीम क्षेत्र ने मुखबिर की सूचना पर गांजा तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। जिसके पास से पुलिस ने एक बोरी में करीब 9 किलो गांजा व बाइक बरामद की है। रेंढर थाना पुलिस टीम क्षेत्र में चेकिंग अभियान चलाने में लगी हुई थी। इसी दौरान मुखबिर द्वारा बाइक से गांजा की सप्लाई करने जा रहे तस्कर की भनक लगी। भनक लगते ही पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना के आधार पर कमसेरा चौराहे से खकसीस जाने वाली सड़क पर घेराबंदी कर उसे रोक लिया। तलाशी लेने पर पुलिस ने उसके पास से गांजे से भरी बोरी बरामद की। पकड़े गए युवक ने पुलिस की पूछताछ में अपना नाम आकाश पुत्र रामप्रकाश निवासी नया पटेल नगर उरई बताया। आरोपित ने बताया कि वह काफी समय इस काम को कर रहा है, लेकिन एक साल पहले बंद कर दिया था। जिसके बाद आज पहली बार ग्रामीण क्षेत्र में गांजे की सप्लाई करने जा रहा था। माधौगढ़ सीओ उमेश कुमार पांडेय ने बताया कि आरोपित युवक काफी समय से इस काम को कर रहा था। जिसके पास से करीब 9 किलो गांजा बरामद किया गया है। आरोपी के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

### सावन के दूसरे सोमवार को शिवालयों में गूंजे जयकारे

**जन एक्सप्रेस/कालपी।** सावन महीने के दूसरे सोमवार को धर्म नगरी कालपी के शिव मंदिरों तथा शिवालयों में भक्तों तथा महिलाओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिरों के आसपास पुलिस पुलिस जवानों के द्वारा सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए थे। यमुना नदी के तट में स्थित प्राचीन महत्व के पातालेश्वर मंदिर में सुबह से ही भक्तों की भीड़ जुटना शुरू हो गई भगवान भोलेनाथ की कृपा पाने के लिए सोमवार के दिन महादेव की विधान से पूजा की गई। तमाम भक्तों के द्वारा वैवाहिक जीवन को सुखमय बनाने के लिए सोमवार को व्रत रखा बानेश्वर मंदिर, ढोशेश्वर मंदिर, तिगणेश्वर मंदिर आदि मंदिरों तथा शिवालयों में शिव भक्तों की भारी भीड़ वही तथा जयकारों से माहौल को गुंजायमान किया गया। प्राचीन महत्व के मां बनखंडी धाम शक्तिपीठ में दूरदराज से आए भक्तों ने श्रद्धा पूर्वक पूजा अर्चना की महंत जमुना दास महाराज से भक्तों ने आशीर्वाद प्राप्त किया।

G20 भारत 2023 INDIA
उत्तर रेलवे
आज़ादी का अमृत महोत्सव
ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से वरिष्ठ मण्डल वाणिज्य प्रबन्धक, उत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ई टेंडर संख्या Va-Vi/PAS/LKO DIV-23-PK के अन्तर्गत खुली निविदा आमंत्रित की जाती है। जिसके बंद होने की तिथि व समय 07.08.2023, 15:00 बजे है जो उसी दिन 15:30 बजे वेबसाइट पर खोले जाएंगे। इस टेंडर के अंतर्गत मैनुअल ऑफर स्वीकार्य नहीं होंगे। टेंडर से संबंधित अन्य जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। टेण्डरर ध्यान दें कि निविदा मूल्य एवं धरोहर राशि का भुगतान वह केवल through online payment mode जोकि ireps पर उपलब्ध है जैसे की नेट बैंकिंग, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड आदि के माध्यम से ही स्वीकार्य है। डिमांड ड्राफ्ट, बैंकर्स चेक, जमा रशीदें, एफडीआर आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं है।

| | |
|---|---|
| कार्य का नाम | लखनऊ मण्डल के 17 स्टेशनों पर पैसेन्जर अनाउन्सिंग सिस्टम लगाने हेतु. |
| निविदा सूचना संख्या | Va-Vi/PAS/LKO DIV-23-PK, दिनांक: 17.07.2023 |
| आरक्षित मूल्य (प्रथम वर्ष के लिए) | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| EMD राशि (रु.) | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| कार्य की अवधि | 05 वर्ष |
| निविदा डालने की प्रारम्भ तिथि | 18.07.2023 |
| निविदा बंद होने की तिथि एवं समय | 07-08-2023 समय 15:00 बजे |
| निविदा खोलने की तिथि एवं समय | 07-08-2023 समय 15:30 बजे |
| वेबसाइट | www.ireps.gov.in |
| निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा प्रपत्र के अनुसार |
| पात्रता की शर्तें | निविदा प्रपत्र के अनुसार |

नोट:- ई-निविदा प्रस्तावों के खुलने के उपरान्त निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के प्रपत्र अथवा दस्तावेज स्वीकार नहीं किये जाएंगे।
दिनांक: 17.07.2023 2201/23
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# डीएम ने जिला स्तरीय उद्योग एवं व्यापार बन्धु संग की बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई



जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय उद्योग बन्धु एवं व्यापार बन्धु की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीवाई सभागार में सम्पन्न हुई। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्योग व व्यापार बन्धुओं की समस्याओं का प्राथमिकता के आधार पर निराकरण किया जाये। उन्होने कहा कि प्रदेश सरकार उद्योग व व्यापार बढ़ाने के लिये लगातार प्रयास कर रही हैं। उन्होने कहा कि जनपद के लिये बड़े ही हर्ष की बात है कि हस्त निर्मित कागज को जीआई टैग मिला है, अब हैण्डमेड पेपर उत्पाद को अब पूरे विश्व में अपनी पहचान स्थापित करेगा। उपायुक्त उद्योग, प्रभात यादव ने बताया कि प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना व एक जनपद एक उत्पाद सहायता योजना के अन्तर्गत सन्तोषजनक प्रगति न होने तथा अनावश्यक रूप से शाखा प्रबन्धकों द्वारा आवेदन पत्रो को लम्बित रखने के विषय में बताया जिस पर जिलाधिकारी ने जिला अग्रणी बैंक प्रबन्धक को निर्देशित किया कि जिन बैंको में आवेदन पत्र लम्बित है उनके शाखा प्रबन्धको के साथ एक पृथक बैठक कराना सुनिश्चित करें। निवेश मित्र पोर्टल पर प्रदूषण विभाग, विद्युत विभाग द्वारा समय से प्रकरणों का निस्तारण नहीं किया जा रहा है तथा आवेदन पत्रों का काफी अधिक समय तक विभाग स्तर पर लम्बित भी रखा जाता है। जिस कारण जनपद की रैंकिंग में सुधार नही हो पा रहा। जिलाधिकरी ने निवेश मित्र से समस्त सम्बन्धित विभागो को निर्देशित किया कि वह समय सीमा के अन्दर प्रकरणों का निस्तारण करना सुनिश्चित करे तथा अभ्यर्थियों द्वारा जिन विभागों के फीडबैक सही प्राप्त नही हो रहे है। वह समस्त विभाग अपनी कार्यप्रणाली में सुधार लाये, संबंधित की लापरवाही की स्थिति में उनके विरूद्ध कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। बैठक में उद्योग बन्धुओं ने विद्युत की समस्या से अवगत कराया कि औद्योगिक संस्थान, कालपी तथा कोंच में उद्यमियों को पर्याप्त बिजली प्राप्त न होने के कारण उन्हे अपने उत्पादन को बढ़ाने में समस्या हो रही है। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियन्ता विद्युत प्रथम के अनुपस्थित होने पर स्पष्टीकरण मांगा गया। उन्होने उपस्थित विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि औद्योगिक माहौल को अनुकूल बनाये रखने के दृष्टिगत फैक्ट्री एरिया में विद्युत की निर्वाध व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, उपायुक्त उद्योग प्रभात यादव, सहायक उपायुक्त उद्योग योगेश कामेश्वर, डा. दिलीप सेठ, आदि अधिकारी सहित उद्यमी मौजूद रहे।

# चोरी की योजना बनाते चार गिरफ्तार




जन एक्सप्रेस | कुठौंद

थाना क्षेत्र में धरपकड़ अभियान चलाने में लगी पुलिस टीम ने मुखबिर की सूचना पर चोरी की योजना बनाते 4 लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ईरज राजा के निर्देशन अपर पुलिस अधीक्षक के पर्यवेक्षण, क्षेत्राधिकारी मार्गदर्शन व थानाध्यक्ष कुठौंद अखिलेश द्विवेदी के नेतृत्व में उपनिरीक्षक रिंकू चौधरी अपने हमराही सिपाहियों के साथ क्षेत्र में अपराध व अपराधियों पर लगाम कसने को लेकर धरपकड़ अभियान चलाने में लगे हुए थे। तभी मुखबिर द्वारा चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाले वांछित शातिर अपराधी शिवम उर्फ पिंटू पुत्र संजय कंजर, अभिषेक उर्फ धमपड पुत्र रोहन सिंह उर्फ राहुल कंजर, जितेंद्र बाबू पुत्र महेश चंद्र कंजर निवासीगण ग्राम नगला, श्याम किशोर उर्फ श्यामू पुत्र शोभाराम शाकबार निवासी लालपुर थाना अछल्दा जिला औरैया की भनक लगी। भनक लगते ही उपनिरीक्षक ने दल-बल सहित मुखबिर के बताए ठिकाने पर दबिश डाल दी। जिन्होंने नहर कोठी के पर घेराबंदी कर चोरी की योजना बनाते समय चारों लोगों को गिरफतार कर लिया।

तलाशी लेने पर पुलिस ने उनके पास से एक तमंचा दो जिंदा कारतूस एक छुरा लोहा व एक सब्बल एक प्लास के अलावा दो हजार 50 रुपए नगद तीन मोबाइल फोन बरामद किए। पकड़े गए आरोपियो के विरुद्ध पुलिस ने सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर चालान कर दिया। इस दौरान उपनिरीक्षक खेमचंद, हेड कांस्टेबल संजय कुमार, हेड कांस्टेबल मोहम्मद नयूम, कांस्टेबल अजय पाल कांस्टेबल आशुतोष सहित टीम मौजूद रही।

# जिला वृक्षारोपण समिति की हुई बैठक

जन एक्सप्रेस | उरई

जिलाधिकारी चाँदनी सिंह की अध्यक्षता में जिला वृक्षारोपण समिति की बैठक विकास भवन के रानी लक्ष्मीबाई सभागार में बैठक सम्पन्न हुई। उन्होने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुये कहा कि शासन द्वारा वृक्षारोपण हेतु प्राप्त लक्ष्य 1480544 के सापेक्ष संबंधित अधिकारी वृहद स्तर पर वृक्षारोपण कराना सुनिश्चित करेंगे। उन्होने कहा कि समस्त विभाग वन विभाग की 31 पौधालायों से शत प्रतिशत पौध उठान सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही गड्ढे खोद लिये जाये। 22 जुलाई को प्राप्त लक्ष्यों के अनुरूप पौध रोपण किया जाये। उन्होने निर्देशित करते हुये कहा कि रोपित वृक्षों की सुरक्षा की व्यवस्था करने हेतु ट्री-गार्ड लगाया जाना सुनिश्चित करें एवं पंचायती राज विभाग को जनपद के प्रवेश मार्गो पर छायादार पौधो का रोपण करने हेतु निर्देशित किया गया।

शासन के निर्देशानुसार ग्राम विकास विभाग को जनपद की प्रत्येक ग्राम पंचायत में एक-एक ग्राम वन बनाया जायेगा एवं नगर विकास विभाग को नगर पलिका/नगर पंचायत में नन्दन वन एवं स्वास्थ्य विभाग को एक आयुष वन का निर्माण कराना सुनिश्चित करेगे। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी भीमजी उपाध्याय, प्रभागीय वनाधिकारी जयप्रकाश नारायण तिवारी, मुख्य पशु चिकित्साधिकारी हरेन्द्र, उप कृषि निदेशक एसके उत्तम, जिला पंचायत राज अधिकारी अवधेश सिंह आदि संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# अलग-अलग थानों में मारपीट के तीन मामले दर्ज किए

**जन एक्सप्रेस/उरई।** डकोर कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद निवासी महिला कृष्णा पत्नी मुन्ना लाल अहिरवार ने कोतवाली पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि गांव के ही श्याम किशोर पुत्र स्वर्गीय प्रभु दयाल अहिरवार ने उसके साथ मारपीट की और गाली गलौज की। जब महिला उसका विरोध करने लगी तो आरोपियों ने उसको जान से मारने की धमकी दी।

वहीं दूसरा मामला कदौरा थाना क्षेत्र के ईदगाह के पास निवासी मदार बक्स पुत्र अख्तर थाने में तहरीर देते हुए बताया कि शमशाद पुत्र मुस्ताख निवासी कस्बा कदौरा और चार नफर लोगों ने मिलकर उसके पुत्र के साथ मारपीट की और गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। वहीं तीसरा मामला माधोगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम रुद्रपुरा निवासी शिव सिंह पुत्र भारत सिंह ने पुलिस को बताया कि गांव के ही अभिषेक पुत्र राजेंद्र निवासी ने उसके साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी। इस पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# विद्यालयों का निरीक्षण कर ब्लाक प्रमुख ने लगाई फटकार



जन एक्सप्रेस | सिरौली गौसपुर-बाराबंकी

परिषदीय विद्यालयों में गुणवत्ता विहीन एमडीएम बंटने एवं अध्यापकों की अनुपस्थिति की लगातार शिकायतें आ रही है। जिसके बाद ब्लाक प्रमुख ने शिकायतों का संज्ञान लेते हुए स्कूलों का निरीक्षण शुरू कर दिया है। सोमवार को विकासखंड सिरौली गौसपुर की ब्लाक प्रमुख रेनू वर्मा ने सरयू नदी की तलहटी में बसे गांव कोठीडीहा के प्राथमिक विद्यालय का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में ईचार्ज प्रधानाध्यापिका पूनम शर्मा और रसोईया स्कूल में मौजूद थे किन्तु एक भी बच्चा स्कूल में मौजूद नहीं था।

इस बारे में पूछने पर इंचार्ज प्रधानाध्यापिका ने बताया कि गांव में एक युवक की दुर्घटना में सुबह मौत हो गई है जिसके कारण स्कूल के बच्चों को छुट्टी दे दी गई। वही दोनों शिक्षामित्र शशिलता सिंह व संगीता सिंह गांव के युवक की मौत के कारण छुट्टी के बाद स्कूल से घर चली गई। वहीं सहायक अध्यापक अंकित कुमार स्कूल नहीं आए। बिना किसी सूचना के स्कूल से अनुपस्थित सहायक अध्यापक की गैरहाजिरी प्रमुख ने रजिस्टर पर चढ़वाई। कुछ दिन पूर्व इस स्कूल में बने गुणवत्ता विहीन मध्यान भोजन का वीडियो बनाकर ग्राम प्रधान संजय सिंह के द्वारा सोशल मीडिया पर वायरल किया गया था। जिसको लेकर ब्लाक प्रमुख ने रसोइयों को फटकार लगाते हुए पूछा ऐसा खाना क्या आप लोग घर पर भी खाते हो। इस पर रसोईया द्वारा तमाम तरह की सफाई दी गई किंतु ब्लाक प्रमुख ने रसोइए को मीनू के अनुसार भोजन बनाकर बच्चों को खिलाने की हिदायत दी। इस विद्यालय में 57 बच्चे नामांकित हैं जिसमें 31 छात्र व 26 छात्राएं हैं। विद्यालय की स्थिति काफी दयनीय है। बाउंड्री विहीन विद्यालय परिसर में घास फूस के साथ जल जमाव बना हुआ है। निरीक्षण के बाद ब्लॉक प्रमुख ने खंड शिक्षा अधिकारी से वार्ता कर विद्यालय की स्थिति में सुधार करने के निर्देश दिए।

# शिव मंदिरों में श्रद्धालुओं का लगा तांता

जन एक्सप्रेस | बाराबंकी



श्रावण मास के दूसरे सोमवार को हरियाली अमावस्या के विशेष संयोग के चलते जिले के प्रत्येक शिव मंदिरों और शिवालयों में भक्तों का तांता लगा रहा। शहर से लेकर देहात तक सभी प्रमुख मंदिरों पर भोलेनाथ को सुबह से लेकर देर शाम तक जलाभिषेक करने का क्रम चलता रहा। साथ ही लोगों ने अपने-अपने घरों में शिवजी के विधिवत पूजन अर्चन के साथ रुद्राभिषेक भी किया।सावन सोमवार पर देर रात से सबसे अधिक भीड़ जनपद के प्रसिद्ध तीर्थ धाम लोधेश्वर महादेवा व माता कुंती द्वारा पूजित कुंतेश्वर में उमड़ पड़ी। सुबह से देर शाम होने वाले श्रृंगार पूजन तक यहां भक्त भगवान भोलेनाथ को जलाभिषेक करने में लगे रहे। लोधेश्वर महादेवा मेले के चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल तैनात रहा।यहां एडीएम न्यायिक इंद्रसेन ने सुबह पहुंचकर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। फिर बताया कि मेला शांतिपूर्ण ढंग से निपट रहा है। सुरक्षा के दृष्टिकोण से चप्पे-चप्पे पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात किया गया है। रामनगर प्रतिनिधि के अनुसार लोधेश्वर महादेवा धाम में जलाभिषेक करने आए 25 वर्षीय दीपू पुत्र सुरेश का सोमवार की देर रात अभरन तालाब पर स्नान करते समय अचानक पैर फिसल गया जिससे वह गहरे पानी में डूबने लगे।चीख-पुकार सुनकर ड्यूटी पर तैनात सुरक्षाकर्मियों ने उसे बाहर निकाल कर एंबुलेंस के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर भिजवाया जहां पर उपचार कर घर भेज दिया गया। इस संबंध में सीएचसी अधीक्षक हेमंत गुप्ता ने बताया घायल श्रद्धालु का इलाज कर घर भेज दिया गया। दूसरी घटना में न्यायाधीश को जलाभिषेक कराने गए मठ रिसीवर हरिप्रसाद द्विवेदी का मंदिर महल में रक्खा मोबाइल फोन चोर उड़ा ले गए। सिरौली गौसपुर प्रतिनिधि के अनुसार लोधेश्वर महादेवा से जल चढ़ा कर वापस आ रहा एक युवक सड़क दुर्घटना का शिकार हो गया।

# धर्मांतरण कराने का आरोपी गिरफ्तार, इसाई धर्म के ग्रंथ बरामद

जन एक्सप्रेस | हैदरगढ़-बाराबंकी



थाना लोनीकटरा अंतर्गत धर्मांतरण का मामला सामने आते ही स्थानीय पुलिस महकमे में हड़कंप की स्थिति हो गई।आनन-फानन में पुलिस ने मौके पर पहुंचकर आरोपी व्यक्ति को गिरफ्तार कर उस पर मुकदमा दर्ज किया है। साथ पुलिस ने आरोपी के पास ईसाई धर्म से जुड़ी ग्रंथ की पुस्तकें बरामद की है। वही इस संबंध में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी डॉक्टर अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया गया है। उसके पास ईसाई धर्म से जुड़ी पुस्तके बरामद हुई है। मामले में इनके अन्य साथियों की भी गिरफ्तारी होगी। जिनकी मदद से यह धर्मांतरण का काम जनपद में कर रहा था। पुलिस के मुताबिक यह ईसाई परिवार लखनऊ से आकर बाराबंकी में पिछले एक साल से रह रहा था। उसने रेलवे की एक जमीन पर अवैध रूप से एक झोपड़ी बनाई थी। जहां वह बहुसंख्यक समाज के लोगों को बहला-फुसलाकर गुमराह करता था। और उनका ईसाई धर्म में धर्मांतरण कराता था। आरोपी का नाम बजरंग है जोकि बड़ी संख्या में भीड़ एकत्रित कर लोगों को बहकाने का काम करता था। इस बात की जानकारी जब क्षेत्रीय हिंदू संगठनों को हुई तो वह मौके पर पहुंचे। जहां उन्हें मौके से बाइबल और अन्य इसाई ग्रंथ की पुस्तकें बरामद हुई। जिसके बाद हिंदू संगठनों ने तत्काल मामले की सूचना स्थानीय पुलिस को दी। और तहरीर देते हुए आरोपी ईसाई परिवार पर कार्रवाई की मांग की है। तहरीर में आरोप है कि आरोपी यहां रह रहे 200 से अधिक दलित परिवारों को ईसाई धर्म में परिवर्तित करने का काम कर रहा था। पूरा मामला थाना लोनी कटरा क्षेत्र के मंगलपुर रेलवे क्रॉसिंग के पास का है। यहां लखनऊ जनपद के मोहनलालगंज तहसील क्षेत्र पुलसा खेड़ा गांव का रहने वाला बजरंग नाम का व्यक्ति अपने परिवार के साथ रेलवे की जमीन पर अवैध रूप से रह रहा था। जिस पर आरोप है कि वह पिछले एक साल से है इलाके में अनपढ़ और गरीब व्यक्तियों को इलाज करता था। आरोप है कि जो लोग बजरंग के पास उपचार के लिए जाते थे वह धीरे-धीरे मंदिर जाना और पूजा पाठ करना बंद कर चुके थे। जिसकी जानकारी होने पर हैदरगढ़ कस्बे के रहने वाले हिंदू संगठन के कार्यकर्ता विजय हिंदुस्तानी अपने अन्य साथियों के साथ मौके पर पहुंच गए। यहां मौजूद महिलाओं से जब हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं ने बात की तो उन्होंने बताया कि हमें पूजा पाठ करके कौन सा फायदा हुआ है। अब हम न मंदिर जाएंगे और न पूजा पाठ करेंगे। इस पर कार्यकर्ताओं ने आरोपी व्यक्ति की झोपड़ी की तलाशी ली। जिसमें उन्हें बाइबल व ईसाई धर्म के अन्य ग्रंथ मिले। यहां एक महिला ने बताया कि आरोपी उपचार के बहाने लोगों को जालंधर ले जाकर इसाई धर्म में धर्मांतरण करा देता था।

# राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने गांधी सभागार में की समीक्षा बैठक, अफसरों को दिये निर्देश

**✻ बाढ़-बारिश से सुरक्षा एवं बचाव कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं: संजय सिंह गंगवार**



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

प्रदेश के गन्ना विकास एवं चीनी उधोग राज्यमंत्री संजय सिंह गंगवार ने आज सोमवार को कलेक्ट्रट स्थित गांधी सभागार में बाढ़-बारिश से सुरक्षा एवं बचाव सम्बन्धी प्रशासनिक स्तर पर किये जा रहे कार्यो की समीक्षा की और भावी योजनाओं के बारे में अधिकारियों से विस्तार से चर्चा की। उन्होनें बारिश से जगह जगह होने बाले जल भराव की समस्या से निपटने के लिए समुचित प्रबन्ध किये जाने निर्देश दियें। साथ ही इस मौसम में होने वाली मौसमी बीमारियों से भी बचाव के उपाय करने के निर्देश दिये। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने कहा की मानसून की सक्रियता और पहाड़ों पर हो रही बारिश के चलते जनपद में बाढ़ की स्थिति की सम्भावना बनी रहती है ऐसी स्थिति में प्रशासन को अलर्ट मोड पर रहना जरूरी है। उन्होनें बैठक में आये सिचाई एवं बाढ़ खण्ड के अधिकारियों से बाढ के सुरक्षा एंव बचाव हेतु किये जा रहे प्रबन्धों की जानकारी हासिल की और इस सम्बन्ध में निर्देश देते हुए कहा की किसी भी हालत में सुरक्षा एवं बचाव कार्यो में लापरवाही वर्दाश्त नही की जायेगी। उन्होनें शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में जल भराव की होने वाली समस्याओ से निपटने के लिए जल निकासी के बेहतर प्रबन्ध किये जाने पर बल दिया। राज्यमंत्री श्री गंगवार ने बारिश के मौसम में और उसके बाद होने वाली मौसमी बीमारियों से भी निपटने की आवश्यकता बताते हुए कहा की प्रशासनिक स्तर पर सभी तैयारियाँ पूरी की जानी चाहिए ताकि आमजनों को सम्भावित बीमारियों के फैलने से राहत मिल सके। उन्होनें बैठक में मौजूद खण्ड विकास अधिकारियों से कहा की ओ0पी0ओ0डी0 योजना और महिला स्वयं सहायता समूहों की शासन के मंशा के अनुरूप कार्य योजना बनाकर कार्य किया जाये ताकि उसका लाभ सीधें जनता को मिल सके। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी धर्मेन्द्र प्रताप सिंह, ए0डी0एम0 वित्तीय राम सिंह गौतम, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 अलोक कुमार सहित जनपद के एस0डी0एम0, खण्ड विकास अधिकारी और नगर पालिका/नगर पंचायतों के अधिशासी अधिकारीगण मौजूद रहें।

# डीएम ने नेपाल सीमावर्ती गांव में चौपाल लगाकर सुनी ग्रामीणों की समस्याएं

**✻ वन भूमि के संबंध में शासन से वार्ता कर जल्द ही हल निकालने का दिया आश्वासन**

**✻ क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा,ओर पात्रों को आवास की सुविधा दिलाने की मांग**



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**हजारा (पूरनपुर)।** जिलाधिकारी ने नेपाल सीमावर्ती गांव में पहुंचकर ग्रामीणों के बीच चौपाल की। बाढ़ पीड़ित ग्रामीणों की समस्याओं को सुनकर उनका शीघ्र निराकरण कराने का आश्वासन दिया है।ग्रामीणों ने अपनी तमाम बुनियादी समस्याओं को उनके सम्मुख रखते हुए शीघ्र समाधान कराने की मांग की है।

सोमवार जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार ने भारत नेपाल अंतरराष्ट्रीय सीमा के सीमावर्ती गांव सिंघाड़ा उर्फ टाटरगंज में पहुंचकर ग्रामीणों के साथ संवाद करते हुए उनकी समस्याओं के बारे में जानकारी ली। जिस पर मौके पर मौजूद ग्राम प्रधान एवं अन्य व्यक्तियों ने पानी की टंकी,दूर संचार के लिए टावर लगवाने की मांग की। गन्ना आपूर्ति के लिए सट्टा बनवाने एवं पात्र ग्रामीणों को आवास दिलवाने विद्यालय एवं हॉस्पिटल बनवाने की मांग की। साथ ही ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को वन विभाग की शिकायत करते हुए बताया है कि वन विभाग इन ग्राम पंचायतों की भूमि को अपना बताते हुए किसी प्रकार का पक्का निर्माण नहीं होने देते हैं।वन भूमि के दावे के कारण किसानों की गन्ना आपूर्ति सट्टा नहीं बन पा रहे हैं।जिलाधिकारी ने ग्रामीणों को वन विभाग की भूमि के संबंध में शासन से वार्ता कर इसका निराकरण कराने का आश्वासन दिया।इसके अलावा ग्राम विकास अधिकारी प्रेमशंकर को बुलाकर गांव के विकास संबंधी बिंदुओं की जानकारी लेते हुए विकास के कार्यों को समयबद्ध पूर्ण करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने मौके पर मौजूद तहसीलदार से वन भूमि की जानकारी जुटाई। शीघ्र ही ग्रामीणों की समस्याओं को हल करने के निर्देश दिए।इस मौके पर जिलाधिकारी प्रवीण कुमार लक्षकार, तहसीलदार ध्रुव नारायण, राजस्व निरीक्षक महेश सिंह ,लेखपाल आशीष निषाद,नरेश चंद्र गंगवार,हजारा थानाध्यक्ष ब्रजवीर सिंह,कंबोज नगर पुलिस चौकी प्रभारी नरेंद्र सिंह,बफर जोन संपूर्णानगर वन रेंज के क्षेत्रीय वनाधिकारी रूद्र प्रताप सिंह व शिव बाबू सरोज के अलावा टाटरगंज प्रधान पति सतनाम सिंह, बमनपुरी भागीरथ प्रधान पति गुरदेव सिंह,बैल्हा ग्राम प्रधान अमरीक सिंह,सिद्ध नगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि राजकुमार, शांति नगर प्रधान रामकृपाल वर्मा,रामनगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि सत्य प्रकाश सिंह, प्रधान मनोज सिंह,शमशेर आलम,अमरजीत सिंह,सुच्चा सिंह, सूरज सिंह,जीत सिंह,प्रीतम सिंह,जनार्दन दुबे सहित अन्य दर्जनों लोग मौजूद रहे।

# एक किताब में समाएगा पूरा राजस्व ग्राम

**✻ एसडीएम कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने किया प्रयोग**

**✻ राजस्व सूचनाओं के साथ अन्य कई जानकारियों का केंद्र बनेगी पुस्तक**



> राजस्व पुस्तिका का प्रयोग कर समय समय पर ग्राम स्तर से विभिन्न योजनाओं के संबंध में वांछित सूचनाओं को प्राप्त किया जा सकता है। राजस्व पुस्तिका विकास प्रशासन एवं कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अधिक उपयोगी सूचना स्त्रोत साबित होगी। इसके माध्यम से न केवल सूचनाओं का संकलन समुचित रूप से होगा अपितु योजनाओं ,कार्यों का क्रियान्वयन व पर्यवेक्षण भी प्रभावी होगा।
> **आशुतोष गुप्ता, एसडीएम कलीनगर**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** राजस्व ग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाएं अब एक किताब में समाहित कर रखी जा सकेंगी। उपजिलाधिकारी कलीनगर आशुतोष गुप्ता ने नवाचार करते हुए राजस्व पुस्तिका का संपादन किया है। राजस्व पुस्तिका का उद्देश्य प्रत्येक राजस्व ग्राम से संबंधित महत्वपूर्ण सूचनाओं जैसे- ग्राम स्तरीय विभिन्न विभागों से संबंधित कर्मचारियों की सूचना, शासकीय भूमियों व परिसंपत्तियों का विवरण, कल्याणकारी योजनाओं का विवरण पत्र, संबंधित ग्राम की महत्वपूर्ण सांस्कृतिक पहचान आदि का संकलन एक पुस्तिका के रूप में इस प्रकार से किया जाना है कि विभिन्न शासकीय कार्यों के निर्वहन में आवश्यक सहयोग एवं सूचनाओं की प्राप्ति सरलता से हो सके। एसडीएम कलीनगर द्वारा बनाई गई राजस्व पुस्तिका में राजस्व ग्राम में चकरोडों, तालाबों, शत्रु संपत्ति, वक्फ, विद्यालय, सिंचाई विभाग, मंदिर व अन्य विभागों के नाम दर्ज भूमि, मानव संसाधन, वरासत, एंटी भूमाफिया अभियान के अंतर्गत की गई कार्रवाईयां, राजस्व ग्राम से संबंधित विवादित प्रकरण, असंक्रमणीय खातेदारों तथा मछुआ समुदाय/कुम्हारी कला, मुख्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों, ताजिया, जुलूस, मेला आदि की स्थिति, विभिन्न न्यायालयों में गतिमान वाद, राजस्व वसूली, आपदा प्रबंधन, व्यवसायिक गतिविधि आदि से संबंधित विवरण पत्रों को शामिल किया गया है। प्रत्येक विवरण पत्र के लिए प्रारूप निर्धारित किए गए हैं। तहसील कलीनगर में तैनात समस्त लेखपालों को जल्द ही इस राजस्व पुस्तिका का वितरण किया जाएगा। लेखपाल राजस्व पुस्तिका को भरकर अपने साथ रखेगा जिससे जरूरत पड़ने पर उस गांव से संबंधित पूरी जानकारी केवल पुस्तिका के पन्ने पलटने से मिल सके। एसडीएम आशुतोष गुप्ता ने यह प्रयोग एसडीएम अमरिया रहते हुए भी किया था, जिसकी तत्कालीन जिलाधिकारी पुलकित खरे ने सराहना करते हुए सभी तहसीलों में इसे लागू करने के आदेश दिए थे।

## तहसीलदार ने बाढ बचाव कार्यों का किया निरीक्षण



**जन एक्सप्रेस/पीलीभीत/हजारा।** शारदा नदी का जलस्तर बढ़ने के बाद भूमि का कटान रोकने के लिए लगाए गए जिओ ट्यूब शारदा नदी में समा गए। आनन-फानन में कराए जा रहे बाढ बचाव कार्य बेकार साबित हो रहे हैं। सोमवार तहसीलदार ध्रुव नारायण ने राणा प्रताप नगर पहुंचकर मौके का निरीक्षण किया। उस स्थान पर कराए गए बचाव कार्य की गुणवत्ता को परखा।मजबूती से बचाव कार्य कराने के निर्देश दिए है। बाढ़ खंड के द्वारा रेत भरी बोरियां एवं बंबू कटर लगाने का काम किया जा रहा है।इस मौके पर राजस्व निरीक्षक महेश सिंह, लेखपाल नरेश चंद्र गंगवार, आशीष कुमार निषाद ,राणा प्रताप नगर ग्राम प्रधान प्रतिनिधि पूर्व प्रधान दीनानाथ गौतम राधा-कृष्ण राजभर,सीताराम राजभर सहित अन्य दर्जनों ग्रामीण मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ कर सड़क सुरक्षा के पालन की दिलाई गई शपथ

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**✻ बरखेड़ा विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद तथा एआरटीओ ने हरी झंडी दिखाकर किया शुभारंभ**

सोमवार को सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाए जाने के उद्देश्य से सड़क सुरक्षा से जुड़े समस्त विभागों परिवहन विभाग गृह विभाग लोक निर्माण विभाग चिकित्सा विभाग तथा शिक्षा विभाग की कार्य योजना के आधार पर इस वित्तीय वर्ष में सड़क सुरक्षा सप्ताह के स्थान पर सड़क सुरक्षा पखवाड़ा जो आज से 31 जुलाई 2023 के अंतर्गत विभिन्न जागरूकता और प्रवर्तन कार्यक्रम आयोजित किया जाना निर्धारित किया गया हैं। उक्त निर्देशों के अनुपालन में जनपद पीलीभीत में सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के प्रथम दिन कलेक्ट्रेट परिसर में बरखेड़ा के विधायक स्वामी प्रवक्ता नंद ने सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ किया।

जिसमें उनके द्वारा विभिन्न विद्यालयों से आए छात्र-छात्राओं एवं विभिन्न विभागों के कर्मचारियों को सड़क सुरक्षा के पालन की शपथ दिलाई एवं उपस्थित लोगों को सड़क दुर्घटना होने पर घर के मुखिया के घायल अथवा मृत्यु हो जाने पर परिवार जनों पर आने वाली विपत्तियों का वर्णन करते हुए लोगों को यातायात नियमों के पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने, चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट लगाने, नशे की हालत में वाहन ना चलाने एवं रॉन्ग साइड में वाहन ना चलाने, ओवरस्पीडिंग ना करने, वाहन से स्टंट ना करने हेतु जागरूक किया तथा परिवहन विभाग द्वारा तैयार किए गए यातायात जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखाकर जनपद के विभिन्न ग्रामीण अंचलों तथा क्षेत्रों में जनमानस को जागरूक करने हेतु रवाना किया। वही इस अवसर पर एआरटीओ वीरेंद्र सिंह द्वारा उपस्थित समस्त लोगों को अवगत कराया गया कि शासन से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में परिवहन विभाग परिवहन निगम पुलिस विभाग समस्त सड़क निर्माण एजेंसियां शिक्षा विभाग एवं चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग पखवाड़े के अंतर्गत दिनांक वार निर्धारित कार्यक्रम आयोजित कर जन सामान्य को यातायात के नियमों के पालन हेतु जागरूक करेंगे। सड़क सुरक्षा पखवाड़ा के उद्घाटन समारोह में अपर जिलाधिकारी राम सिंह गोतम, क्षेत्राधिकारी यातायात सुनील दत्त, सहायक संभागीय परिवहन अधिकारी वीरेंद्र सिंह, प्रभारी अधिकारी कोषागार सुधीर अग्रवाल, संभागीय निरीक्षक प्राविधिक हरिओम, कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न विभागों के अधिकारी/ कर्मचारी, परिवहन विभाग के कर्मचारी, यातायात पुलिसकर्मी, स्काउट गाइड के नोडल शिक्षक स्काउट गाइड का दल एवं छात्र छात्राएं उपस्थित रही।

# शिवनगर में कोविड वार्ड की शासन स्तर से जांच तो हुई लेकिन कार्रवाई के इंतजार में शिकायतकर्ता

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**✻ शिवनगर पीएचसी परिसर में छह लाख की लागत के नवनिर्मित भवन का मामला**

**✻ गांव के कुछ लोगों की शिकायत पर लखनऊ से आई टीम ने परखी थी गुणवत्ता**

**पूरनपुर।** हाल ही में लखनऊ से गठित जांच टीम ने पूरनपुर क्षेत्र के शिवनगर पीएचसी परिसर में बनाए गए कोबिड वार्ड के भवन का निरीक्षण कर भवन में लाई गई ईंट का सैंपल लिया। बताते हैं कि जांच टीम के अफसरों को कई खामियां देखने को मिली। निर्माण कार्य में गुणवत्ता की अनदेखी होना पाया गया। ऐसे में निर्माण संस्था पर कार्रवाई होना तय माना जा रहा था लेकिन अब तक अग्रिम कार्रवाई नहीं की गई है। इससे शिकायतकर्ताओं में रोष है। मामला पूरनपुर सीएचसी क्षेत्र के गांव शिवनगर की पीएचसी के बनाए गए छह बेड कोबिड वार्ड का भवन का है। बताते हैं कि भवन के निर्माण में शासन से करीब साढ़े छह लाख रुपए का बजट पास हुआ। कार्यदायी संस्था ने निर्माण के शुरूआती दौर से ही गुणवत्ता की अनदेखी करनी शुरू कर दी। घटिया क्वालिटी की ईंट लगाने के साथ सीमेंट, सरिया, मोरंग का कम प्रयोग किया। ग्रामीणों के विरोध करने पर भी गुणवत्ता में सुधार नहीं किया गया। लोग सबाल उठाते रहे और ठेकेदार ने तेजी से भवन निर्माण का कार्य पूरा कर प्लास्तर करा दिया ताकि खामियां छिप जाए। गांव के कुछ लोगों ने जिलास्तर पर शिकायत कर कार्रवाई की मांग की लेकिन मिलीभगत के चलते सुनवाई नहीं हुई। इसपर शासन स्तर पर शिकायत की गई जिसपर करीब पखबाड़ा भर पहले पीडब्ल्यूडी विभाग एवं डीजीएमएच लखनऊ के अधिशासी अभियंता सुशील कुमार सैनी, परिवार कल्याण विभाग एवं पीडब्ल्यूडी के जूनियर इंजीनियर मोहम्मद नासिर, डीआरडी विभाग पीलीभीत के अफसर के साथ मौके पर जाकर गुणवत्ता परखी थी। इस दौरान कई खामियां सामने आईं। गुणवत्ता को अनदेखा कर बनाए गए भवन पर जिम्मेदारों पर नाराजगी जताई। भवन में लगाई गई ईंट का सैंपल लिया। इधर, जांच के कई दिन बीतने के बावजूद अब तक निर्माण एजेंसी पर कार्रवाई की प्रक्रिया शुरू नहीं हो सकी है। इससे शिकायतकर्ताओं में रोष है। उन्होंने जल्द कार्रवाई अमल में लाने की मांग उठाई है।

# सावन माह के दूसरे सोमवार को शिवालयों में उमड़ी भक्तों की भीड़



**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**बीसलपुर।** सावन महा के दूसरे सोमवार को शिवालयों में देवों के देव महादेव की पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। गुलेश्वर नाथ मंदिर में कांवड़ियों ने जलाभिषेक किया। सोमवार को शिव मंदिरों में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों में विशेष उत्साह दिखाई देने लगा। प्राचीन बाबा गुलेश्वर नाथ मंदिर में पूजा अर्चना करने वाले भक्तों की सुबह 4ः00बजे से ही भीड़ एकत्र हो गई। श्रद्धालुओं ने कतार में खड़े होकर मंदिर में प्राचीन शिवलिंग के दर्शन कर पूजा अरना की। सुरक्षा की दृष्टि से यहां पुलिस बल तैनात रहा। पालिका अध्यक्ष शशि जायसवाल के निर्देश पर मंदिर परिसर की व्यापक सफाई कराकर चूने का छिड़काव किया गया। मंदिर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की ओर से चिकित्सकों की टीम तथा श्रद्धालुओं की मदद के लिए पालिका की टीम उपलब्ध रही। मठिया नाथ मंदिर पर भगवान शिव की पूजा का विशेष उत्सव मनाया गया मंदिर को गेंदे के फूलों से सजा कर मंदिर के पुजारी केशव गुप्ता द्वारा जलाभिषेक किया गया। इसके अलावा बड़ा स्थल शिव मंदिर में पंडित बाबूराम शर्मा द्वारा शिव पूजा का अनुष्ठान संपन्न कराया गया।राम जानकी मंदिर बेनी राम मंदिर बंगाली बाबा मंदिर देवेश्वर नीलकंठ महादेव मंदिर, गौरी शंकर मंदिर सहित नगर के 1 दर्जन से अधिक शिव मंदिरों में भक्तों ने पूजा अर्चना की।

# पूरनपुर के 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग को शुरू कराने में जिम्मेदार उदासीन

**✻ निर्माण कार्य का समय निकलने के दो साल बीतने के बाद भी अधूरा पड़ा निर्माण कार्य**

**✻ पूरनपुर में महिला अस्पताल का जून 2021 तक पूरा होना था निर्माण**



> पूरनपुर का निर्माणाधीन महिला अस्पताल स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर होना है। इसको लेकर कई बार स्थलीय निरीक्षण किया गया लेकिन हर बार कोई न कोई खामी मिली। निर्माण एजेंसी के लोगों को खामियां दूर करने को कहा गया है। अस्पताल के लिए डाक्टर, स्टाफ और संसाधनों की उपलब्धता के संबंध में शासन को डिमांड भेजी जा चुकी है।
> **डा. आलोक शर्मा, सीएमओ**

**जन एक्सप्रेस । पीलीभीत**

**पूरनपुर।** निर्माण कार्य की समय सीमा निकलने के बाद भी नगर के 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के भवन का निर्माण कार्य अधूरा है। अस्पताल का संचालन शुरू न होने से लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। कार्यदायी संस्था द्वारा निर्माण कार्य पूरा करने में लापरवाही की जा रही है। जबकि जून 2021 तक निर्माण कार्य पूरा किया जाना था। ऐसे में निर्माण एजेंसी की उदासीनता का खामियाजा क्षेत्रीय लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पूरनपुर देहात में महिला चिकित्सालय के पुराने भवन को ध्वस्त कर 50 बेड के मदर चाइल्ड विंग के नए भवन का निर्माण करीब 7.34 करोड़ रुपए की लागत से फरवरी 2019 में शुरू किया गया था। निर्माण कार्य जून 2021 में पूरा होना था लेकिन निर्माण एजेंसी की लापरवाही के चलते अब तक कार्य पूरा नहीं हो सका है। निर्माण अधूरा होने से भवन स्वास्थ्य विभाग को हैंडओवर नहीं हो पा रहा है। इससे महिला मरीजों को मिलने वाली चिकित्सीय सेवा प्रभावित है। जिला चिकित्साधिकारी बार-बार निर्माण कार्य पूरा करने के निर्देश दे रहे हैं लेकिन इसका असर नहीं हो रहा है। सीएमओ को हर बार निरीक्षण में तमाम खामियां मिली मिल रही हैं। इनको दूर करने के निर्देश दिए दिए जाते हैं लेकिन नतीजा शून्य ही रहता है। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है कि अस्पताल के भवन का निर्माण पूरा न होने से स्वास्थ्य विभाग इसे हैंडओवर नहीं ले रहा है। हालांकि निर्माणाधीन अस्पताल के लिए डाक्टर, स्टाफ, बेड आदि संसाधनों की डिमांड शासन को भेजी जा चुकी है।

# एसडीएम सोरांव ने किया बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण, तैयारियों का लिया जायजा



**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

दिल्ली पंजाब एवं हरियाणा में आई बाढ़ को देखते हुए राज्य सरकार ने अफसरों को पहले से अलर्ट कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अफसरों को बाढ़ ग्रस्त इलाकों में पहुंच कर तैयारियों को अंतिम रूप देने का निर्देश दिया है। सोरांव के उप जिलाधिकारी गणेश कुमार कनौजिया ने कौड़िहार के कछार क्षेत्र पहुंचकर जायजा लिया। सराय जयराम सहित आसपास के इलाके गए और संभावित बाढ़ क्षेत्र का निरीक्षण किया। उन्होंने बाढ़ आने की दशा में पहले से ही सभी तैयारियां पूरी कर लेने का मातहतों को निर्देश दिया। कहा कि साफ सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। पशुओं के लिए चारे आदि की पूरी व्यवस्था कर ली जाय जिससे बाढ़ आने पर किसी प्रकार की कोई परेशानी न हो। रैन बसेरों के स्थान भी चिन्हित करने की जरूरत पर जोर दिया।

# नैनी में यदुवंशी प्रतिभाओं का हुआ सम्मान

**जन एक्सप्रेस । प्रयागराज**

**✻ छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया**

**यमुनानगर।** नैनी प्रयागराज में यदुवंशी प्रतिभाओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। यदुवंशी गौरव सम्मान समारोह को सम्बोधित करते हुए पूर्व न्यायमूर्ति राममूर्ति यादव ने कहा कि नवोदित प्रतिभाएं सामाजिक उन्नयन का प्रेरणास्रोत हैं। इन्हें बेहतर अवसर देना सामाजिक दायित्व है। रविवार देर रात तक चले इस समारोह में यादव उन्नयन मंच के तत्वावधान में प्रतिभावान विद्यार्थियों, खिलाड़ियों तथा नवनिर्वाचित पार्षदों को यदुवंशी गौरव सम्मान से विभूषित किया गया। शिक्षक एमएलसी मान सिंह यादव ने कहा कि यादव समाज सबसे विकसित और आधुनिक सोच रखता है। समारोह में यादव समाज की गौरव अल्प आयु में शतरंज की विश्व की नंबर एक खिलाड़ी रही प्रिया और उनकी बहन अनुप्रिया को सारस्वत सम्मान देकर सम्मानित किया गया। मिर्जापुर की क्रिकेट खिलाड़ी ज्योति यादव को भी सम्मानित किया गया। इस दौरान जनपद के विभिन्न इलाके के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के छात्र-छात्राओं को मेडल व प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। नवनिर्वाचित सभासदों नेम यादव, सभासद पति पवन यादव, मयंक यादव, बबीता अनिल यादव, अजय यादव, राजकुमार यादव (धुन्नू) आदि को पारंपरिक पगड़ी पहनाकर, स्मृति चिन्ह दिया गया। समारोह को पूर्व न्यायमूर्ति एमपी यादव, प्रोफेसर उमाकांत यादव, सुरेंद्र कुमार यादव, मल्लू यादव, बृजेश यादव, आरके यादव, चंद्रपाल यादव पूर्व जिला अध्यक्ष सपा पंधारी यादव, मंजू यादव, पुष्पा यादव, अशोक यादव, संतोष यादव, गोरे यादव, शेषमणि यादव, राजेश यादव ने भी संबोधित किया।

## रात को खाना खाया, सुबह फांसी के फंदे से लटका मिला

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर।** अरैल निषाद बस्ती में सोमवार सुबह एक युवक अपने कमरे में फांसी के फंदे से लटका हुआ मिला। परिजन को पता चला तो हाहाकार मच गया। घर में रोना-पीटना शुरू हो गया। परिवार के किसी सदस्य ने नैनी पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस कर्मी मौके पर पहुंच गए। परिजन से पूछताछ करने के बाद युवक के शव को कमरे का दरवाजा तोड़कर बाहर निकाला। पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। रविवार रात में 30 साल का विनोद निषाद पुत्र सुंदर खाना खाने के बाद अपने कमरे में चला गया। सोमवार सुबह काफी देर तक नहीं उठने पर घर के लोग जगाने गये तो दरवाजा बंद मिला। खिड़की से झांका गया तो अंदर का दृश्य देख होश उड़ गए। विनोद निषाद फांसी के फंदे से लटका हुआ था।

## ई- रिक्शा चालकों के खिलाफ जांच अभियान



**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज।** पुलिस उपायुक्त यातायात आईपीएस अभिनव त्यागी के निर्देश पर यातायात पुलिस ने शहर के कई स्थानों पर ई रिक्शा का चेकिंग अभियान चलाया गया। शहर के विभिन्न जगहों पर सड़कों पर ई रिक्शा की जांच पड़ताल की गई। बिना आवश्यक दस्तावेजों के चलने तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले ई रिक्शा चालकों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए चालान किया गया। डीसीपी ट्रैफिक अभिनव त्यागी ने बताया कि आगे भी यह अभियान चलता रहेगा। मनमानी तरीके से ड्राइविंग करने वाले लापरवाह लोगों को बक्शा नहीं जायेगा।

## सावन का दूसरा सोमवार शिवमय हुआ प्रयागराज

**जन एक्सप्रेस/प्रयागराज। यमुनानगर।** सावन के दूसरे सोमवार को सोमवती अमावस्या पर्व ने भक्तों के लिए सोने में सुहागा संयोग बना दिया। अरैल संगम घाट पर गंगा-यमुना में पवित्र डुबकी लगाने वाले शिवभक्त श्रद्धालुओं और कांवड़ियों की भीड़ जमा हुई। स्नान करने के साथ ही श्रद्धालुओं ने पौराणिक महत्व वाले सोमेश्वर महादेव और शूलटंकेश्वर मंदिर में जलाभिषेक किया। इस अवसर पर शिवार्चन करने वाले कांवड़ियों और शिवभक्तों की लम्बी कतार देखी गई। इस विशेष महत्व वाले पर्व पर दोनों मंदिरों में भोले भण्डारी को समर्पित भण्डारे का भी आयोजन किया गया। शिव की आराधना करने के पश्चात कतार में बैठकर श्रद्धालुओं ने भण्डारे का प्रसाद ग्रहण किया। प्रसाद पाकर शिवभक्त तृप्त दिखाई पड़े। भीड़ को देखते हुए स्थानीय पुलिस प्रशासन भी सुरक्षा व्यवस्था सुनिश्चित करने में तत्पर रही। पुलिस प्रशासन के सहयोग को स्वयंसेवक भी सजग दिखाई दिए। इस दौरान अरैल के मंदिरों में भंडारा चलाया गया। श्रद्धालुओं ने यहां के प्राचीन शिवालयों एवं मंदिरो में श्रद्धा, आस्था और विश्वास से माथा टेका और प्रसाद ग्रहण किया। सामाजिक कार्यकर्ता बबलू पांडेय के नेतृत्व में भोर से भंडारे का प्रसाद वितरित होता रहा। श्रद्धालुओं ने सोमेश्वर नाथ मंदिर में माथा टेकने के उपरांत हजारों की संख्या में प्रसाद ग्रहण किया। जिला उपाध्यक्ष भाजपा किसान मोर्चा संजय श्रीवास्तव, काशी प्रांत अल्पसंख्यक मोर्चा क्षेत्रीय उपाध्यक्ष सरदार पतविंदर सिंह, सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं ने भंडारा का प्रसाद वितरित करने में सहयोग किया।

पेज 1 का शेष...

## उत्तर प्रदेश पुलिस बहा...

**13 साल की उम्र में पिता ने तोड़ लिया था नाता:** गुड्डू मुस्लिम से उसके पिता ने 13 साल की उम्र में नाता तोड़ लिया था। उसके बाद गुड्डू मुस्लिम कभी घर लौट कर नहीं आया। गुड्डू मुस्लिम की बहन पहले ही खुलासा कर चुकी है कि गुड्डू मुस्लिम कभी वापस लौटकर नहीं आया।

**गुड्डू मुस्लिम और शाइस्ता को विदेश यात्रा नहीं करने देगा लुकआउट नोटिस:** पुलिस का लुकआउट नोटिस आरोपी गुड्डू मुस्लिम और शाइस्ता को विदेश यात्रा करने से रोकेगा। इन आरोपियों की जानकारी के साथ तस्वीरें सभी हवाई अड्डों और अंतरराष्ट्रीय सीमाओं पर भेजी जा चुकी हैं। वहीं हाल ही में पुलिस और एसटीएफ की टीमों ने अशरफ के साले सद्दाम और पत्नी जैनब फातिमा की तलाश में पुरानी दिल्ली के कई इलाकों में छापेमारी की थी। दिल्ली के शाहीन बाग इलाके में माफिया अतीक अहमद का फ्लैट है। इसी फ्लैट में रहकर अतीक के बेटे उमर ने पढ़ाई की थी। पुलिस दिल्ली में भी शाइस्ता की तलाश कर रही है।

# सड़क हादसों में छात्र और वृद्ध की मौत, चार घायल

## कानपुर-लखनऊ हाइवे पर साइकिल सवार छात्र को कार ने रौंदा



अचलगंज में बिलखते मृतक हरिओम के परिजन।

**पहला हादसा** अचलगंज थाना क्षेत्र के गहिरा गांव निवासी हरिओम (14) पुत्र राधेलाल यादव सरस्वती इंटर कालेज ग्राम आटा में कक्षा आठ का छात्र था। सोमवार सुबह वह साइकिल से कालेज जाने के लिए निकला था। कानपुर लखनऊ हाइवे पर स्थित दुर्गा ढाबा के सामने हाइवे पार करते समय लखनऊ की ओर से आ रही तेज रफ्तार कार ने छात्र को रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। हादसे के बाद कार सवार मौके से भाग निकलने में सफल रहा। सूचना पर पहुंची अचलगंज पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। मृतक के पिता हाइवे पर चाय की दुकान चला कर परिवार का भरण पोषण करता है। सीसीटीवी कैमरे में दिखे कार नंबर के आधार पर पिता ने की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है। मृतक दो भाई एक बहन में दूसरे नंबर का था। उसकी मौत पर मां रेनू, बड़ी बहन लक्ष्मी और छोटे भाई हर्षित समेत अन्य परिजनों का रो रोकर बुरा हाल है।

**दूसरा हादसा** राजस्थान प्रांत के जिला बाड़मेर थाना जेसोर अंतर्गत ग्राम बालोतरा निवासी हनीफ खां (24) पुत्र सुमार खां, गांव के ही रहीम खां (70), अपने रिस्तेदार राजस्थान प्रांत के जिला माधेपुरा, लक्ष्मीपुर निवासी मो. शहादत (65) पुत्र मो. वजीर व परवीन (21) पत्नी हनीफ और बिहार प्रांत के जिला पूर्णिया के गांव वनमनखी निवासी एजाजुल (42) पुत्र मो. निज़ाम को लेकर पूर्णिया से आगरा लखनऊ एक्सप्रेस वे के रास्ते बालोतरा राजस्थान जा रहा था। रास्ते में बेहटा मुजावर थाना अंतर्गत शादीपुर गांव के पास सोमवार सुबह अचानक उनकी तेज रफ्तार मारुति वैन अनियंत्रित होकर अंडरपास पुलिया के पैराफिट से जा टकराई। हादसे में वैन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और उस पर सवार पांचों लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची यूपीडा रेस्क्यू टीम ने आनन-फानन सभी घायलों को एंबुलेंस से बांगरमऊ सीएचसी पहुंचाया। जहां घायलों की हालत नाज़ुक देखकर चिकित्सकों ने उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायलों में बुजुर्ग रहीम खां की यहां उपचार के दौरान मौत हो गयी। जिला अस्पताल कर्मियों ने शव को मोर्चरी में रखवाते हुए पुलिस को मेमो भेज दिया है।

**जन एक्सप्रेस, उन्नाव**

कानपुर लखनऊ हाइवे पर अचलगंज थाना क्षेत्र में स्कूल जा रहे साइकिल सवार छात्र को रौंद दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गयी। दूसरे हादसे में बेहटामुजावर थाना अंतर्गत एक्सप्रेस वे पर बिहार से राजस्थान जा रही कार अनियंत्रित होकर पुलिया के पैराफिट से टकरा गयी गयी। इस हादसे में पांच लोग घायल हुए जिनमें एक बुजुर्ग जिला अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। दोनों हादसे सोमवार सुबह हुए। संबंधित थानों की पुलिस ने मृतकों के शवों पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। हादसे से मृतकों के परिजनों में कोहराम मच गया है।

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिव मंदिरों में लगा रहा भक्तों का तांता

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**





बांगरमऊ स्थित ऐतिहासिक बोधेश्वर मंदिर में बाबा का शिवलिंग व दर्शन के लिए कतार में लगे श्रद्धालु।

- भक्तों ने गंगा जल व दूध से देवाधिदेव महादेव का किया अभिषेक
- बाबा को इच्छित वस्तुएं समर्पित कर की सुख, समृद्धि की कामना

सावन के दूसरे सोमवार पर जिले के सभी शिव मंदिरों में भक्तों की अपार भीड़ उमड़ी। भक्तों ने गंगा जल व दूध आदि से अपने अराध्य भगवान भोले का अभिषेक कर विधि विधान से पूजन अर्चन किया और उनसे सुख, शांति, यश और वैभव की कामना की। कई मंदिरों और घरों में भगवान भोलेनाथ को प्रसन्न करने के लिए रूद्राभिषेक जैसे अनुष्ठान भी किए गए। सावन के दूसरे सोमवार को शहर समेत जिले भर के सभी छोटे बड़े शिव मंदिरों में देवाधिदेव महादेव की पूजा अर्चना के लिए भक्तों की अपार भीड़ देखने को मिली।

भोर पहर से हर हर गंगे के और बम बम भोले के जयकारे लगाते भक्तों की टोलियां गंगा तटों की और प्रस्थान करती नजर आई। गंगा स्नान कर भक्तों ने शिव मंदिरों का रूख किया। भोर पहर से मंदिरों में दर्शन पूजन के लिए शिव भक्तों की कतारें लगी नजर आई। मगरवारा स्थित गोकुल बाबा मंदिर, शहर के सिद्धनाथ मंदिर, झंडेश्वर मंदिर, राजा शंकर सहाय शिव मंदिर, अखिलेश्वर महादेव समेत सभी प्रमुख मंदिरों के अलावा अन्य सभी शिव मंदिरों में भक्त अपने अपने उपक्रम से महादेव को प्रसन्न करने का उपक्रम करते नजर आए।

गंगाजल व दूध से भगवान भूतभावन का अभिषेक करने के बाद बाबा के उपासकों ने भांग, धतूरा, बेल पत्र, समी पत्र, मदार पुष्प आदि इच्छित वस्तुएं चढ़ा कर सुख, सौभाग्य, आरोग्य, शांति की कामना की। तमाम मंदिरों के अलावा घरों में आस्थावानों ने रूद्राभिषेक का अनुष्ठान कर भगवान भोले नाथ का संकीर्तन भी किया।

बांगरमऊ संवाददाता के अनुसार नगर के पश्चिम टीले पर स्थित ऐतिहासिक बाबा बोधेश्वर महादेव मंदिर में सावन मास के सोमवार को दर्शन एवं पूजन हेतु श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। कतार में श्रद्धालुओं ने अपनी बारी के आने पर बाबा बोधेश्वर महादेव के पंचमुखी शिवलिंग का गंगाजल व दुग्ध से अभिषेक किया और पुष्प तथा बेलपत्र अर्पित किए। पूरा दिन मंदिर प्रांगण में बाबा के जयकारों से गूंजता रहा।

इसके अलावा बाईपास मार्ग के किनारे स्थित सिद्धनाथ महादेव मंदिर, नानामऊ मार्ग स्थित श्री दुर्गेश्वर मंदिर, मोहल्ला भटपुरी के पंचेश्वर महादेव मंदिर, उन्नाव हरदोई मार्ग पर ओमकारेश्वर महादेव मंदिर, संडीला रोड स्थित भैरवानंद मंदिर, टेढ़ी बाजार स्थित सिद्धेश्वर महादेव मंदिर टेढ़ा शिवाला आदि सहित सभी शिव मंदिरों में भी बड़ी संख्या में भक्तों ने पहुंच कर बाबा के दर्शन पूजन किए।

### सोमवती अमावस्या पर पीपल वृक्ष की परिक्रमा करने को जुटी महिलाओं की भीड़

सावन के दूसरे सोमवार के साथ ही अमावस्या होने पर इसका महत्व और बढ़ गया। महिलाओं ने इस अवसर पर पीपल के वृक्ष की परिक्रमा कर यथा सामर्थ्य दान आदि देकर अखंड सौभाग्य की कामना की। सोमवाती अमावस्या पर घरों में तेल और हल्दी के परहेज चलते सादा भी भोजन बनाया गया। गांवों से लेकर शहरों तक पीपल के वृक्षों के पास परिक्रमा करने के लिए महिलाओं की खासी भीड़ सुबह से ही लगी रही। यह क्रम दोपहर तक चलता रहा।

## मनचले से परेशान नातिन को लेकर नाना ने लगाई सीओ से गुहार

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में मनचले ने एक युवती को परेशान कर रखा है। पीड़िता के नाना ने सीओ को प्रार्थना पत्र देते हुए उस पर फोन पर अभद्रता करने, जान से मारने की धमकी देने और रिश्ता तुड़वाने का आरोप लगाया है। पुरवा कोतवाली के एक गांव निवासी नाना के मुताबिक उसकी नातिन का जन्म उसी के घर पर हुआ था। वह यहीं पर पली बढ़ी है। गांव का ही युवक फोन से आए दिन धमकी भरे शब्दों से अपमानित करता है। उसकी शादी कहीं और करने पर नातिन संग परिजनों को जान से मारने की धमकी देता है। उसने बताया कि नातिन का एक रिश्ता तय हुआ था जहां उसने मनगढंत बाते बता कर उसकी सगाई तुड़वा दी। उसकी इन हरकतों से नातिन संग पूरा परिवार मानसिक रूप से प्रताड़ित है। सीओ दीपक सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए कोतवाली पुलिस कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

## फास्ट फॉरवर्ड

### संस्था ने दो सैकड़ा से अधिक लोगों को कराया भोजन

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पूर्व नियोजित कार्यक्रम के तहत सामाजिक संस्था कर्म क्रांति सेवा फाउंडेशन ने सावन के दूसरे सोमवार के उपलक्ष में दो सौ से अधिक लोगों को नि:शुल्क भोजन कराया। इस बार संस्था का नि:शुल्क भोजन वितरण रसूलाबाद निवासी मोहम्मद मूसा के सौजन्य से कराया गया। संस्था के संस्थापक चेतन मिश्रा, अशोक कुमार दीक्षित, सतीश बाजपेई, राजेश मिश्रा, हरदेवेंद सहाय, कुलदीप पांडे, अनुराग राठौर, दिनेश दत्त त्रिपाठी, रिक्शा चालक डब्बू, निर्मल, सरिता शुक्ला व जयंती शुक्ला आदि ने निस्वार्थ भाव से कड़ी चावल बनाने से लेकर वितरण में भी सहयोग किया। संस्थापन चेतन मिश्र ने बताया कि संस्था गरीबों को नि:शुल्क भोजन के अलावा रक्तदान, सांस्कृतिक कार्यक्रम और गरीब कन्याओं के विवाह में सहयोग जैसे काम करती रहती है। जनपद में कोई भूखा न सोए इसी सोंच के साथ संस्था मासिक रसोई के संचालन पर विचार कर रही है।





### पिता की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ निगला

**जन एक्सप्रेस/नवाबगंज, उन्नाव।** पिता की डांट से क्षुब्ध होकर युवती ने जहरीला पदार्थ निगल लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे लेकर सीएचसी आये। जहां से उपचार के बाद उसे घर भेज दिया गया। वहीं नवाबगंज कस्बा निवासी एक युवक ने भी जहरीला पदार्थ निगल लिया जिसे गंभीर हालत में सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां उसका इलाज चल रहा है। जानकारी अनुसार दही थाना क्षेत्र के सिलौटन खेड़ा निवासी जगरूप की बेटी मीनू (18) ने सोमवार को पिता की डांट से क्षुब्ध होकर घर मे रखी भैंस के शरीर पर लगने वाले कीडों को मारने वाला जहरीला पदार्थ निगल लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई और उल्टियां होने लगी तो परिजन उसे लेकर नवाबगंज सीएचसी आये। जहां चिकित्सक ने इलाज के बाद उसे घर भेज दिया। वहीं नवाबगंज कस्बे के पछियाव मोहल्ला निवासी अमरेश (27) पुत्र भगौती ने दोपहर को सिंघाड़ा में डालने वाली जहरीली दवा निगल ली जिससे उसकी हालत बिगड़ गई तो उसके जीजा श्रीकेशन ने उसे इलाज के लिए सीएचसी में भर्ती कराया। जहाँ उसका इलाज चल रहा है। श्रीकेशन ने बताया कि अमरेश के माता पिता नही हैं वह हमारे ही साथ रहता है। कुछ मानसिक स्थिति सही न होने के कारण उसने यह कदम उठाया है।

### महिला की शिकायत पर युवक पर छेड़खानी की रिपोर्ट

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** दही थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने गांव के ही युवक पर घर में घुसकर छेड़खानी का आरोप लगाया है। तहरीर के आधार पर आरोपी युवक प्रेमचंद्र पर छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज की गई है। दही थाना प्रभारी अनुराग सिंह ने बताया की महिला की तहरीर पर छेड़खानी में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है जांच की जा रही है।

### ई बस जाम में फंसी, लगी वाहनों की लंबी कतार

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सोमवार सुबह दस बजे नवीन पुल से एक ई बस आ रही थी, मार्ग संकरा होने के कारण वह बालूघाट मोड़ पर फंस गई। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। संकरा मार्ग होने के कारण टेंपो, ई रिक्शा, कार, दोपहिया, चौपहिया वाहन सवार जल्दबाजी में निकलने लगे। जिससे जाम लगना शुरू हो गया। कुछ ही देर में पोनी रोड मोड़ तक वाहनों की लंबी कतारें लग गई। ठंसाठंस जाम होने के कारण लोग पैदल तक नहीं निकल सके। वहीं जाम छुड़ाने के लिये पिकेट पुलिस भी काफी मशक्कत करती रही। इसके बावजूद साढ़े ग्यारह बजे तक वाहन रेंगते हुये निकले। दोपहर में वाहनों का भार कम होने पर जाम हट सका।

### 21 जुलाई को पूर्व सांसद मनोहर लाल का मनायेंगे जन्मदिन

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सहजनी स्थित गंगा श्री महाविद्यालय में एक बैठक आयोजित हुई। बैठक को संबोधित करते हुये पूर्व विधायक रामकुमार एडवोकेट ने कहा कि 21 जुलाई को उत्तर प्रदेश सरकार में रहे कैबिनेट मंत्री व पूर्व सांसद मनोहर लाल का जन्मदिन है। जिसे जिले के कई स्थानों में मनाया जायेगा। सबसे पहले सुबह साढ़े आठ बजे श्री चंद्रशेखर आवास विकास उन्नाव मनोहर पार्क में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण होगा। नौ बजे जिला अस्पताल में फल एवं दूध बांटा जायेगा। जिसके बाद मनोहर नगर इंटर कॉलेज और गर्ल्स इंटर कॉलेज में भी कार्यक्रम आयोजित होंगे। इस मौके पर सपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### दहेज की मांग करने वालों पर मुकदमा दर्ज

**जन एक्सप्रेस/शुक्लागंज, उन्नाव।** सरैयां निवासी प्यारेलाल की बेटी नीतू निषाद की शादी पिछले वर्ष चंपापुरवा निवासी पुत्तीलाल के बेटे मनीष निषाद के साथ हुई थी। आरोप है कि शादी के बाद से ससुरालीजन से प्रताड़ित करते थे। दहेज में पांच लाख रूपये मांगे इंकार करने पर उसे मारा पीटा। जब वह रूपये लेकर नहीं आई तो उसे मारपीट कर घर से निकाल दिया। जिस पर पीड़िता ने पुलिस को ससुरालीजनों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर पति मनीष, ससुर पुत्तीलाल, सास मालती देवी, ननद राधा व रूचि, नंदोई सतीश समेत सात के खिलाफ दहेज उत्पीड़न का मुकदमा दर्ज कराया है।

## पानी के धोखे में मासूम गटक गया डीजल, भर्ती

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** पुरवा कोतवाली क्षेत्र के एक घर में घर में खेल रहे मासूम ने प्यास लगने पर आंगन में रखा डीजल पी लिया। मामले की जानकारी पर पहुंचे परिजनों ने उसे उपचार के लिए सीएचसी में भर्ती कराया जहां उसकी उपचार चल रहा है। डाक्टर ने उसकी हालत खतरे से बाहर बताई है। पुरवा कोतवाली क्षेत्र के रामा अमरापुर निवासी बिंदा प्रसाद के मुताबिक वह सोमवार की सुबह पत्नी के साथ खेत गया था। उसके दोनों बेटे आकाश (5) व शिवांश (2) घर पर खेल रहे थे। शिवांश ने प्यास लगने पर घर के आंगन में रखी बोतल में रखा डीजल पी लिया। यह देख आकाश ने पड़ोसियों को आवाज लगाकर शिवांश के डीजल पी लेने की जानकारी दी। पड़ोसियों की सूचना पर बिंदा प्रसाद आनन फानन खेत से घर पहुंचा ओर बच्चे को आनन फानन उपचार के लिए सीएचसी पुरवा पहुंचाया। जहां उसका उपचार चल रहा है। डॉ. यूके सिंह के मुताबिक बच्चे का इलाज जारी है।

# सावन के दूसरे सोमवार पर शिव भक्तों ने शिवालयों में की पूजा-अर्चना

**जन एक्सप्रेस। शुक्लागंज, उन्नाव**

सावन के दूसरे सोमवार पर नगर के विभिन्न मंदिरों गायत्री शक्तिपीठ स्थित महाकाल शिव मंदिर, पोनीरोड झंडा चौराहा स्थित झंडेश्वर मंदिर, कंचन नगर स्थित कंचनामाई मंदिर, राजधानी मार्ग स्थित प्राचीन दुर्गा मंदिर, सीताराम कॉलोनी स्थित आनंदेश्वर मंदिर, सुभाष नगर, ऋषि आश्रम, चंपापुरवा स्थित शिव मंदिर, गोपीनाथ पुरम भाग्येश्वर मंदिर, देवारा स्थित वीरभद्रेश्वर मंदिर में शाही श्रंगार कराया गया, देवारा स्थित वीर भद्रेश्वर मंदिर समेत तमाम शिवमंदिरों में सुबह से शिव भक्तों ने पूजा अर्चना की। श्रद्धालु हाथ में सजी पूजा के थाल जिसमें दीप, धूप, नेवैद्य, धतूरा, बेलपत्र आदि लेकर अपनी बारी की प्रतीक्षा करते रहे। इस दौरान श्रद्धालुओ ने उपवास रखा। शिव मंदिरों में भक्तों द्वारा लगाए जा रहे बम भोले के उद्घोषों से पूरा मंदिर परिसर दिन भर गूंजता रहा।

वहीं कई स्थानों पर शिवभक्तों ने रूद्राभिषेक का आयोजन करवाया। जिसमें आचार्यों ने विधि विधान भगवान शिव का जलाभिषेक, दुग्धाभिषेक आदि करवाया। इसके साथ ही सावन के सोमवार को गंगा स्नान का विशेष महत्व है। सोमवार को श्रद्धालुओं ने गंगा में आस्था की डुबकी लगाई। इस दौरान लोगों ने तट पर बालू से शिवलिंग बनाकर भगवान शिव की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके अलावा तमाम श्रद्धालुओं ने तट पर कथा का श्रवण किया। स्नान के बाद श्रद्धालुओं ने दान-दक्षिणा कर पुण्य लाभ कमाया। वहीं सुरक्षा व्यवस्था को लेकर घाटों पर पुलिस तैनात रही और नाव से पुलिसकर्मी गंगा में गश्त करते रहे।

# विधायक ने यातायात नियमों के पालन की शपथ दिलाकर किया सड़क सुरक्षा पखवाड़ा का शुभारंभ

## 17 से 31 जुलाई तक मनाया जाएगा पखवाड़ा, प्रचार वाहन हुआ रवाना

**जन एक्सप्रेस। उन्नाव**



सड़क हादसों पर अंकुश लगाने व लोगों को यातायात नियमों प्रति जागरूक करने के लिए सम्भागीय परिवन विभाग की ओर से सड़क सुरक्षा पखवाड़ा मनाया जाता है। इस दफा यह पखवाड़ा 17 से 31 जुलाई तक चलाया जाएगा। सोमवार को भगवंत नगर विधायक ने इसका शुभारंभ किया। एआरटीओ कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में उपस्थित लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गयी। बाद इसके विधायक ने प्रचार वाहन को हरी झंड़ी दिखा कर रवाना किया।

इस बाद परिवहन विभाग का सड़क सुरक्षा सप्ताह 17 से 31 जुलाई तक मनाया जा रहा है। सोमवार को स्थानीय सहायक संभागीय परिवहन कार्यालय में भगवंत नगर विधायक आशुतोष शुक्ला ने पखवाड़ा का शुभारंभ किया। उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद सभी लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई इसके साथ ही जागरूकता वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। एआरटीओ प्रशासन आदित्य त्रिपाठी ने बताया कि पखवाड़ा के दौरान ज्यादा से ज्यादा लोगों को यातायात नियमों के प्रति जागरूक करने के साथ ही नियमों की अनदेखी करने वालों पर प्रवर्तन की कार्रवाई की जाएगी। इसके अलावा शिविर लगा कर वाहन चालकों के नेत्र परीक्षण भी किए जाएंगे। वाहन अत्यधिक धुंए का उत्सर्जन कर वायु प्रदूषण न फैलाएं इसके लिए वाहनों के प्रदूषण की जांच भी की जाएगी। कार्यक्रम में विधायक व एआरटी प्रशासन के अलावा दोनों एआरटीओ प्रवर्तन अरविंद सिंह व प्रतिमा गौतम के अलावा कार्यालय स्टाफ व वाहन स्वामी मौजूद रहे।

# सावन सोमवार को भक्तों के हर हर महादेव के नारे से गूंज उठा खेरेश्वर मंदिर

## गंगा में जल तटीय सुरक्षा पुलिस कर्मी मोटर बोट से निगरानी करते रहे

**जन एक्सप्रेस। बिल्हौर**



बिल्हौर तहसील क्षेत्र के गंगपुर से लेकर मंधना तक गंगा के किनारे करीब दो दर्जन गंगा तट पर घाट बने हुए हैं जहां पर कहीं पर सैकड़ों और कहीं पर हजारों भक्त सावन सोमवार के महीने में स्नान करने आते है। सभी घाटों पर संबंधित थानों का भारी फोर्स महिला और पुलिस बल तैनात रहता है सावन के दूसरे सोमवार को श्रद्धालुओ ने गंगा स्नान कर दान दक्षिणा देकर ब्राह्मणों का आशीर्वाद लेते हैं।

गंगा तट पर जल तटीय पुलिस के जवान भक्तो के सुरक्षा व्यवस्था में लगाई गई थी।जल तटीय सुरक्षा पुलिस के जवान गहरे पानी और गोताखोर का काम करते है पानी में किसी हादसे को संभालने के लिए यह जवान मोटर बोट और गोताखोर के रूप में तैनात रहकर काम करते है खेरेश्वर गंगा तट पर रविवार की देर रात से श्रद्धालु हर हर महादेव के नारे लगाते हुए गंगा स्नान करके भगवान भोलेनाथ के मंदिरों में जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया करते। स्नान करने आए श्रद्धालुओं के लिए पुलिस के जवान माइक से एलाउंस मेंट कर गंगा तट टीन शेड में लगे कैमरे से श्रद्धालुओ की मोटर बोट से कड़ी निगरानी कर रही थी। खेरेश्वर मंदिर धाम में एसआई शिवकरण वर्मा ने जानकारी दी की गंगा स्नान करने पहुंचे भक्तो और खेरेश्वर मंदिर धाम में दर्शन करने आए भक्तो को कोई परेशानी नहीं हुई है भक्तो की देख रेख में पीएसी पुलिस बल के जवान तैनात थे। खेरेश्वर मंदिर धाम व गंगा तट पर सिपाही पंकज सिंह, सोनू चाहर के साथ जल तटीय इकाई सुरक्षा के जवान मोटर बोट से कड़ी निगरानी करते रहे।

# मृतक की पत्नी ने प्रधान प्रतिनिधि व उसके पिता के खिलाफ दर्ज कराया मुकदमा

**जन एक्सप्रेस। हसनगंज, उन्नाव**

जन एक्सप्रेस FOLLOW-UP

तीन से लापता प्रधान का शव चौथे दिन संदिग्ध हालातों में फंदे से लटका मिलने के मामले में पत्नी प्रधान प्रतिनिधि व उसके पिता का नामित करते हुए तहरीर देकर आत्महत्या के लिए उकसाने का आरोप लगाया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर लिया है। बता दें कि अमोइया गांव निवासी प्रधान साहब लाल बीते गुरूवार से लापता था। परिजन और ग्रामीण उसकी खोजबीन कर रहे थे। रविवार सुबह उसका शव गांव से दो किलोमीटर दूर बाग में आम के पेड़ से लटका मिला था। परिजनों ने अपहरण के बाद हत्या करने और फिर शव को फंदे से लटकाए जाने का आरोप लगाते हुए हंगामा काटा था। सीओ संतोष सिंह ने परिजनों को निष्पक्ष जांच कर कार्रवाई का आश्वासन देकर शांत कराया था। पोस्टमार्टम में हैंगिंग से मौत की हुई थी। मृतक की पत्नी शारदा कोतवाली पुलिस को तहरीर देकर ग्राम प्रधानी के पैसे के लेन देन को लेकर चन्दन सिंह पुत्र देशराज सिंह व देशराज सिंह पुत्र छेद्दू सिंह निवासीगण ग्राम अमोइया पर शोषण करने और कागजों पर जबरन हस्ताक्षर कराने का आरोप लगाया था। उसका कहना है कि इन्हीं हरकतों से तंग आकर उसके पति साहब लाल ने फांसी लगाकर जान दे दी। कोतवाली पुलिस ने तहरीर के आधार पर आरोपी पिता पुत्रों पर आत्महत्या के लिए उकसाने की धारा में मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाकर इतिहास रचने का करेगें काम: अन्नू टंडन

## पूर्व सांसद ने सपा के जोनल व सेक्टर प्रभारियों संग बैठक कर भरा जोश

**जन एक्सप्रेस। हसनगंज, उन्नाव**





समाजवादी पार्टी के जोनल प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक हुई संपन्न। बैठक में पहुंची पूर्व सांसद अन्नू टंडन ने कार्याकर्ताओं से 2024 के लोकसभा चुनाव में पार्टी प्रत्याशी जिता कर इतिहास रचने का आह्वान किया।

मोहान विधानसभा के हसनगंज मुंशीगंज मार्ग स्थित मैरिज लान में मोहान विधानसभा के समाजवादी पार्टी के जोनल प्रभारी एवं सेक्टर प्रभारियों की बैठक की गई। कार्यकर्ताओं ने पूर्व सांसद अन्नू टंडन व पूर्व विधानसभा प्रत्याशी डॉ. आंचल वर्मा को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित किया। आंचल वर्मा ने कार्यकताओं में जोश भरते हुए कहा कि 2024 में सभी कार्यकर्ता इतिहास रचकर पार्टी के प्रत्याशी को जीत दिलाने का काम करेंगे। पूर्व सांसद ने बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि लोकतंत्र बचाने के लिए सभी कार्यकर्ता अभी से पूरी ईमानदारी से लग जाए और भाजपा को सत्ता से हटाने का काम करें जिससे भारत का लोकतंत्र बचाया जा सकें। मोहान विधानसभा अध्यक्ष अशोक सिंह गुड्डु ने मंचासीन सहित सभी को आश्वासन देते हुए कहा कि विधान सभा क्षेत्र का प्रत्येक कार्यकर्ता पार्टी की जीत सुनिश्चित कराने के लिए जी जान लगाकर काम करेगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता कुँवर बहादुर सिंह ने की। इस मौके पर जिलाध्यक्ष राजेश कुमार यादव, जिला पंचायत सदस्य बृजपाल यादव, राजेश कुशवाहा, पूती सिंह, ओम प्रकाश रावत, अर्जुन सिंह, शिव सिंह, कमल किशोर द्विवेदी, सुरेंद्र बहादुर सिंह, अजयदीप सिंह, संदीप यादव, संतराम यादव, लतीफ उस्मानी उर्फ गोलू आदि सैकडों कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## मार्ग दुर्घटना में छात्र की हुई मौत

**जन एक्सप्रेस/उन्नाव।** बदरका चौकी क्षेत्र गहरा गांव के पास कानपुर लखनऊ हाईवे पर गहरा निवासी हरिओम 15 वर्ष पुत्र राधेलाल साइकिल से स्कूल जा रहा था। इसी दौरान कानपुर की ओर से लखनऊ को जा रही स्विफ्ट डिजायर ने उसे टक्कर मार दी जिससे मौके पर छात्र की मौत हो गई। घटना स्थल से स्विफ्ट डिजायर चलाने वाला गायब हो गया, मृतक छात्र आटा बंथर के कछोहन पुरवा सरस्वती विद्या मंदिर कक्षा आठ में पढता था जैसे ही दुर्घटना की खबर परिवार वालों को हुई तो बड़ी बहन लक्ष्मी व हर्षित के साथ मां भी मौके पर पहुंची जिनका रो रो कर बुरा हाल था।

### गंगा के बढ़ते जलस्तर से बाढ़ की संभावना

# डीएम ने तटवर्ती गांवों का किया निरीक्षण

**जन एक्सप्रेस। बांगरमऊ, उन्नाव**



डीएम अपूर्वा दुबे ने सोमवार को गंगा तटवर्ती गांव जगत नगर, भुड्डा, खैरुद्दीनपुर, फरीदपुर कट्टर, उमरिया भगवंतपुर तथा कटरी गदनपुर आहार आदि गांव का दौरा किया। उन्होंने उमरिया भगवंतपुर से गंगा दोआबा में बसे कटरी गदनपुर आहार के मजरा नया पुरवा तक संपर्क मार्ग का भी निरीक्षण किया। संपर्क मार्ग पर कीचड़ देखकर उन्होंने ग्राम प्रधान जितेंद्र यादव से मार्ग को दुरुस्त करवाने का निर्देश दिया। उन्होंने एसडीएम को गंगा तटवर्ती गांवों में बाढ़ राहत केंद्र सक्रिय करने के भी निर्देश दिए। इसके बाद जिलाधिकारी फतेहपुर चौरासी ब्लाक के दबौली बाजार भी पहुंची जहां उन्होंने गंगा के बढ़ते जलस्तर को देखा। राजस्व विभाग को संभावित बाढ़ पीड़ितों को सुरक्षित स्थान पहुंचाने और समय समय पर उन्हें सतर्क करते रहने के निर्देश दिए। इस दौरान उनके साथ एडीएम नरेंद्र सिंह, एसडीएम नूपुर गोयल व तहसीलदार दिलीप कुमार सहित करीब एक दर्जन पंचायत और राजस्व कर्मी मौजूद रहे।

## विपक्षी एकता के जवाब में एनडीए का शक्ति-प्रदर्शन

# 38 दल आज की बैठक में होंगे शामिल

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



विपक्षी दलों की एकजुटता के लिए बेंगलुरु में चल रही बैठक के जवाब में भाजपा नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की आज अहम बैठक होगी। इससे पहले भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दावा किया कि हमारे 38 सहयोगियों ने कल होने वाली एनडीए बैठक में शामिल होने की पुष्टि की है। बता दें कि बेंगलुरु में सोमवार से शुरू हुई दो दिवसीय विपक्षी दलों की बैठक में 26 राजनीतिक दलों के इकट्ठा होने की खबर सामने आई है। ऐसे में एनडीए की बैठक को सत्ता पक्ष के शक्ति प्रदर्शन के तौर पर देखा जा रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले 9 वर्षों में हमने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मजबूत नेतृत्व देखा है, जिसकी कई लोगों ने सराहना की है। भ्रष्टाचार के प्रति जीरो टॉलरेंस भी बढ़ा है। पीएम ने कोविड-19 प्रबंधन में भी एक मिसाल कायम की है। पिछले 9 साल में एनडीए सरकार ने सुशासन का काम किया है और हम इस पर लगातार काम कर रहे हैं।

### यूपीए नेतृत्वहीन और नीतिहीन: नड्डा

सत्तारूढ़ गठबंधन की बैठक की पूर्व संध्या पर भाजपा प्रमुख ने कहा कि उन्होंने कहा कि एनडीए का गठबंधन भारत को मजबूत करने के लिए है, जबकि यूपीए नेतृत्वहीन और नीतिहीन है। यह फोटो खिंचवाने के अवसर के लिए अच्छा है। मोदी सरकार की योजनाओं, नीतियों के सकारात्मक प्रभाव के कारण एनडीए के घटक दल उत्साहित हैं।


### सरकार की उपलब्धियां गिनाईं

उन्होंने कहा कि डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफर के तहत 28 लाख करोड़ रुपये सीधे लाभार्थियों के खाते में ट्रांसफर किए गए हैं। हमने लगभग 4-5 लाख करोड़ रुपये की लीकेज को बंद कर दिया है। इसके अलावा शासन में डिजिटल उपकरणों का उपयोग बढ़ा है, जिससे पारदर्शिता आई है।

### उपेंद्र कुशवाहा को आमंत्रित किया गया

इस बीच खबर है कि 18 जुलाई को दिल्ली में होने वाली एनडीए की बैठक के लिए राष्ट्रीय लोक जनता दल के अध्यक्ष उपेंद्र कुशवाहा को आमंत्रित किया है।

## देश की अलग-अलग जगहों पर एक साथ नष्ट किए गए 1.40 लाख किलो ड्रग्स, 2381 करोड़ रूपये थी कीमत




**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के अलग-अलग हिस्सों में सोमवार को 1.40 लाख किलो ड्रग्स को एक समय पर जला दिया गया। इन नशीले पदार्थों की कीमत 2,381 करोड़ रुपये बताई गई है। केंद्रीय मंत्री अमित शाह ने ड्रग्स नष्ट करने के इस कार्यक्रम को दिल्ली से वर्चुअली देखा। जानकारी के मुताबिक, मादक पदार्थों को नष्ट करने का काम देश के कई शहरों में हुआ। इसे 'नशीली दवाओं की तस्करी और राष्ट्रीय सुरक्षा' पर आयोजित सम्मेलन के दौरान अमित शाह ने लाइव देखा। नष्ट की जाने वाले मादक पदार्थों में नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो (एनसीबी) की हैदराबाद इकाई की कार्रवाई में जब्त 6,590 किलोग्राम ड्रग्स शामिल है। इसके अलावा इंदौर इकाई की कार्रवाई में जब्त 822 किलोग्राम और जम्मू इकाई द्वारा जब्त की गई 356 किलोग्राम नशीली दवाएं भी नष्ट की जाएंगी।

### इन राज्यों में भी हुई कार्रवाई

| राज्य | मादक पदार्थ (किग्रा में) |
|---|---|
| असम | 1,486 |
| चंडीगढ़ | 229 |
| गोवा | 25 |
| गुजरात | 4,277 |
| हरियाणा | 2,458 |
| जम्मू-कश्मीर | 4,069 |
| मध्य प्रदेश | 1,03,884 |
| महाराष्ट्र | 159 |
| त्रिपुरा | 1,803 |
| उत्तर प्रदेश | 4,049 |

### लक्ष्य से 11 गुना से अधिक जब्ती की गई

मामले से जुड़े बयान में बताया गया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने नशा मुक्त भारत बनाने के लिए नशीले पदार्थों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई है। एक जून 2022 से 15 जुलाई 2023 तक एनसीबी की सभी क्षेत्रीय इकाइयों और राज्यों की एजेंसियों ने लगभग 9,580 करोड़ रुपये मूल्य की लगभग 8,76,554 किलोग्राम जब्त ड्रग्स को नष्ट किया है। यह तय किए गए लक्ष्य से 11 गुना से अधिक है।

### करीब 10 लाख किलोग्राम तक ड्रग्स नष्ट किया गया

सोमवार के बाद ही महज एक साल में नष्ट की गई ड्रग्स की कुल मात्रा करीब 10 लाख किलोग्राम तक पहुंच जाएगी। इनकी कुल कीमत करीब 12,000 करोड़ रुपये होगी। बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री मोदी के नशा मुक्त भारत के सपने को साकार करने के लिए नशा उन्मूलन का यह अभियान इसी उत्साह के साथ सक्रिय रूप से जारी रहेगा।

# वंदे भारत एक्सप्रेस के कोच में लगी आग

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। भोपाल**



रानी कमलापति से निजामुद्दीन जा रही वंदे भारत ट्रेन के सी-14 कोच में सोमवार सुबह आग लग गई। आग कोच के नीचे लगे बैटरी बॉक्स में लगी थी। बीना रेलवे स्टेशन से पहले ट्रेन को रोका गया। सभी पैसेंजर्स को सुरक्षित निकाला गया। फायर ब्रिगेड और रेलवे की टीम 58 मिनट में आग पर काबू पा सकी। इस कारण सवा तीन घंटे की देरी से ट्रेन रवाना हुई। 20171 वंदे भारत ट्रेन सोमवार सुबह 5.40 बजे रानी कमलापति से रवाना हुई। कल्हार रेलवे स्टेशन से गुजरते समय ट्रेन से धुआं उठता देखा गया। गार्ड के कहने पर लोको पायलट ने बीना रेलवे स्टेशन से पहले कुरवाई केथोरा में ट्रेन खड़ी कर दी। इस समय सुबह के 7.10 बज रहे थे। फायर ब्रिगेड को पहले ही सूचना दे दी गई थी। सी-14 कोच में 36 यात्री थे। टीम ने सुबह 7.58 बजे आग बुझा ली। इसके बाद कोच से बैटरी बॉक्स को अलग किया गया। सी-14 की इलेक्ट्रिक सप्लाई बंद कर दी गई। इसके पैसेंजर्स को सी-2 में शिफ्ट कर ट्रेन को सुबह 10.19 पर रवाना किया गया। इस बीच ट्रेन में ही पैसेंजर्स को फूड सप्लाई किया गया। कुरवाई केथोरा से रवाना होने के बाद ट्रेन को बीना रेलवे स्टेशन पर रोका गया है।

### दिल्ली में होगी ट्रेन की टेक्निकल जांच

डीआरएम भोपाल रेल मंडल सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया कि घटना की जांच पांच सदस्यीय कमेटी करेगी। इसमें सीनियर डिवीजनल सेफ्टी ऑफिसर, सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल मैकेनिकल इंजीनियर, सीनियर डिवीजनल ऑपरेशनल मैनेजर, सीनियर डीएससी (कमांडेट) को शामिल किया है। पूरी ट्रेन का टेक्निकल सेफ्टी ऑडिट दिल्ली में होगा।

### कोच में मची अफरा-तफरी

बता दें, जैसे ही सी-14 कोच के यात्रियों ने आग देखी, वैसे ही उन्होंने अफरा-तफरी मचा दी। किसी को कुछ समझ नहीं आया। कुछ देर बाद जब ट्रेन रुकी तो सारे यात्री ट्रेन से निकलकर बाहर आ गए। यात्रियों ने बताया कि उन्होंने नीचे उतरकर देखा तो कोच के बैटरी बॉक्स में आग लगी है। सारे यात्री नीचे उतरकर ट्रैक पर ही खड़े रहे। इस घटना को देखने दूसरे कोच से भी लोग मौके पर पहुंचे।

### 15-20 मिनट रोकनी पड़ी ट्रेन

ट्रेन में मौजूद स्टाफ ने आग बुझाने वाले यंत्रों के जरिए आग पर काबू पाया। इस दौरान रेल प्रबंधन को ट्रेन 15 से 20 मिनट तक कुरवाई कैथोरा स्टेशन पर रोकनी पड़ी। ट्रेन के प्राइमरी चेकअप के बाद उसे रवाना किया गया। हालांकि, इस बारे में अभी तक रेलवे विभाग की तरफ से कोई भी आधिकारिक जानकारी साझा नहीं की गई है।

### यात्रा कर रहे थे कई वीआईपी

वंदे भारत ट्रेन में कांग्रेस नेता अजय सिंह, आईएएस अविनाश लवानिया सहित कई अन्य ब्यूरोक्रेट्स और नेता सफर कर रहे थे। घटना के बाद पूरी ट्रेन को खाली करा लिया गया। डीआरएम भोपाल सौरभ बंदोपाध्याय ने बताया, 'धुआं उठता देख गार्ड ने ट्रेन रुकवाई। सीपीआरओ राहुल श्रीवास्तव ने बताया, ट्रेन लेट होने पर पैसेंजर्स के लिए एक्स्ट्रा फूड के लिए इंतजाम किया गया।

## बिलकिस केस में 7 अगस्त को आखिरी सुनवाई होगी

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

बिलकिस बानो गैंगरेप केस में 11 दोषियों की रिहाई के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को सुनवाई हुई। कोर्ट ने कहा कि मामले में आज निर्देश दिए जाने थे। जवाब में बिलकिस बानो की वकील शोभा गुप्ता ने कहा कि याचिका में सभी दलीलें पूरी हो गई हैं। कोर्ट में पेश हुईं सीनियर एडवोकेट वृंदा ग्रोवर ने कहा कि गुजरात सरकार ने 11 दोषियों को क्षमा करने वाला मूल आदेश अब दिया है। हम उसमें जवाब देना चाहते हैं क्योंकि उसमें कुछ नए फैक्ट्स हैं। वृंदा और सीनियर एडवोकेट इंदिरा जयसिंह इस मामले में एक जनहित याचिकाकर्ता की ओर से पेश हो रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम अंतिम सुनवाई के लिए 7 अगस्त की तारीख तय कर रहे हैं। तब तक सभी पक्ष अपने जवाब, लिखित दलीलें कोर्ट में सबमिट करें। सभी पक्ष ऐसा करने के लिए स्वतंत्र हैं। मामले की सुनवाई जस्टिस बीवी नागरत्ना और जस्टिस उज्ज्वल भुइयां की बेंच कर रही है।

# दिल्ली के एलजी और सीएम बात करें

**सुप्रीम कोर्ट बोला, आप संवैधानिक पदों पर हैं, लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठिए, अध्यादेश पर 20 जुलाई को सुनवाई**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अरविंद केजरीवाल सरकार की दो याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। पहली याचिका दिल्ली इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन के अध्यक्ष पद पर नियुक्ति को लेकर थी। दूसरा मामला दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ था। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच ने कहा, दिल्ली सरकार और उप-राज्यपाल वीके सक्सेना मिलकर डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय करें। कोर्ट ने कहा, एलजी और मुख्यमंत्री दोनों ही संवैधानिक पदों पर हैं। इन लोगों को लड़ाई-झगड़े से ऊपर उठना चाहिए। दोनों साथ बैठें और डीईआरसी के चेयरमैन का नाम तय कर हमें बताएं। इसके अलावा कोर्ट ने दिल्ली में अफसरों के ट्रांसफर-पोस्टिंग को लेकर केंद्र सरकार के अध्यादेश के खिलाफ सुनवाई की। सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा, हम यह मामला पांच जजों के संविधान पीठ को भेजना चाहते हैं। फिर संविधान पीठ तय करेगा कि क्या केंद्र इस तरह संशोधन कर सकता है या नहीं? इस पर केंद्र ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा दायर करते हुए कहा कि संविधान का आर्टिकल 246(4) संसद को भारत के किसी भी हिस्से के लिए और किसी भी मामले के संबंध में कानून बनाने का अधिकार देता है जो किसी राज्य में शामिल नहीं है। केंद्र ने कहा कि संसद सक्षम है और उसके पास उन विषयों पर भी कानून बनाने की शक्तियां हैं, जिनके लिए दिल्ली की विधानसभा कानून बनाने के लिए सक्षम होगी। हालांकि, इस मामले में अभी तक फैसला नहीं हुआ है। मामले की अगली सुनवाई गुरुवार यानी 20 जुलाई को होगी। कोर्ट तब तय करेगा कि अध्यादेश का मामला संविधान पीठ को भेजा जाए या नहीं।




# 3 जासूसों को उम्रकैद, इंडियन आर्मी कैंपों की रैकी करते थे

**कोर्ट ने कहा, तीनों भारत में रहते, लेकिन प्रेम पाकिस्तान से करते**

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**



अहमदाबाद की सेशन कोर्ट ने पाकिस्तान के लिए जासूसी करने वाले तीन दोषियों को उम्रकैद की सजा सुनाई है। अहमदाबाद क्राइम ब्रांच ने सिराजुद्दीन अली फकीर, मोहम्मद अयूब और नौशाद अली को 2012 में अरेस्ट किया था। तब सिराजुद्दीन की उम्र 24, जबकि अयूब और नौशाद की 23-23 साल की थी। तीनों पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी तक इंडियन आर्मी की सीक्रेट इन्फॉर्मेशन पहुंचाते थे। तीनों आरोपियों में से दो आरोपी अहमदाबाद के जमालपुर और नौशाद अली राजस्थान के जोधपुर का रहने वाला है।

### कोर्ट ने फांसी की मांग खारिज की

एडिशन सेशन जज अंबालाल पटेल की अदालत ने मौत की सजा के लिए सरकारी वकील की अपील को खारिज कर दिया और कहा कि तीनों का अपराध रेयरेस्ट ऑफ रेयर कैटेगिरी में नहीं आता है। अदालत ने कहा कि तीनों भारत में रहते थे, लेकिन उनका प्रेम और देशभक्ति पाकिस्तान के लिए थी।

### 14 साल कठोर कारावास भी

अदालत ने तीनों को आईपीसी की धारा 121, 121 (A) और 120 (B) और आईटी अधिनियम की धारा 66 (F) के तहत आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही आधिकारिक गोपनीयता अधिनियम की धारा 3 के तहत 14 साल का कठोर कारावास और आईपीसी की धारा 123 के तहत 10 साल जेल की सजा सुनाई है। सभी सजाएं एकसाथ चलेंगी।

### कराची में मिले थे आईएसआई एजेंट से

सरकारी वकील भरत पाटनी ने बताया कि इस मामले में कोर्ट ने कुल 75 गवाहों से पूछताछ की। क्राइम ब्रांच की जांच के मुताबिक, अहमदाबाद के जमालपुर का रहने वाला आरोपी सिराजुद्दीन 2007 में पाकिस्तान के कराची गया था, जहां उसकी मुलाकात तैमूर नाम के आईएसआई एजेंट से हुई थी। इसके बाद उसने मोहम्मद अयूब को अपने साथ मिला लिया था। वहीं, राजस्थान का नौशाद अली 2009 में पाकिस्तान पहुंचा था, जहां उसकी आईएसआई एजेंट ताहिर से मुलाकात हुई थी।

### ई-मेल के ड्राफ्ट में सेव कर देते थे मैसेज

क्राइम ब्रांच ने अपनी चार्जशीट में बताया कि पाकिस्तान तक अपने मैसेज भेजने के लिए तीनों को दो फेक आईडी और इनके पासवर्ड दिए गए थे। आरोपी इन मेल में अपने मैसेज ड्राफ्ट में सेव कर देते थे। वहीं, दूसरी और पाक खुफिया एजेंसी के एजेंट मेल ओपन कर ड्राफ्ट मैसेज निकाल लेते थे।

### सऊदी से आते थे पैसे

क्राइम ब्रांच की जांच में खुलासा हुआ था कि आरोपी सिराजुद्दीन फकीर, मोहम्मद अयूब, नौशाद अली भारतीय आर्मी से जुड़ी कई अहम जानकारियों के अलावा, सीमा पर भारतीय चौकियों के नक्शे भी भेजा करते थे। आरोपी राजस्थान के जोधपुर, अहमदाबाद, गांधीनगर और कच्छ में मिलिट्री कैंप की रैकी कर आर्मी के मूवमेंट, नक्शे समेत जानकारियां जुटाया करते थे। जासूसी के एवज में इन्हें सऊदी के एक एजेंट के जरिए पैसे पहुंचाए जाते थे।

## क्रिमिया में ब्रिज पर अटैक, 2 लोगों की मौत

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली**

रूस के कब्जे वाले क्रिमिया में एक ब्रिज पर रविवार देर रात अटैक हुआ। इसमें 2 लोगों की मौत हो गई।रूस ने इस हमले का आरोप यूक्रेन पर लगाया है। रॉयटर्स की रिपोर्ट के मुताबिक हमले में जान गंवाने वाला एक दंपत्ति है। इनकी बच्ची भी घायल हुई है। अटैक के कई वीडियोज वायरल हो रहे हैं। इनमें टूटा हुआ ब्रिज दिखाई दे रहा है। हमले के तुरंत बाद लोकल प्रशासन ने ब्रिज पर ट्रैफिक को रोक दिया। ये हमला रूस-यूक्रेन के बीच हुई ग्रेन डील खत्म होने के एक दिन पहले हुआ है। दरअसल, जंग के चलते पिछले साल ब्लैक सी में सामान की डिलीवरी को लेकर दोनों देशों के बीच सेफ रूट देने की एक डील कराई गई थी। कल इस डील कल के खत्म होने की आखिरी तारीख है। इससे दोनों के बीच तनाव और बढ़ गया है। रूस ने क्रिमिया में हुए हमले का आरोप न सिर्फ यूक्रेन बल्कि अमेरिका और ब्रिटेन पर भी लगाया है। रूस ने कहा है कि इस आतंकी हमले का इंचार्ज कोई और नहीं बल्कि ब्रिटेन और अमेरिका हैं। बीबीसी की रिपोर्ट के मुताबिक जिस क्रेच ब्रिज पर हमला हुआ है वो रूस के लिए काफी अहम है। अगर कुछ घंटे के लिए भी इस पर आवाजाही बंद करनी पड़ी तो इससे रूस को जंग में नुकसान पहुंचता है। इसकी वजह ये है कि रूसी सेना के लिए जंग में इस्तेमाल होने वाला जरूरी सामान इस रास्ते से पहुंचाया जाता है। वहीं, रूस ने घोषणा की है कि वो अब यूक्रेन के साथ हुआ ब्लैक सी ग्रेन डील का हिस्सा नहीं रहेगा। डिमिट्री पेस्कोव ने कहा है कि डील से बाहर होने का ब्रिज पर हुए हमले से कोई संबंध नहीं है।

### जयशंकर, डेरेक ब्रायन समेत 11 लोग राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुने जाएंगे, कोई विरोधी उम्मीदवार नहीं

**जन एक्सप्रेस/एजेंसी। नई दिल्ली।** राज्यसभा के लिए 24 जुलाई को तय कार्यक्रम के मुताबिक मतदान नहीं होगा, क्योंकि इन सीटों पर किसी भी पार्टी ने विरोधी उम्मीदवार नहीं उतारा है। बता दें कि राज्यसभा के लिए पश्चिम बंगाल की छह, गुजरात की तीन और गोवा की एक सीट पर 24 जुलाई को मतदान होना तय किया गया था। विदेश मंत्री एस जयशंकर और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता डेरेक ओ ब्रायन उन 11 नेताओं में शामिल हैं जिनका राज्यसभा के लिए निर्विरोध चुना जाना तय है। सत्तारूढ़ भाजपा को एक सीट का फायदा होने जा रहा है, जिसके बाद राज्यसभा में उसके सदस्यों की संख्या 93 हो जाएगी, लेकिन सरकार के पास बहुमत नहीं है। चुनाव लड़ने के लिए नामांकन वापस लेने की 17 जुलाई आखिरी तारीख थी। तृणमूल कांग्रेस के छह और भाजपा के पांच उम्मीदवार निर्विरोध चुने जाएंगे। पश्चिम बंगाल में एक राज्यसभा सीट पर हुए उपचुनाव में भी तृणमूल ने जीत हासिल की है। एस जयशंकर गुजरात से उच्च सदन में दूसरे कार्यकाल के लिए जीत दर्ज करेंगे। इनके अलावा बाबूभाई देसाई और केसरीदेव सिंह झाला गुजरात से, अनंत महाराज पश्चिम बंगाल से और सदानंद शेट तनावडे गोवा से चुने जाने वाले भाजपा उम्मीदवार हैं।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशकः अरुण कुमार त्रिपाठी द्वारा ए0वी0बी0 रेप्रोग्राफिक्स, ए-59, इंडस्ट्रियल एस्टेट, ताल कटोरा, लखनऊ से मुद्रित तथा अय्यूब कॉम्प्लेक्स, 82/68, गुरु गोविन्द सिंह मार्ग, लखनऊ पिन-226004, उ0प्र0 से प्रकाशित। संपादकः अरुण कुमार त्रिपाठी, (नेशनल हेडः कमलेश फाइटर) आर.एन.आई. पंजीयन संख्या : UPHIN/2009/30003, फोन नं.: 0522-4330955 मोबाइल नं. 8933805555, (नोटः सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ स्थित न्यायालय होगा।)